सूर्योदय : 5:47
सूर्यास्त : 6:27
अधिकतम तापमान : 35.4
न्यूनतम : 21.6

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-289 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 11 अप्रैल 2026
22 शव्वाल 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com




# बंगाल में अमित शाह ने भरी हुंकार

■ कहा- भाजपा की सरकार बनना तय



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के देबरा में भाजपा की चुनावी रैली को संबोधित करते समय केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने स्थानीय लोगों के साथ-साथ भाजपा कार्यकर्ताओं में भी जोश भरा। उन्होंने कहा, 'हम सब बंगाल में चुनाव के लिए इकट्ठा हुए हैं। आप लोगों को 23 अप्रैल को मतदान करना है और आप लोगों को कमल के निशान का बटन दबाना है।' पश्चिम मेदिनीपुर में आयोजित इस जनसभा में अमित शाह ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के कार्यकाल को भी घेरा। शाह ने कहा, '15 साल तक मां, माटी और मानुष का नारा लेकर ममता बनर्जी ने यहां राज किया।'

शाह ने सीएम ममता को आड़े हाथ लिया और कहा, 'उन्होंने हमारे युवाओं को बेरोजगार किया, लाठियां भांजी, बहनों पर अत्याचार किया, किसानों को परेशान किया और अब वो अपनी कटमनी और सिंडिकेट से पूरे बंगाल को परेशान कर रही हैं। अब आपको इस कटमनी और सिंडिकेट से मुक्ति पानी है, घुसपैठिया मुक्त बंगाल बनाना है। भाजपा चाहती है कि बंगाल को घुसपैठियों से मुक्त कर दें, लेकिन ममता बनर्जी इन्हें संभालकर रखना चाहती हैं। ममता दीदी, जितना जोर लगाना है, लगा दो, हम एक एक घुसपैठिये को चुन-चुनकर बंगाल से बाहर निकालेंगे।'

शाह ने आरोप लगाया कि राज्य में घुसपैठिये युवाओं की नौकरियां छीन रहे हैं और गरीबों का हक खा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी की सरकार इन घुसपैठियों को संरक्षण दे रही है। शाह ने कहा कि बंगाल में हर जगह सिंडिकेट का कब्जा है। चाहे सीमेंट खरीदना हो या बालू, हर जगह लोगों को परेशान किया जाता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि कमल के फूल का बटन दबाकर इस सिंडिकेट राज को खत्म करें। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि भाजपा सरकार बनने के बाद गुंडागर्दी करने वालों को जेल भेजा जाएगा।शाह ने युवाओं की बेरोजगारी को बड़ा मुद्दा बताते हुए वादा किया कि भाजपा सरकार बनने पर हर बेरोजगार को हर महीने 3 हजार रुपये दिए जाएंगे।

### घुसपैठ का मुद्दा बना भाजपा का सबसे बड़ा हथियार

अमित शाह ने अपने भाषण में बार-बार घुसपैठ का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि घुसपैठिये न सिर्फ रोजगार छीन रहे हैं बल्कि राज्य में गुंडागर्दी भी फैला रहे हैं। शाह ने ममता सरकार पर आरोप लगाया कि वह जानबूझकर इस समस्या को खत्म नहीं करना चाहती। उन्होंने दावा किया कि भाजपा सरकार बनने पर इस समस्या का स्थायी समाधान किया जाएगा।

### टीएमसी-बीजेपी के बीच जुबानी जंग तेज

**कोलकाता।** बंगाल में विधानसभा चुनाव की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, सियासी दलों के नेताओं के बीच जुबानी जंग तेज होती जा रही है। मुख्यमंत्री व टीएमसी नेता ममता बनर्जी ने शुक्रवार को भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सांप पर भरोसा किया जा सकता है, पर भाजपा पर नहीं। ममता ने पड़ोसी राज्य असम में हुए चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा वहां के निवासियों के वोट के दम पर अपनी जीत को लेकर आश्वस्त नहीं थी इसलिए वह वहां के चुनाव के लिए बाहर से लोगों को लेकर आई।

# स्वस्थ समाज ही सशक्त भारत की नींव : सीएम

■ कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया के कार्यक्रम में शामिल हुए योगी



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्वस्थ नागरिक से स्वस्थ समाज का निर्माण होता है। स्वस्थ समाज ही सशक्त भारत की नींव रखता है। सशक्त भारत के निर्माण और विकसित भारत की परिकल्पना को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ा है। उन्होंने हम सभी को टाइम लाइन दी है कि देश जब अपनी आजादी के 100 वर्ष पूर्ण कर रहा होगा, तब हमें विकसित व सशक्त भारत चाहिए। विकसित भारत की संकल्पना में प्रत्येक नागरिक और चिकित्सक महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर सकता है।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को यहां अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय में कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इण्डिया द्वारा आयोजित सीएसआई- एनआईसी-2026 के उद्घाटन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी उत्तर प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा की बेहतरीन यूनिवर्सिटी है। इसमें प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों को सम्बद्ध किया गया है। इस विश्वविद्यालय का एक्ट मैंने पारित कराया तथा इसके निर्माण के कार्यक्रम भी मेरे द्वारा तैयार किये गये, लेकिन विश्वविद्यालय में मैं पहली बार आया हूं। इस विश्वविद्यालय का मैंने वर्चुअल उद्घाटन किया था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने पारम्परिक चिकित्सा को आगे बढ़ाने के साथ ही, 21 जून की तिथि को अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मान्यता दिलायी। पूरी दुनिया इस अभियान से जुड़ रही है। प्रत्येक व्यक्ति स्मार्ट फोन पर प्रतिदिन 4 से 6 घण्टे व्यतीत कर रहा है। यही बीमारियों की जड़ है। तेजी से डायबिटीज का विस्तार होना हम सभी के लिये चुनौतीपूर्ण है। जागरूकता ही इन बीमारियों से बचाव का माध्यम है। सरकार अपने स्तर पर कैम्पेन चलाती रहती है, लेकिन डॉक्टरां के माध्यम से लोगों को जागरूक करना अत्यन्त प्रभावी हो सकता है, क्यांकि लोग डॉक्टरों की बातों को गम्भीरता से लेते हैं। आपके माध्यम से समय-समय पर इन्टरव्यू आयोजित किये जाएं। हैण्डबिल प्रकाशित किये जायें।

### आप लोगों से संवाद करने का अवसर मिला

सीएम ने कहा, यह अत्यन्त हर्ष का विषय है कि इस कॉन्फ्रेंस के लिये राजधानी लखनऊ में स्थित इस विश्वविद्यालय का चयन किया गया है। इस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मुझे आप सभी से संवाद करने तथा इस भव्य सभागार को देखने का अवसर प्राप्त हुआ है। यह सभागार श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के विराट व्यक्तित्व के अनुरूप बना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि समय के साथ दिनचर्या व लाइफस्टाइल बदलने के परिणाम तथा चुनौतियां हम सभी के सामने हैं। चुनौतियों के दो पक्ष दिखायी देते हैं, जिनमें एक पक्ष बचाव और दूसरा पक्ष उपचार है। आप सभी चिकित्सा क्षेत्र से हैं। इसलिये आपको दूसरा पक्ष पसन्द होगा। यदि इन दोनों पक्षों पर विचार कर आगे बढ़ेंगे, तो अच्छे परिणाम अवश्य प्राप्त होंगे। वह परिणाम इस फील्ड के लिए उपयोगी साबित होंगे। आपको अपनी रिसर्च व इनोवेशन आगे बढ़ाने के लिये इस फील्ड में रुचि है। आप अपने प्रोफेशन में तभी आगे बढ़ पाएंगे, जब इस क्षेत्र में कुछ नयापन करके दिखाएंगे।

# उत्तर प्रदेश में अंतिम मतदाता सूची जारी

**कुल वोटर 13.39 करोड़**

■ एसआईआर के बाद 2 करोड़ मतदाताओं के नाम कटे





**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 166 दिन तक चली विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के बाद (एसआईआर) प्रदेश की अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी गई है। इस सूची के अनुसार प्रदेश में 13 करोड़ 39 लाख 84 हजार 792 मतदाता हैं। प्रदेश के कुल मतदाताओं में 54.54 प्रतिशत पुरुष, जबकि 45.46 प्रतिशत महिला मतदाता हैं। इसके पहले, प्रदेश में 27 अक्तूबर 2025 को फ्रीज मतदाता सूची में 15.44 करोड़ मतदाता थे। एसआईआर के बाद प्रदेश में 13 करोड़ 39 लाख मतदाता रह गए हैं। एसआईआर की प्रक्रिया में प्रदेश में दो करोड़ (2.05) करोड़ मतदाता घट गए हैं। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता में अंतिम मतदाता सूची की जानकारी दी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी के अनुसार 6 जनवरी को जारी की गई मसौदा मतदाता सूची के सापेक्ष अंतिम मतदाता सूची में कुल 84 लाख 28 हजार 767 मतदाताओं की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के नाम छूट गए हैं वो मतदाता फॉर्म 6 भरकर सूची में शामिल हो सकते हैं। अंतिम मतदाता सूची के अनुसार, प्रदेश में पुरुष मतदाताओं की संख्या 7 करोड़, 30 लाख, 71 हजार 61 है। जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 6 करोड़, नौ लाख, नौ हजार 525 है। वहीं, तृतीय लिंग के मतदाताओं की संख्या 4 हजार 206 है।

### पांच जिलों में मतदाताओं की सर्वाधिक वृद्धि हुई

अंतिम मतदाता सूची के अनुसार, प्रयागराज में मतदाताओं की संख्या में सर्वाधिक वृद्धि हुई है। यहां पर 3 लाख 29 हजार 421 मतदाता बढ़े। वहीं, लखनऊ में 2 लाख, 85 हजार 961 मतदाता, बरेली में 2 लाख 57 हजार 920 मतदाता, गाजियाबाद में 2 लाख 43 हजार 666 मतदाता और जौनपुर में 2 लाख 37 हजार 590 मतदाताओं की वृद्धि हुई है।


### नीतीश ने ली राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ

**नई दिल्ली।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को राज्यसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली तथा इसी के साथ राज्य में नये मुख्यमंत्री की नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया। राज्यसभा के सभापति सी. पी. राधाकृष्णन ने अपने कक्ष में एक संक्षिप्त समारोह के दौरान उन्हें शपथ दिलाई। नीतीश ने हिंदी में शपथ ली। इस दौरान केंद्रीय मंत्री एवं सदन के नेता जे. पी. नड्डा, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह, कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर मौजूद थे।

# श्रद्धालुओं से भरी नाव पलटी, 10 लोगों की मौत

**मथुरा में बड़ा हादसा**

■ गोताखोर तलाश में जुटे, 15 लोगों को बचाया गया



**मथुरा।** मथुरा जिले में शुक्रवारको श्रद्धालुओं से भरी नाव पलट गई है, यह हादसा पांटून ब्रिज से नाव के टकराने के बाद हुआ है। इस हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई है। हालांकि रेस्क्यू कर 15 से अधिक लोगों को बचा लिया गया है।

दरअसल, पंजाब के मुक्तसर से आया श्रद्धालुओं का एक जत्था यमुना को देखने के लिए पहुंचा था, इस दौरान श्रद्धालुओं ने नाव की सवारी की। बताया जा रहा है कि सवारी के दौरान नाव पांटून ब्रिज से टकरा गई और संतुलन बिगड़ गया। जिसके बाद नाव असंतुलित होकर पलट गई। सभी श्रद्धालु नदी में डूब गए हैं। मथुरा के एसपी ग्रामीण सुरेश चंद रावत ने बताया कि राहत एवं बचाव कार्य जारी है।

**सीएम योगी ने जताया दुख :** हादसे के बाद मुख्यमंत्री योगी ने दुख जताते हुए एक्स पर लिखा, मथुरा में नाव पलटने से हुई दुर्घटना में जनहानि दुःखद एवं हृदय विदारक है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंचकर बचाव व राहत कार्य संचालित करने और घायलों का समुचित उपचार कराने के निर्देश दिए गए हैं।

# मां और बेटी पर फेंका तेजाब, बेटी की मौत

**कुशीनगर में एसिड अटैक**

■ मां की हालत नाजुक छत के रास्ते घुसे हमलावरों ने घटना को दिया अंजाम



**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** रामकोला थाना क्षेत्र के मोरवन इमलिहा गांव में गुरुवार रात एक सनसनीखेज वारदात सामने आई, जहां घर में घुसकर सो रही मां-बेटी पर तेजाब फेंक दिया गया। इस हमले में 25 वर्षीय युवती काजल यादव की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि उसकी मां लीलावती गंभीर रूप से झुलस गई, उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।

बताया जा रहा है कि हमलावर छत के रास्ते घर में घुसे और कमरे में सो रही मां-बेटी पर तेजाब फेंक दिया। इसके बाद कमरे का दरवाजा बाहर से बंद कर फरार हो गए। मां-बेटी की चीख-पुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और दरवाजा खोलकर दोनों को बाहर निकाला। परिजनों ने तत्काल एंबुलेंस से दोनों को स्थानीय सीएचसी पहुंचाया, जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। इलाज के दौरान काजल यादव की मौत हो गई, जबकि लीलावती का इलाज जारी है। मृतका काजल हाल ही में ग्रेजुएशन पूरी की थी और घर पर ही रहती थी। परिवार में पिता प्रभुनाथ, मां लीलावती, एक भाई और अन्य सदस्य रहते हैं। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने बताया कि मृतका के भाई अभिषेक की तहरीर पर अभिमन्यु यादव और छोटू कुशवाहा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# जरूरत के समय साथ नहीं दिया

■ व्हाइट हाउस में नाटो प्रमुख संग बैठक के बाद ट्रंप ने बोला हमला



**वॉशिंगटन।** अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नाटो महासचिव मार्क रुट के साथ बंद कमरे में हुई बैठक के बाद एक फिर संगठन पर निशाना साधा। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में निजी बैठक के बाद ईरान युद्ध में अमरीका का समर्थन न करने के लिए नाटो की फिर से आलोचना की। वहीं ग्रीनलैंड को लेकर अपनी पुरानी महत्त्वाकांक्षा को भी फिर हवा दे दी। बैठक के बाद ट्रुथ सोशल पर साझा की गई एक पोस्ट में ट्रंप ने कहा कि जब हमें नाटो की जरूरत थी, तब वे मौजूद नहीं थे और अगर हमें उनकी फिर से जरूरत पड़ी तो वे मौजूद नहीं होंगे।

इस बीच, स्पष्ट मतभेदों के बावजूद श्री रुट ने ट्रंप के साथ अपनी मुलाकात को बहुत स्पष्ट और बहुत खुला करार दिया। बैठक से पहले ट्रंप ने संकेत दिया था कि ईरान युद्ध के दौरान सहयोग नहीं मिलने पर अमरीका नाटो से अलग होने पर विचार कर सकता है। बैठक के बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर बड़े (कैपिटल) अक्षरों में लिखा कि नाटो हमारे साथ नहीं था, जब हमें उसकी जरूरत थी और आगे जरूरत पड़ने पर भी नहीं होगा।


### टैंकरों से टोल लेना बंद करे ईरान : ट्रंप

**नई दिल्ली।** अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान से कहा है कि वह होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले टैंकरों से शुल्क लेना बंद कर दे। राष्ट्रपति ट्रंप ने शुक्रवार सोशल मीडिया पर कहा कि ऐसी खबरें हैं कि ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले टैंकरों से शुल्क ले रहा है - उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह हमारे समझौते के अनुरूप नहीं है। वॉल स्ट्रीट जर्नल पर जमकर हमला बोलते हुए श्री ट्रंप ने इसे दुनिया के सबसे खराब और सबसे गलत संपादकीय बोर्डों में से एक बताया।


नवनिर्माण के 9 वर्ष

वंचितों को उपहार
संवेदनशील सरकार





नदियों द्वारा भूमि क्षरण से प्रभावित पूर्वी उत्तर प्रदेश के 2,350 परिवारों एवं स्थानीय थारू जनजाति के 4,356 परिवारों को भौमिक अधिकार पट्टों का आवंटन
एवं
₹817 करोड़+ से पलिया, श्रीनगर, निघासन और गोला विधान सभा क्षेत्र की 314 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास
दिनांक : 11 अप्रैल, 2026 | समय : पूर्वाह्न 11:00 बजे
स्थान : चंदन चौकी (पलिया), लखीमपुर खीरी

बांग्लादेश से विस्थापित 331 हिन्दू परिवारों को लखीमपुर खीरी में संक्रमणीय/ असंक्रमणीय भूमिधरी अधिकार पत्र का वितरण
एवं
₹417 करोड़ से लखीमपुर, धौरहरा और मोहम्मदी विधान सभा क्षेत्र की 213 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास
दिनांक : 11 अप्रैल, 2026 | समय : अपराह्न 1:00 बजे
स्थान : ग्राम मियांपुर (मोहम्मदी), लखीमपुर खीरी





द्वारा
योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

गरिमामयी उपस्थिति

नितिन अग्रवाल — राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आबकारी एवं मद्य निषेध, उत्तर प्रदेश
अरुण कुमार सक्सेना — राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), वन एवं पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन, उत्तर प्रदेश
योगेश वर्मा — विधायक, लखीमपुर | अमन गिरि — विधायक, गोला गोकरननाथ | लोकेन्द्र प्रताप सिंह — विधायक, मोहम्मदी | मंजू त्यागी — विधायक, श्रीनगर | हरविंदर कुमार साहनी 'रोमी साहनी' — विधायक, पलिया
शशांक वर्मा — विधायक, निघासन | विनोद शंकर अवस्थी — विधायक, धौरहरा | सौरभ सिंह 'सोनू' — विधायक, कस्ता | अनूप कुमार गुप्ता — सदस्य, विधान परिषद

एवं अन्य गणमान्य महानुभाव

मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के लाभार्थियों को आवास की चाबी का वितरण

वंचितों को वरीयता
जीरो पॉवर्टी कार्यक्रम के अंतर्गत 13.57 लाख निर्धन परिवार चिह्नित, 17 योजनाओं का लाभ पहुंचाकर निर्धन परिवारों की सतत आय को ₹1.25 लाख तक पहुंचाने का लक्ष्य
2,209 मछुआ परिवारों को सुरक्षित आवासों का आवंटन
सफाईकर्मियों को निःशुल्क आवास उपलब्ध कराने की प्रक्रिया गतिमान
प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना एवं माफिया से मुक्त कराई भूमि पर निर्मित 62 लाख से अधिक आवासों का आवंटन

विकास की गति अपार-डबल इंजन सरकार

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश | लाइव प्रसारण DD NEWS & Youtube.com/DDNEWS | UPGovtOfficial | CMOUttarpradesh | CMOfficeUP

# कांग्रेसियों ने असम के सीएम की टिप्पणी पर पुतला फूंकने का किया प्रयास



**पुलिस ने छीना पुतला, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन कर की नारेबाजी**

**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा के विरुद्ध असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्वकर्मा द्वारा की गई टिप्पणी की जिले के कांग्रेसियों ने निंदा करते हुए इस टिप्पणी को लोकतांत्रिक मूल्यों और राजनीतिज्ञ संस्कृति और मर्यादा को तार तार करने वाला कृत्य बताया। असम के मुख्यमंत्री की इस टिप्पणी के विरोध में शुक्रवार को कांग्रेसियों ने असम के मुख्यमंत्री का पुतला फूंकने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने पुतला छीन लिया, इससे नाराज कांग्रेस कार्यकर्ताओं धरना प्रदर्शन कर नारेबाजी की।

धरने को संबोधित करते हुए कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार धुरिया ने कहा कि असम के मुख्यमंत्री की कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के लिए की गई अभद्र टिप्पणी की जिले के कांग्रेसी निंदा करते हैं। इस टिप्पणी से नाराज कांग्रेसियों ने एकजुट होकर विरोध किए जाने का निर्णय लिया और भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शहर के बजरिया में एकत्र हुए, जहां से असम के मुख्यमंत्री का पुतला लेकर फूंकने के लिए निकल पड़े, लेकिन पुलिस की तानाशाही के चलते पुतला नहीं फूंक सके, जिससे कांग्रेसियों में खासा आक्रोश दिखाई दिया।

कांग्रेस कमेटी के जिला महासिचव खेतचंद्र अहिरवार ने कहा कि पुलिस सत्ता पक्ष के इशारे पर कार्य कर रही है, जिसके चलते उन्हें शांतिपूर्ण तरीके से धरना प्रदर्शन कर विरोध भी नहीं जताने दिया जा रहा है। इस मौके पर महिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष मामा भारती, वरिष्ठ कांग्रेसी मुरलीधर सोनी, जिला उपाध्यक्ष अखिलेश नामदेव, अरविंद द्विवेदी, हरगोविंद कुशवाहा, महेश अग्रवाल, रामबाबू यादव सहित तमाम कांग्रेसी मौजूद रहे।

# उधार मछली न देने पर दबंगों ने ससुर-बहू को पीटा, जिला अस्पताल में भर्ती

**महोबा।** थाना महोबकंठ क्षेत्र के भुजपुरा गांव में दबंगों ने ससुर और बहू को उधार मछली न दिए को लेकर लाठी डंडो से मारपीट कर बुरी तरह घायल कर दिया। शोर शराबा सुन गांव के लोगों ने मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ितों का आरोप है कि पुलिस से शिकायत करने के बावजूद अब तक दबंगो पर कोई कार्रवाई नहीं की गई, जिसस उनका परिवार डरे और सहमे हुए हैं। भुजपुरा गांव की निवासी नंदराम रैकवार ने बताया कि वह गांव के तालाब में मछली पालन का काम करता है। कुछ दिन पूर्व तालाब में गांव के कुछ दबंगों पहुंचे और उधार मछली देने की बात कहने लगे, उधार मछली न दिए जाने से दबंग रंजिश मान बैठे। पीड़ित ने बताया कि जब वह बीती देर शाम घर के दरवाजे पर बच्चों के साथ बैठा हुआ था, तभी बिजली जाते ही गांव के दबंगों ने उन पर अचानक लाठी डंडों से हमला कर दिया, जिससे उनके दोनों हाथ और पैर टूट गए। बताया कि मारपीट देख बीच बचाव करने आई बहू पार्वती को भी दबंगों ने नहीं बख्शा और इसके बाद जब वह बेहोश होकर गिरने लगा तो हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।



चीख पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे तब तक दबंग जा चुके, इसके बाद घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां नंदराम की हालत नाजुक बनी हुई है। नंदराम की पत्नी रामबाई ने थाने में तहरीर देकर बताया कि हमलावर हाथों में कुल्हाड़ी और लाठियां लेकर घर में घुसे थे। उन्होंने मारपीट के साथ-साथ जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए गालियां भी दीं। पीड़ित परिवार का आरोप है कि घटना के बाद थाने में शिकायत दी गई, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। पीड़ित ने प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है।

# ऑल इंडिया मंसूरी समाज की एक बैठक जिलाध्यक्ष राका मंसूरी की अध्यक्षता में हुई संपन्न

**मंसूरी समाज के तत्वावधान में आयोजित होने वाले शादी समारोह की रणनीति पर सर्वसम्मति के साथ जून माह में करने का लिया निर्णय**



**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** कोतवाली क्षेत्र के सुगिरा में शुक्रवार को ऑल इंडिया मंसूरी समाज की एक बैठक जिलाध्यक्ष राका मंसूरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में इस साल मंसूरी समाज के तत्वावधान में आयोजित होने वाले शादी समारोह की रणनीति पर विचार करते हुए सर्वसम्मति के साथ जून माह में करने का निर्णय लिया गया। बैठक में समाज को राजनैतिक तरीके के साथ मजबूत किए जाने पर जोर दिया गया।

ऑल इंडिया मंसूरी समाज की बैठक ग्राम सुगिरा में शिक्षक सलीम मंसूरी के आवास संपन्न हुई। बैठक में प्रति वर्ष की भांति इस साल भी मंसूरी समाज द्वारा आयोजित शादी सम्मेलन के बारे में विचार विमर्श किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि चरखारी तहसील के खरेला नगर में आगामी माह जून की 7 से 10 तारीख के बीच शादी सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। बैठक में शादी सम्मेलन की तैयारियों को कुछ रणनीति बनाते हुए लेकर जल्द ही अगली बैठक में एक कमेटी का गठन कर रूपरेखा बनाए जाने की समाज के लोगों ने सहमति प्रदान की। इस मौके पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि आजादी के बाद भी मंसूरी समाज सामाजिक राजनैतिक और शैक्षणिक रुप में पिछड़ा रहा है, लेकिन अब ऐसा नहीं है और समय के साथ धीरे धीरे हर क्षेत्र में समाज एकजुट होकर आगे बढ़ रहा है। कहा कि मंसूरी बिरादरी के लिए सभी को एक साथ मिलकर काम करना होगा और जो पिछड़े हुए लोग हैं, उनके बच्चों को तालीम दिलाने के लिए सभी को मदद करनी होगी, जिससे हमारा समाज मजबूत होगा। इस अवसर पर आल इंडिया मंसूरी समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष अजीज मंसूरी, पूर्व जिलाध्यक्ष आजाद मंसूरी, अंसार मंसूरी, यासीन मंसूरी, सब्बीर मंसूरी, इलियास मंसूरी, बसीर निजामी, शहजाद मंसूरी, रहमत मंसूरी, हाजी गोरी मंसूरी, पीर बक्स मंसूरी, चांद बाबू, अनबार मंसूरी सहित करीब दो दर्जन से अधिक जिले के कई क्षेत्रों से समाज के लोगों ने शिरकत की।

# वाराणसी में एंटी करप्शन टीम की बड़ी कार्रवाई -जेई और लाइनमैन गिरफ्तार



**अवधनामा ब्यूरो**

**वाराणसी।** जिले में एंटी करप्शन (भ्रष्टाचार निवारण संगठन) की ओर से बड़ी कार्रवाई की गई है। आज शुक्रवार को बिजली विभाग के जेई नवनीत यादव और लाइनमैन लक्ष्मण को रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। जेई नवनीत यादव की तैनाती मंडुवाडीह उपकेंद्र पर है। जो 20 हजार रुपये घूस लेने के आरोप में गिरफ्तारी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज शुक्रवार को लगभग 2:55 बजे शिकायतकर्ता शुभम श्रीवास्तव, निवासी उत्तरी ककरमत्ता, भाना मंडुआडीह वाराणसी ने एंटी करप्शन टीम से शिकायत की थी, वही विद्युत विभाग के अधिकारी उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज न कराने के लिए 20 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहे हैं।

शिकायत के आधार पर एंटी करप्शन टीम ने एक जाल बिछाया और 33/11 केवी डीपीएच पावर हाउस मंडुआडीह के पास से दोनों आरोपियों को रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों में लक्ष्मण कुमार (लाइनमैन, संविदाकर्मी) निवासी नैपुरा कला थाना लंका वाराणसी और नवनीत कुमार (जूनियर इंजीनियर) निवासी जवांवा थाना गोपीगंज जनपद भदोही शामिल हैं।

टीम ने दोनों आरोपियों को 20 हजार रुपये रिश्वत लेते समय रंगे हाथ दबोच लिया। इसके बाद आरोपियों के खिलाफ थाना रोहनिया, कमिश्नरेट वाराणसी में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# ईसीसीई एजुकेटरों को ऑफर लेटर वितरण कार्यक्रम हुआ संपन्न



**अवधनामा संवाददाता**

**गोरखपुर।** जनपद में ईसीसीई एजुकेटरों को ऑफर लेटर वितरित करने हेतु एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में चयनित अभ्यर्थियों को ऑफर लेटर प्रदान किया गया । कार्यक्रम में कुल 236अभ्यर्थियों को ऑफर लेटर वितरित किया गया

इस अवसर पर जिला समन्वयक (प्रशिक्षण) सहित एसआरजी सदस्य राकेश दुबे, रमेश पाण्डेय, राजीव राय तथा ईआरपी अजीत कुमार उपाध्याय, नवीन कुमार दुबे एवं अन्य सम्मानित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में अधिकारियों द्वारा नवचयनित ईसीसीई एजुकेटरों को उनके दायित्वों के प्रति सजग, समर्पित एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने हेतु प्रेरित किया गया। सभी चयनित अभ्यर्थियों ने अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का संकल्प लिया।कार्यक्रम का समापन सकारात्मक वातावरण एवं उत्साहपूर्ण सहभागिता के साथ हुआ।

# एसपी ने चौकी प्रभारी एवं हल्का प्रभारी के साथ की बैठक

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक महोबा शशांक सिंह ने शुक्रवार को पुलिस लाइन महोबा स्थित सभागार कक्ष में अपर पुलिस अधीक्षक महोबा वंदना सिंह की उपस्थिति में जनपद महोबा में नियुक्त समस्त चौकी प्रभारी एवं हल्का प्रभारियों के साथ एक महत्वपूर्ण गोष्ठी आयोजित की।

गोष्ठी के प्रारंभ में पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी अधिकारियों के साथ परिचयात्मक चर्चा करते हुए उनका परिचय प्राप्त किया गया। इसके उपरांत जनपद की कानून-व्यवस्था की समीक्षा करते हुए आगामी 14 अप्रैल को आयोजित होने वाली डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के कार्यक्रमों को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराए जाने के संबंध में विस्तृत बिंदुवार निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित किया कि सभी जुलूस एवं जनसभाओं के दृष्टिगत पूर्व से ही रूट मार्च/भ्रमण किया जाए, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए।

# फूलपुर के इंस्पेक्टर अतुल कुमार सिंह को किया गया सम्मानित



**अवधनामा ब्यूरो**

**वाराणसी।** औद्योगिक क्षेत्र करखियांव स्थित एग्रो पार्क में उद्यमी बृजेश गुप्ता (महामंत्री, लघु उद्योग भारती, काशी) द्वारा फूलपुर थाना प्रभारी (स्ह) अतुल कुमार सिंह को अंगवस्त्र (दुपट्टा) ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उनके कार्यों की सराहना की और उन्हें शुभकामनाएं दीं। प्राप्त जानकारी के अनुसार औद्योगिक क्षेत्र में निरंतर आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु प्रयत्नशील इंस्पेक्टर ने कई ऐसे कारनामा करके दिखाया जो सोच से परे है। जिसके चलते उनका सम्मान किया गया ।

# सपा छात्र सभा का प्राइवेट स्कूलों की मनमानी के खिलाफ प्रदर्शन

**एनसीईआरटी पाठ्यक्रम लागू करने की मांग**

**अवधनामा संवाददाता**

**अलीगढ़।** समाजवादी छात्र सभा महानगर अलीगढ़ के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्राइवेट स्कूलों की मनमानी के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया।कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए सभी निजी विद्यालयों में एनसीईआरटी पाठ्यक्रम लागू करने, मनमानी फीस पर रोक लगाने तथा महंगी किताबों की बाध्यता समाप्त करने की मांग की।प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने शिक्षा माफियाओं के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और प्रतीकात्मक रूप से पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया।इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हल्की धक्का-मुक्की भी हुई, जिससे कुछ समय के लिए माहौल तनावपूर्ण हो गया हालांकि प्रशासनिक अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद स्थिति सामान्य कर ली गई।महानगर अध्यक्ष मोहसिन मेवाती ने कहा कि निजी विद्यालय अभिभावकों पर आर्थिक बोझ डाल रहे हैं।उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सभी स्कूलों में एनसीईआरटी पाठ्यक्रम लागू नहीं किया गया तो संगठन बड़ा आंदोलन करेगा।यूथ ब्रिगेड के प्रदेश सचिव इमरान पठान ने कहा कि शिक्षा के नाम पर हो रही लूट को तत्काल बंद किया जाना चाहिए। उन्होंने प्रशासन से मनमानी फीस और महंगी किताबों पर रोक लगाने के लिए सख्त कार्यवाही की मांग की।छात्र सभा ने आरोप लगाया कि कई निजी स्कूल मनमानी तरीके से फीस बढ़ा रहे हैं और महंगी किताबें खरीदने के लिए अभिभावकों को मजबूर कर रहे हैं, इससे जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। छात्र सभा ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कदम नहीं उठाए गए तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस मौके पर एडवोकेट इमरान प्रधान, एडवोकेट साजिद,फैजान पठान, हरीश माहौर, सैय्यद अली हसन, आबिद मलिक, सैयद फैजान और सैय्यद दानिश अली सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# छताई पुल पर बड़ा हादसा ट्रेलर आमी नदी में गिरा, चालक की हालत गंभीर

**गोरखपुर ।** खजनी थाना क्षेत्र के छताई पुल पर बीती रात एक बड़ा हादसा हो गया। गोरखपुर से खजनी की ओर जा रहा एक ट्रेलर तेज रफ्तार के कारण अनियंत्रित होकर पुल की रेलिंग तोड़ते हुए सीधे आमी नदी में जा गिरा। घटना रात करीब 12 बजे की बताई जा रही है।

रात में गुजर रहे राहगीरों की नजर नदी में गिरे ट्रेलर पर पड़ी तो उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि ट्रेलर पूरी तरह नदी में समा चुका है और उसके आसपास घनी जलकुंभी फैली हुई है। घटनास्थल के पास पानी में एक हेलमेट भी तैरता मिला, जिससे स्थिति की गंभीरता और बढ़ गई। हादसे में घायल चालक की पहचान राजेश पासवान, निवासी ठाकुरपुर थाना गुलरिहा के रूप में हुई है। ट्रेलर मालिक खुर्शीद, निवासी सखरी थाना चौरी चौरा बताया जा रहा है। सूचना मिलते ही खजनी पुलिस मौके पर पहुंची और राहगीरों की मदद से ट्रेलर के केबिन का शीशा तोड़ चालक को बाहर निकाला। गंभीर हालत को देखते हुए उसे पहले प्राथमिक उपचार दिया गया।

# स्कूल चलो अभियान के तहत वार्षिकोत्सव आयोजित, मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित

**कंपोजिट विद्यालय में बच्चों ने नाटक प्रस्तुत कर सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों के प्रति समाज को किया जागरूक**



**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** पुलिस लाइन रोड स्थित काशीराम कॉलोनी के कंपोजिट विद्यालय में शुक्रवार को स्कूल चलो अभियान के तहत वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में मंडल से लेकर राज्य स्तर तक खेल और शिक्षा में नाम रोशन करने वाले मेधावी छात्र छात्राओं को मेडल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियों और नाटकों के जरिए सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों के प्रति समाज को जागरूक भी किया।

पुलिस लाइन रोड स्थित मल्टी स्टोरी कंपोजिट विद्यालय में प्रवेश उत्सव और वार्षिकोत्सव कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाध्यक मोहम्मद इरफान ने मुख्य अतिथियों का बैच अलंकृत कर किया। बच्चों ने अपनी कला का ऐसा जादू बिखेरा कि पूरा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। बच्चों ने एक ओर जहां रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए, वहीं दूसरी ओर समाज को संदेश देते हुए शिक्षा की महत्ता और बड़ों के सम्मान पर आधारित नाटक प्रस्तुत किए, जिसमें सोशल मीडिया पर आधारित नाटक विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। बच्चों की इस संजीदा प्रस्तुति ने वहां मौजूद हर अभिभावक को सोचने पर मजबूर कर दिया। यह दिन उन छात्र-छात्राओं के लिए गौरव का पल था, जिन्होंने पूरे साल पसीना बहाया।

कार्यक्रम में मंडल, राज्य, ब्लॉक और जिला स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया गया साथ ही, शैक्षिक सत्र में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले मेधावियों को भी पुरस्कृत किया गया। कक्षा 8 से शालिनी, शिवांकी यादव, दिव्यांशी, कार्तिक और शुभम कुमार को मोमेंटो प्रदान किए गए। कक्षा 7 के मोहित, मोहिनी, रितिक और रिहान तथा कक्षा 6 की राधा, महिमा, शैली, दिव्यांश और जोया खान को बेहतर प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

# एमजीयूजी में रासेयो स्वयंसेवक पंकज का राष्ट्रीय स्तर पर चयन



**गोरखपुर ।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) की माता शबरी इकाई के स्वयंसेवक पंकज चौरसिया का चयन माय भारत बजट क्वेस्ट 2026 के अंतिम चरण के लिए किया गया है। यह एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर का वर्चुअल संवाद कार्यक्रम है, जिसमें प्रतिभागियों को भारत के प्रधानमंत्री के साथ संवाद का अवसर प्राप्त होगा। पंकज चौरसिया एमजीयूजी में बी. फार्मा द्वितीय वर्ष के छात्र हैं। देशभर से 12 लाख से अधिक प्रतिभागियों के मध्य प्रतिस्पर्धा के उपरांत अंतिम चरण हेतु चयनित होकर पंकज चौरसिया में अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा, विश्लेषणात्मक क्षमता एवं सशक्त अभिव्यक्ति का परिचय प्रस्तुत किया है। कार्यक्रम का अंतिम चरण 12 एवं 13 अप्रैल को आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। इस उपलब्धि पर एमजीयूजी के कुलपति डॉ. सुरिंदर सिंह, कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव, उप कुलसचिव (प्रशासन) श्रीकांत, फार्मेसी विभागाध्यक्ष डॉ. शशिकांत सिंह, एनसीसी एएनओ डॉ. संदीप श्रीवास्तव, रासेयो के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. धनंजय पांडेय, माता शबरी इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमित उपाध्याय आदि ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

# प्राथमिक विद्यालय में निशुल्क पुस्तके वितरित की गई




**फर्रुखाबाद।** विकासखंड कायमगंज क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में निःशुल्क पुस्तकें वितरित की गई नवीन सत्रारंभ में ही बच्चों को निःशुल्क पुस्तकें मिलने पर जहां एक ओर बच्चे खुश नजर आए वहीं दूसरी ओर जयवीर, सत्यवती,सनोज, पिंकी देवी आदि अभिभावकों ने भी सरकार को धन्यवाद दिया। प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने बताया कि इस बार नवीन सत्र शुरु होते ही सभी कक्षाओं में निःशुल्क पुस्तकें वितरित की गई। उन्होंने बताया कि इस बार डीबीटी की 1200 रुपये की धनराशि भी जल्द ही मिल जायेगी। उन्होंने अभिभावकों से सभी बच्चों को नियमित समय से स्कूल भेजने का अनुरोध किया तथा स्कूल में नवीन नामांकन कराने में भी सहयोग की अपील की।

# मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के तहत जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई

**फर्रुखाबाद।** मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में आज जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में गठित समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी सहित समिति के समस्त सदस्य एवं आवेदक उपस्थित रहे। बैठक के दौरान प्राप्त आवेदनों पर विचार-विमर्श करते हुए आवेदकों से विस्तृत चर्चा की गई तथा जनपद में ग्राम परिवहन सेवा के संचालन हेतु विभिन्न प्रस्तावित मार्गों पर सहमति बनाई गई। बैठक में जिन प्रमुख मार्गों पर ग्राम परिवहन सेवा संचालन हेतु सहमति बनी, उनमें मुख्य रूप से निम्न मार्ग शामिल हैं–

सिवारा-कम्पिल-कायमगंज-फरुखाबाद, इकलहरा-कम्पिल-कायमगंज-फरुखाबाद, रौकरी-सिवारा-कम्पिल-कायमगंज-फरुखाबाद, रुदायन-कम्पिल-कायमगंज-फरुखाबाद, नगला जवाहर-कुतलूपुर-गूजरपुर-अमृतपुर-राजेपुर-फरुखाबाद, बिरिया डांडा-शमशाबाद-फरुखाबाद, कड़हर-सलेमपुर-चाचूपुर-पांचालघाट-फरुखाबाद, दहिलिया-संकिसा-नीवकरोरी-मोहम्मदाबाद -फरुखाबाद, खिरिया सींगनपुर-संकिसा-नीवकरोरी-मोहम्मदाबाद-फरुखाबाद, कुआंखेड़ा-शमशाबाद-फैजबाग-हथियापुर-फरुखाबाद, गदनपुर तूरी-जरारी-रजीपुर-कमालगंज-फरुखाबाद।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को प्रकाशित निर्वाचन नामावलियों का वितरण किया गया




**अवधनामा संवाददाता**

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी महोदय की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्जीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ निर्वाचक नामावलियों के प्रगाढ़ पुनरीक्षण से संबंधित आलेख्य प्रकाषित निर्वाचक नामावलियों के वितरण के सम्बन्ध में दिनांक 10.04.2026 को पूर्वान्ह 11.00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार, फतेहगढ़ में आहूत बैठक का कार्यवृत्त।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के प्रगाढ़ पुनरीक्षण से संबंधित आलेख्य प्रकाशित निर्वाचक नामावलियों के वितरण के सम्बन्ध में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्जीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आज दिनांक 10.04.2026 को पूर्वान्ह 11.00 बजे बैठक आहूत की गयी। जिसमें निम्नांकित अधिकारियों/राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया:-

1- आशुतोष कुमार द्विवेदी, जिला निर्वाचन अधिकारी, फर्रूखाबाद।

2-अरूण कुमार सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, फर्रूखाबाद।

3- मुकेश गुप्ता, जिला संयोजक चुनाव प्रबन्धन, भारतीय जनता पार्टी।

4- सुभाष चन्द्र शाक्य, एडवोकेट, जिला उपाध्यक्ष समाजवादी पार्टी।

5- रामरतन गौतम, पूर्व जिलाप्रभारी, बहुजन समाज पार्टी।

6- शकुन्तला देवी जिलाध्यक्ष काग्रेस पार्टी।

7- अचल प्रताप सिंह जिलाध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ, आम आदमी पार्टी।

8- बलवीर सिंह जिला संयोजक कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया मार्क्ससिस्ट।

9:- चित्रांश शुक्ला विधानसभा अध्यक्ष भोजपुर अपना दल (सोनेलाल)

सर्वप्रथम सर्वप्रथम जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय/राज्जीय राजनैतिक दलों के अध्यक्ष/सचिव/मन्त्री/प्रतिनिधियों को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के प्रगाढ़ पुनरीक्षण से संबंधित आलेख्य प्रकाषित निर्वाचक नामावलियों के का वितरण किया गया साथ ही अवगत कराया गया कि अन्तिम प्रकाशन के उपरान्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का प्रगाढ़ पुनरीक्षण में आज10.04.2026 तक निम्न विवरण के अनुसार निर्वाचक नामावलियो में मतदाता विधमान है। जिलाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि अन्तिम प्रकाशन दिवस 10.04.2026 को प्रकाशित होने वाले वाली अन्तिम मतदाता सूची का अवलोकन उक्त स्थलों पर कर सकते हैं। जिलाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि आलेख्य प्रकाषन दिनांक 06-01-2026 को निर्वाचक नामावली में जनपद का जेण्डर रेषियों 799 था, जिस पर आयोग के निर्देषों के अनुसार पात्र महिला पंजीकरण के उपरान्त 10-04-2026 को जेण्डर रेषियों अब बढकर 806 हो गया है।

# वीडीए के अध्यक्षता में गेल ने की बैंक्वेट हॉल एसोसिएशन के पदाधिकारी के साथ बैठक



**अवधनामा ब्यूरो**

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के वाइस चेयरमैन के अध्यक्षता में गेल ने वाराणसी बैंक्वेट हॉल एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ एक बैठक की। इस बैठक में गेल (गेल) वाराणसी के महाप्रबंधक एवं प्रभारी सुशील कुमार उपस्थित थे। बैठक में संभागीय आयुक्त ने बैंक्वेट हॉलों को गेल (गेल) में अपना आवेदन दर्ज कराकर एलपीजी कनेक्शन के लिए आवेदन करने का निर्देश दिया। गेल के अधिकारियों ने बताया कि वाराणसी के बैंक्वेट हॉलों को जहां भी संभव होगा, वहां शीघ्रता से एलपीजी कनेक्शन उपलब्ध कराए जाएंगे। इसमें उन क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जाएगी जहां गेल (गेल) का नेटवर्क पहले से मौजूद है। इससे वाराणसी में उन ग्राहकों की एलपीजी की मांग पूरी हो सकेगी जहां अभी तक एलपीजी कनेक्शन नहीं पहुंचा है। इसके माध्यम से, जल्द ही बैंक्वेट हॉल में होने वाली पार्टियों में भी गेल (गेल) की पीएनजी गैस पर भोजन का आनंद लिया जा सकेगा। बताते चले कि, नवाज़िश अली अंसारी (उपमहाप्रबंधक) गेल वाराणसी के नेतृत्व में पीएनजी गैस आपूर्ति को सुचारू रूप से चलने के लिए निरंतर पाइपलाइन कनेक्शन को शहर भर के अलग-अलग हिस्सों में बिछाया जा रहा है। ताकि लोगों को (पीएनजी) गैस सुविधा का लाभ मिल सके।

# जलवानपुरा की सड़क होगी ऊंची, भ्रमण के दौरान महापौर का वादा

## नगर की सरकार आपके द्वार अभियान के तहत जनसंवाद

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** नगर की सरकार आपके द्वार अभियान के तहत महापौर ने शुक्रवार को हनुमान कुंड वार्ड का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार और पार्षद प्रतिनिधि अभय श्रीवास्तव भी थे। उन्होंने जलवानपुरा की सड़क को ऊंची कर करने का वादा किया।

सुबह लगभग 9:00 बजे महापौर ने बिरला मंदिर के उत्तरी छोर की गली से भ्रमण की शुरुआत की। इस दौरान नगर निगम की टीम सफाई कर रही थी, लेकिन थोड़ी दूर चलने पर गोबर जमा देख कर उन्होंने नाराजगी जताई और हटाने का निर्देश दिया। महापौर के साथ चल रही नगर निगम की टीम ने श्रीराम भोजनालय के सामने रुक कर दुकानदारों से बात की और उन्हें कूड़ा-करकट कूड़ेदान में ही रखने की हिदायत दी। इस दौरान का तरीका भी बताया गया।

थोड़ा आगे बढ़ने पर बिरला मंदिर के पिछले हिस्से में जलवानपुरा के लोगों ने जल भराव की समस्या से अवगत कराया। यहां रामनाथ पांडे ने बताया कि जलभराव से बरसात के दौरान घरों में रहना मुश्किल हो जाता है। पार्षद प्रतिनिधि ने क्षेत्रीय लोगों की समस्या को देखते हुए सड़क ऊंची करने की आवश्यकता जताई। पूछताछ के दौरान नगर आयुक्त को बताया गया कि अभी जल निगम सीवर लाइन डालने का कार्य कर रहा है। जल निगम के अधिकारियों ने वार्ता के दौरान दो माह में सीवर लाइन डालने का वादा किया। महापौर ने उन्हें दो माह के अंदर पाइप डालकर सड़क नगर निगम को हस्तगत कराने की हिदायत दी और लोगों से वादा किया कि इसके बाद सड़क को ऊंची करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।



थोड़ा आगे बढ़ने पर सुबोध नारायण झा ने पानी न आने की शिकायत की। इस पर महापौर ने महाप्रबंधक जल निगम को पानी की सप्लाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान महापौर ने नालियों की सफाई मैनपॉवर से करने का निर्देश दिया।

क्षेत्रीय नागरिक सिद्धार्थ ने महापौर नगर आयुक्त एवं पार्षद प्रतिनिधि का सम्मान भी किया। इस दौरान महापौर ने दंतधावन कुंड व स्थानीय लोगों की जरूरत के मुताबिक पर अंबेडकर पार्क के पास वाटर कूलर लगाने का वादा किया। उन्होंने विक्रम चौधरी के घर के सामने जलभराव को देखते हुए पंप लगाकर पानी हटाने का भरोसा दिया। यहां पंपिंग स्टेशन की भी आवश्यकता जताई गई। नगर आयुक्त ने प्रकाश व्यवस्था की भी जानकारी लोगों से ली। उन्होंने खराब लाइट को ठीक करने का निर्देश दिया।

इस दौरान अपर नगर आयुक्त डॉ. नागेंद्र नाथ, भारत भार्गव, महा प्रबंधक जलकर सौरव श्रीवास्तव, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी गजेंद्र कुमार, जोनल अधिकारी अशोक गुप्त, सहायक अभियंता जलकर जयकुमार, निर्माण खंड के सहायक अभियंता भारत वर्मा एवं राजपति यादव भी थे।

# गिरजा कुंड पर चला स्वच्छता अभियान, जनप्रतिनिधियों ने लोगों को किया जागरूक

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जनौरा वार्ड के पार्षद धर्मेंद्र सिंह व महानगर युवा मोर्चा उपाध्यक्ष गौरव सिंह 'गोलू' के नेतृत्व में गिरजा कुंड पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान क्षेत्र की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया।गौरव सिंह ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस सप्ताह के अंतर्गत जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी बूथ स्तर पर पहुंचकर स्वच्छता अभियान चला रहे हैं। इसके साथ ही बूथों पर रहने वाले लाभार्थियों एवं वरिष्ठ नागरिकों से संपर्क कर उन्हें केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।उन्होंने बताया कि इस दौरान लोगों को पत्रक एवं प्रचार सामग्री वितरित की जा रही है। साथ ही पटका व पार्टी का ध्वज देकर सम्मानित भी किया जा रहा है, जिससे लोगों में संगठन के प्रति जुड़ाव बढ़े। अभियान में बूथ अध्यक्ष राम सिंह, बूथ



अध्यक्ष विक्रम मौर्य, बूथ अध्यक्ष शेखू सिंह, बूथ अध्यक्ष अजयराज सिंह, मनीराम कनौजिया, स्वमसेवक अनिल दूबे, कृष्ण कुमार तिवारी, अनुराग श्रीवास्तव ,अविनाश पांडेय, बृजेश कुमार तिवारी, चंद्र शेखर सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे और सभी ने स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

# मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन, 16.50 लाख से अधिक मतदाता दर्ज



**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के तहत निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 10 अप्रैल 2026 को कर दिया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी निखिल टी. फुंडे ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि पुनरीक्षण के दौरान कुल 19,07,800 मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित किए गए, जिनमें से 15,70,258 मतदाताओं का डिजिटाइजेशन किया गया। कुल 93.23 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग हुई, जबकि 1,29,155 मतदाता नो मैपिंग और 3,56,627 मामलों में तार्किक विसंगतियां पाई गईं।

सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा 4,85,717 मतदाताओं को नोटिस जारी कर सुनवाई की गई। इनमें से 7,274 मतदाता साक्ष्य प्रस्तुत न कर पाने के कारण अंतिम सूची में शामिल नहीं हो सके। दावे एवं आपत्तियों की अवधि में 89,059 नए नाम जोड़े गए, जबकि 8,662 नाम हटाए गए। अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची में कुल 16,50,655 मतदाता दर्ज हैं, जिनमें 8,84,096 पुरुष, 7,66,495 महिला और 64 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं।बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूची की हार्ड व सॉफ्ट कॉपी पेन ड्राइव के माध्यम से उपलब्ध कराई गई। अंत में जिलाधिकारी ने सभी दलों के सहयोग और सुझावों के लिए आभार जताते हुए संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को समयबद्ध कार्य संपादन के लिए धन्यवाद दिया।

# भीटी-हैदरगंज-कूरेभार मार्ग का होगा चौड़ीकरण, जल्द शुरू होगा कार्य

**जाना बाजार -अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** भीटी से हैदरगंज होते हुए कूरेभार तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य जल्द शुरू होगा। इस संबंध में विधान परिषद सदस्य हरिओम पांडेय ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर टू-लेन सड़क निर्माण की मांग रखी थी।सांसद प्रतिनिधि अवनीश पांडेय ने गुरुवार को सराय मनोधर महाविद्यालय में जानकारी देते हुए बताया कि करीब 17.170 किलोमीटर लंबी इस सड़क के चौड़ीकरण से अंबेडकरनगर, अयोध्या व सुल्तानपुर जनपद के करीब दो लाख से अधिक लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।बताया गया कि मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसी माह से सड़क चौड़ीकरण कार्य शुरू होने की संभावना है, जिससे क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी।

# संदिग्ध हालात में युवक का शव फंदे से लटका मिला, क्षेत्र में सनसनी

**हैदरगंज-अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** थाना क्षेत्र के जजवारा गांव में एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर फंदे से लटका मिलने से हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया और ग्रामीणों की भीड़ जुट गई।बताया गया कि जजवारा निवासी राजन गुप्ता (20) पुत्र सुरेंद्र गुप्ता बीते 8 अप्रैल को प्रयागराज से घर आया था। गुरुवार रात वह अपने कमरे में सोने गया, जबकि परिवार के अन्य सदस्य बाहर सो रहे थे। शुक्रवार सुबह देर तक कमरे से बाहर न निकलने पर परिजनों ने आवाज दी, लेकिन कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर अंदर जाकर देखा तो राजन का शव फंदे से लटका मिला।सूचना पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विंध्या यादव ने पुलिस को अवगत कराया। मौके पर प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार, दरोगा बुद्धिमान सिंह व प्रमोद कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे। घटना की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्राधिकारी बीकापुर सुनील कुमार सिंह व फॉरेंसिक टीम ने भी मौके का निरीक्षण किया।

पुलिस के अनुसार कमरे में बल्ली से कपड़े की डोरी व रस्सी के सहारे शव लटका था। वहीं नीचे खून के निशान व पैरों पर चोट के निशान मिलने से क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

# गांव चलो-बस्ती चलो अभियान में जनसंपर्क व सम्मान कार्यक्रम



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** भाजपा के 47वें स्थापना दिवस के तहत सूर्यकुंड मंदिर परिसर में ÷गांव चलो-बस्ती चलो अभियान के अंतर्गत जनसंपर्क व सम्मान कार्यक्रम हुआ। पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने लोगों से संवाद कर सरकार की योजनाओं की जानकारी दी और विभिन्न वर्गों के लोगों को सम्मानित किया। इस दौरान महानगर पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

देवकाली मंडल के विक्रमादित्य वार्ड स्थित शिव मंदिर परिसर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता अभियान चलाया। पूर्व महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने साफ-सफाई कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। अभियान में स्थानीय जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता शामिल रहे। रसूलाबाद शक्ति केंद्र के ग्राम पंचायत एमी आलापुर में भाजपा स्थापना दिवस के अवसर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। महानगर मंत्री विपिन सिंह बबलू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मंदिर परिसर की सफाई की और लाभार्थियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।

# राम के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के अयोध्या पर्व का प्रयास अंतरराष्ट्रीय फलक पर प्रकाशमान हो रहा है

*अवधनामा संवाददाता*

**जयप्रकाश गुप्ता**

**अयोध्या।** दिल्ली के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र में अयोध्या पर्व का तीन दिवसीय दिव्य कार्यक्रम का समापन हो गया श्री अयोध्या न्यास एवं आई जी एन सी ए के संयुक्त तत्वाधान में संपन्न इस कार्यक्रम में अयोध्या की दिव्यता मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के आदर्शों की गंगा को दिल्ली की सडको पर बहाकर पूरे विश्व में सनातन को मजबूत करने का संदेश दिया ऐसा लग रहा की है कि सरजू की पवित्र लहरें दिल्ली के जनपथ पर हिलोरे ले रही है उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा राजस्थान की मुख्य मंत्री दिया कुमारी राष्ट्रीय सेवा संघ के वरिष्ठ प्रचारक सुरेश भैया जी जोशी मणिराम दास छावनी के कार्यकारी महंत कमलनयन दास सहित देश के कई नामी गिरामी हस्तियों ने अपने उद्बोधन से कार्यक्रम को उत्कृष्ट बना दिया था आठवां अयोध्या पर्व अपने में कई मायनो में अनूठा था मनोज सिन्हा ने अयोध्या को भारतीय संस्कृति चेतना का केंद्र बताया प्रभु श्री राम के आदर्श मित्रता त्याग करुणा और समृद्धि का संदेश दे रहा है भैया जी जोशी ने राम मंदिर निर्माण को भारत के पुनरुद्धार के पुनर्जागरण की शुरुआत बताई अन्य वक्ताओं ने भी ने श्रीराम के आदर्श को राष्ट्र निर्माण और समाज सुधार का मूल आधार बताया भविष्य की अयोध्या एवं इसके विकास पर गहन चिंतन हुआ अयोध्या को उसके प्राचीन गरिमा के अनुरूप विकसित करके उसकी पवित्रता एवं गरिमा को बनाए रखने का संदेश दिया विद्वान संत मिथिलेश नंदनी शरण ने अयोध्या के बदलते स्वरूप और संत महंतों की उपेक्षा और अयोध्या की विकास में आ रही कमियो समस्याओं को इंगित करके संत महंतों की चिंता व्यक्त करके इस ओर सरकारों के ध्यान आकृष्ट करने की तरफ इशारा किया रामचरितमानस के सातों कांडों के अनुरूप अयोध्या में विशाल थीम पार्क का निर्माण करने का सुंदर सुझाव विद्वानों द्वारा प्रस्तुत किए गए इस कार्यक्रम में श्री राम के आदर्शों और मूल्यों को जन-जन के जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया सांस्कृतिक कार्यक्रमों में संजीव प्रस्तुति करके शबरी के राम और श्री राम विजय नामक संगीत नृत्य अयोध्या की परंपरा को मंच पर साकार किया शबरी के राम के नाटक का मंचन की भावपूर्ण मार्मिक प्रस्तुति में शबरी के निश्चल भक्ति त्याग श्री राम के लोक समावेशी करुणा को बड़े ही मार्मिक ढंग से चित्रण किया गया जिससे दर्शक भाव विभोर हो गए अयोध्या पर्व की परिकल्पना को मूर्त रूप देने वाले राम भक्त अभूतपूर्व सांसद लल्लू सिंह को महान विद्वान स्वर्गीय रामकिंकर उपाध्याय की शिष्या मंदाकिनी रामकिंकर विश्व प्रसिद्ध रामायणी द्वारा उत्कृष्ट राम कार्य के लिए नए नाम से नवाज कर उनके इस उत्कृष्ट कार्य श्री अयोध्या न्यास के द्वारा भगवान राम के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने की खुले मंच से प्रशंसा किया इस कार्यक्रम की धमक पूरे देश के साथ -साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सुनाई पड़ रही है जो इसके सफलता पर मोहर लगा रही है और यह इसके उज्जवल भविष्य का घोतक है

# फार्मर रजिस्ट्री न कराने पर 1 मई से योजनाओं का लाभ बंद

**अयोध्या।** उपनिदेशक कृषि ने बताया कि जनपद में अभी भी 69,350 प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लाभार्थी फार्मर रजिस्ट्री से वंचित हैं। शासनादेश के अनुसार 1 मई 2026 से फार्मर रजिस्ट्री न होने पर किसानों को बीज, उर्वरक, कीटनाशी, फसली ऋण और फसल बीमा जैसी सुविधाओं का लाभ नहीं मिल सकेगा।फार्मर रजिस्ट्री के लिए अंतिम अवसर देते हुए 6 अप्रैल से 15 अप्रैल तक प्रत्येक गांव के पंचायत भवन पर विशेष कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। इन कैंपों में पंचायत सहायक, ग्राम रोजगार सेवक, सचिव, लेखपाल, कृषि विभाग के कर्मचारी व जनसेवा केंद्र के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे।किसानों से अपील की गई है कि वे आधार, मोबाइल व खतौनी के साथ कैंप में पहुंचकर रजिस्ट्री कराएं। कैंप में न पहुंच पाने की स्थिति में नजदीकी जनसेवा केंद्र पर भी यह सुविधा उपलब्ध है।

# भुगतान न करने का आरोप, निषाद पार्टी नेता पर अधिवक्ता ने उठाए सवाल



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** निषाद पार्टी के नेता करुणाकर पांडेय उर्फ बब्बू पांडेय पर बकाया भुगतान न करने के गंभीर आरोप लगे हैं। इस संबंध में अधिवक्ता गौतम पांडेय ने प्रेस वार्ता कर कई लोगों की शिकायतें सार्वजनिक कीं।अधिवक्ता ने बताया कि उनके पास ऐसे कई मामले आए हैं, जिनमें आरोप है कि कार्य कराने के बावजूद भुगतान नहीं किया गया। इस मामले में उच्च अधिकारियों से लिखित शिकायत भी की गई है।

शिकायतकर्ताओं में संदीप शर्मा (करीब 6.32 लाख), सचिन कुमार शुक्ला (16 लाख), नागेंद्र प्रताप सिंह (4.67 लाख), शिवमूर्ति सिंह (1.26 लाख) और राकेश कुमार शुक्ला (1 लाख) का नाम शामिल है। इन सभी ने गिट्टी, मोरंग, जीएसबी सप्लाई व डंपर किराए का भुगतान न मिलने का आरोप लगाया है।आरोप है कि अधिकतर लेनदेन मौखिक रूप से हुए, जबकि कुछ मामलों में व्हाट्सऐप चैट, कॉल डिटेल व ऑडियो रिकॉर्डिंग जैसे साक्ष्य होने का दावा किया गया है। भुगतान मांगने पर फोन नंबर ब्लॉक करने का भी आरोप लगाया गया।प्रेस वार्ता में यह भी कहा गया कि करुणाकर पांडेय पीडब्ल्यूडी के ठेकेदार हैं और उनके कार्यों में उनके भाई रत्नाकर पांडेय व पुत्र अनुभव पांडेय सहयोग करते हैं।

# लापरवाही से जच्चा-बच्चा की मौत पर सपा अध्यक्ष ने भेजी सहायता राशि



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** प्रसव के दौरान कथित लापरवाही से जच्चा-बच्चा की मौत के मामले में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मृतका सोनी यादव के पति सुरेश के नाम एक लाख रुपये की सहायता राशि का चेक भेजा। पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन व महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने पीड़ित परिवार को चेक सौंपते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।पूर्व मंत्री ने कहा कि इस दुखद घटना का संज्ञान राष्ट्रीय अध्यक्ष ने लिया है और पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं। उन्होंने स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि लापरवाही के कारण दो जिंदगियां चली गईं। यदि महिला को समय से अस्पताल में भर्ती किया जाता तो घटना टाली जा सकती थी। महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने प्रशासन से प्राइवेट नर्सिंग होम की जांच कर सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि मामले में डॉक्टर के खिलाफ एफआईआर दर्ज होना गंभीर लापरवाही को दर्शाता है।इस दौरान पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पंडित दीनदयाल प्रशिक्षण महाअभियान का आगाज

## लक्ष्मीपुर में पहले दिन कार्यकर्ताओं को मिला डिजिटल व संगठनात्मक प्रशिक्षण, 2027 चुनाव से पहले मजबूती पर जोर



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** लक्ष्मीपुर स्थित मुंशी लाल अशोक कुमार इंटर कॉलेज में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत मंडल प्रशिक्षण वर्ग कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। दो दिवसीय इस कार्यक्रम के पहले दिन कार्यशाला की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समीर त्रिपाठी (पूर्व जिलाध्यक्ष), प्रभाकर दुबे (जिला उपाध्यक्ष), आकाश गुप्ता (पूर्व भाजपा प्रत्याशी, नौतनवा) व अशोक जायसवाल (जिला कोषाध्यक्ष) सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यशाला में प्रदीप जायसवाल, पलटू यादव, रामनिवास वर्मा, गोलू जायसवाल, मंडल अध्यक्ष दिलीप चौधरी, सतीश चौहान, राजेश्वर चौहान, नरेंद्र सिंह समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण सत्रों में कार्यकर्ताओं को डिजिटल माध्यमों के उपयोग, संगठन की कार्यप्रणाली और पार्टी की विचारधारा से अवगत कराया गया।

वक्ताओं ने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले इस तरह का प्रशिक्षण अभियान संगठन को मजबूत करने की दिशा में अहम पहल है। कार्यकर्ताओं को पार्टी के इतिहास, सिद्धांतों और ÷सबका साथ, सबका विकास÷ की भावना के साथ वर्तमान परिस्थितियों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का दूसरा दिन भी विभिन्न प्रशिक्षण सत्रों के साथ जारी रहेगा।

# अयोध्या सांसद अवधेश प्रसाद रेल मंत्री से की मुलाकात

*अवधनामा संवाददाता*

**रुदौली (अयोध्या)।** रुदौली रेलवे स्टेशन की विभिन्न समस्याओं को लेकर अयोध्या सांसद अवधेश प्रसाद ने केंद्रीय रेलमंत्री को लिखित पत्र देकर शीघ्र समाधान कराए जाने की मांग की है। सांसद प्रतिनिधि व सदस्य जिला विकास समन्यवय एंव निगरानी समिति जिला अयोध्या सरफराज नसरुल्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि सांसद अवधेश प्रसाद ने प्रमुख रूप से अयोध्या कैंट(फैजाबाद)-दिल्ली एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 14205 का रुदौली रेलवे स्टेशन पर ठहराव सुनिश्चित कराने की मांग की है जिससे रूदौली क्षेत्र क्षेत्र के यात्रियों को इसका सीधा लाभ मिल सके। इसके साथ ही कोरोना काल में बंद हुई अयोध्या कैंट-कानपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 14221 एवं लखनऊ-अयोध्या कैंट पैसेंजर ट्रेन संख्या 54232 को पुनः संचालित कराये जाने की भी मांग की है।पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि रुदौली रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 2 पर दक्षिण दिशा में आने-जाने के लिए उचित प्रवेश मार्ग की व्यवस्था की जाए क्योंकि रुदौली नगर की बड़ी आबादी उसी दिशा में निवास करती है और यात्रियों की सुविधा के लिए शुद्ध पेयजल,महिला एवं पुरुष शौचालय,जलपान स्टॉल और टिकट वेंडिंग मशीन की व्यवस्था कराने की भी बात कही गई है।रेलवे स्टेशन के आसपास अंधेरे की समस्या को देखते हुए स्ट्रीट लाइट लगवाने तथा पश्चिमी ओवरब्रिज के नीचे स्थित रेलवे गेट को पुनःखोलने की मांग की है जिससे स्थानीय लोगों को आवागमन में हो रही परेशानी दूर हो सके। सांसद ने रेल मंत्री से अनुरोध किया है कि उक्त सभी जनसमस्याओं का संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र ही आवश्यक निर्देश जारी किए जाएं ताकि रूदौली क्षेत्र की जनता को जल्द राहत मिल सके।

# सीमा पर नशीले इंजेक्शन की बड़ी खेप पकड़ी, दो तस्कर गिरफ्तार

**■ नेपाल सप्लाई के लिए ले जाए जा रहे थे 5700 इंजेक्शन**

*अवधनामा संवाददाता*



**महराजगंज।** भारत-नेपाल सीमा पर ड्रग तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना पुरन्दरपुर पुलिस, एसओजी व स्वाट टीम की संयुक्त कार्रवाई में रानीपुर चौराहे पर घेराबंदी कर एक कार (यूपी 53 एफएन 8304) से 5700 नशीले इंजेक्शन बरामद करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया। बरामद इंजेक्शनों में 1900-1900 एम्पुल डाइजेपाम, बुप्रेनोर्फिन और प्रोमेथोजिन हाइड्रोक्लोराइड शामिल हैं, जिनकी कुल कीमत करीब 10 लाख रुपये आंकी गई है। मौके से दो मोबाइल फोन, एक एटीएम कार्ड और 9000 रुपये नकद भी बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार, मुखबिर से सूचना मिली थी कि नशीले इंजेक्शनों की बड़ी खेप कार के जरिए नेपाल भेजी जा रही है। सूचना मिलते ही टीमों ने रानीपुर चौराहे पर घेराबंदी कर संदिग्ध वाहन को रोका और तलाशी ली, जिसमें यह बड़ी बरामदगी हुई। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान राजेन्द्र धरिकार उर्फ इलू 32 वर्ष निवासी जुगौली, थाना सोनौली और आदित्य कुमार मिश्र 30 वर्ष निवासी कम्हरिया बुजुर्ग, थाना कोल्हुई बाजार के रूप में हुई है। पूछताछ में दोनों ने बताया कि वे पिछले करीब छह महीनों से इस अवैध धंधे में संलिप्त थे और इन इंजेक्शनों को नेपाल में ऊंचे दामों पर बेचते थे। पुलिस का कहना है कि सामान्यतः चिकित्सीय उपयोग में आने वाली इन दवाओं का दुरुपयोग कर युवाओं में कॉकटेल ड्रग के रूप में सेवन कराया जा रहा है, जिससे गंभीर स्वास्थ्य जोखिम उत्पन्न हो रहे हैं। मामले में थाना पुरन्दरपुर में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21/23 के तहत मुकदमा दर्ज कर दोनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। पुलिस अब इस तस्करी नेटवर्क की सप्लाई चेन, फाइनेंसिंग और जुड़े अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही पूरे गिरोह का खुलासा किया जाएगा। इस सफल कार्रवाई पर पुलिस अधीक्षक ने टीम की सराहना करते हुए 25 हजार रुपये का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है। सीमा क्षेत्र में नशीले पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए पुलिस का अभियान लगातार जारी है।

# मिशन शक्ति 5.0 : डीआईजी संजीव त्यागी ने शोहरतगढ़ में जन चौपाल कर महिलाओं को किया जागरूक

अवधनामा संवाददाता



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण को लेकर चलाए जा रहे 'मिशन शक्ति फेज 5.0' के तहत थाना शोहरतगढ़ क्षेत्र में आयोजित जन चौपाल एवं बहू-बेटी सम्मेलन में संजीव त्यागी (डीआईजी) ने मुख्य रूप से भाग लिया और कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिलाओं को उनके अधिकारों व सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक किया।

डीआईजी संजीव त्यागी ने कहा कि महिलाएं किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत पुलिस व हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करें। उन्होंने मिशन शक्ति अभियान को महिलाओं की सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए महत्वपूर्ण पहल बताया और सभी को जागरूक रहने की अपील की। कार्यक्रम में अभिषेक महाजन (पुलिस अधीक्षक), अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी मयंक द्विवेदी, प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह व महिला थानाध्यक्ष भगवती पाण्डेय मौजूद रहीं। आयोजन शिवपति स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शोहरतगढ़ में किया गया। इस दौरान बालिकाओं व महिलाओं को दहेज उत्पीड़न, पॉक्सो एक्ट, आत्मरक्षा और महिला संबंधी अपराधों से बचाव के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही पीड़ित महिलाओं की काउंसलिंग भी की गई। कार्यक्रम में 1090, 181, 112, 1098 और 1930 जैसे महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। बाल विवाह, लैंगिक भेदभाव और नए कानूनों को लेकर भी जागरूक किया गया। जन चौपाल में लगभग 90 बालिकाएं, 160 महिलाएं और 65 पुरुष उपस्थित रहे। पुलिस टीम ने यातायात नियमों के पालन के लिए भी लोगों को प्रेरित किया।

## छात्राओं को सिखाए गए सुरक्षा के गुर

**बांसी सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे 'मिशन शक्ति फेज 5.0' (द्वितीय चरण) के अंतर्गत जनपद सिद्धार्थनगर में जागरूकता अभियान तेज हो गया है। इसी क्रम में आज, 10 अप्रैल 2026 को थाना शिवनगर डिड़ई पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र के रीड पब्लिक कान्वेंट स्कूल, डिड़ई में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया यह कार्यक्रम वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के आदेशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी बांसी शुवेंद्र सिंह के पर्यवेक्षण में संपन्न हुआ। प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य के नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम ने छात्राओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा के प्रति सजग किया प्रमुख सरकारी योजनाओं की दी गई जानकारी मिशन शक्ति टीम ने स्कूल की बालिकाओं को महिला सशक्तिकरण से जुड़ी विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया, जिनमें मुख्य रूप से शामिल हैं।

# गोण्डा के महानायक जादूगर मिस्टर इंडिया को ओ.पी. शर्मा स्मृति सम्मान

**गोण्डा।** जादू की दुनिया के स्तंभ स्वर्गीय जादूगर ओ.पी. शर्मा की स्मृति में आयोजित 'जादूगर ओ.पी. शर्मा स्मृति सम्मान समारोह' में देश-विदेश के जादूगरों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान जादू कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कई कलाकारों को सम्मानित किया गया।

समारोह में वक्ताओं ने स्व. ओ.पी. शर्मा के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने अपनी अद्भुत जादू कला, प्रेरणादायक व्यक्तित्व और भाईचारे की भावना से जादूगरों को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया। उनकी विरासत आज भी जादू की दुनिया को दिशा देने का कार्य कर रही है।

इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय जादूगर मिस्टर इंडिया (गोंडा) सहित जादूगर ओ.पी. शर्मा जूनियर, जादूगर अखिलेश जैवसाल, जादूगर एस. कुमार और जादूगर जे.पी. सम्राट को 'जादूगर ओ.पी. शर्मा स्मृति सम्मान' से विभूषित किया गया।

# 11 अप्रैल को लखनऊ में आयोजित महा समागम को लेकर हुई तैयारी बैठक

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** प्रदेश के स्वर्णकार समाज की एकजुटता को लेकर 11 अप्रैल को लखनऊ के चारबाग स्थित रवींद्रालय सभागार में महा समागम का आयोजन किया गया है, जिसकी सफलता को लेकर शुक्रवार को मुख्यालय स्थित हनुमान गढ़ी मंदिर प्रांगण में एक तैयारी बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान समागम में प्रतिभाग को लेकर विचार विमर्श किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए उप्र उद्योग व्यापार संगठन के जिला मंत्री हृदय वर्मा ने कहा कि वर्तमान में हमारा समाज सबसे ज्यादा पीड़ित है, क्योंकि हम जो व्यवसाय करते हैं, उसमें बहुत तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। हम लोगों को अक्सर प्रताड़ना व भेदभाव का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि हमारे समाज का व्यापारी शासन प्रशासन के साथ कदम से कदम मिला कर चलते हैं, बावजूद इसके हम सभी सुरक्षित नहीं होते हैं, आए दिन हम लोगों के साथ चोरी, छीनैती व लूटपाट जैसी घटनाएं घटित होती रहती हैं। हम सभी को एकजुटता दिखानी होगी।

व्यापार संगठन महामंत्री बर्डपुर कंचन वर्मा ने कहा कि सभी राजनीतिक पार्टियां हमें केवल वोट बैंक के तौर पर इस्तेमाल करती हैं, इस लिए स्वर्णकार समाज को एकजुट होने की बहुत ही आवश्यकता है। जब हम एकजुटता के साथ अपनी ताकत का एहसास कराएंगे तभी सरकार हमारे तरफ ध्यान देगी।

इस अवसर पर उपेंद्र वर्मा, बाल मुकुंद वर्मा, भवानी वर्मा, विनित वर्मा, कन्हैया वर्मा, सत्यप्रकाश वर्मा, शुभम वर्मा, शिवप्रसाद वर्मा, सुनील वर्मा, अशोक वर्मा, विजय वर्मा, विनोद वर्मा, हरिद्वार वर्मा, दीपक वर्मा, मनोज वर्मा, हरिप्रसाद वर्मा, विनीत वर्मा, प्रिंस कुमार सोनी, शिव प्रसाद वर्मा, प्रमोद वर्मा, दीपक, किशन, हरीश, बलराम, अखिलेश, दिवाकर व जयनाथ आदि उपस्थित रहे।

# नेपाल खुनुवा बॉर्डर पर पुलिस-एसएसबी की संयुक्त पैदल गश्त, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



अवधनामा संवाददाता

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** इंडो-नेपाल खुनुवा बॉर्डर पर सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन एवं एसएसबी के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से पैदल गश्त किया। इस दौरान संजीव त्यागी डीआईजी, डॉ. अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सिद्धार्थनगर तथा 43वीं वाहिनी एसएसबी के कंपनी कमांडेंट उज्ज्वल दत्ता ने अपनी टीमों के साथ सीमा क्षेत्र का निरीक्षण किया।

अधिकारियों ने भारत-नेपाल सीमा से सटे गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया और उनकी समस्याओं व सुझावों को सुना। साथ ही लोगों से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस व सुरक्षा एजेंसियों को देने की अपील की।

इसके अलावा टीम ने खुनुवा बाजार एवं बॉर्डर चेक पोस्ट का भी निरीक्षण किया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था, आवागमन और अन्य गतिविधियों की गहन समीक्षा की गई। अधिकारियों ने ड्यूटी पर तैनात जवानों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए चौकसी बढ़ाने के निर्देश दिए।

पुलिस एवं एसएसबी के इस संयुक्त अभियान से सीमा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने का स्पष्ट संदेश दिया गया। गश्त के दौरान सीओ मयंक द्विवेदी, एसएसबी असिस्टेंट कमांडेंट अंकुश डांगे, निरीक्षक राम प्रताप सिंह, एसआई पंकज सिंह, इंस्पेक्टर नवीन कुमार सिंह, चौकी प्रभारी खुनुवा सुरेश यादव सहित पुलिस व एसएसबी के जवान मौजूद रहे।

# गोंडा में अंतिम मतदाता सूची जारी, 22.15 लाख मतदाता पंजीकृत

अवधनामा संवाददाता

**गोण्डा।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशानुसार जनपद गोंडा की विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण पूर्ण कर शुक्रवार को अंतिम प्रकाशन कर दिया गया। यह प्रक्रिया 01 जनवरी 2026 को अर्हता तिथि मानते हुए संपन्न की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, जनपद की सभी सात विधानसभा सीटों–295 मेहनौन, 296 गोण्डा, 297 कटरा बाजार, 298 करनैलगंज, 299 तरबगंज, 300 मनकापुर (अजा) एवं 301 गौरा–में 06 जनवरी 2026 से 06 मार्च 2026 तक प्राप्त दावे और आपत्तियों का निस्तारण करने के बाद मतदाता सूची को अंतिम रूप दिया गया है। अंतिम प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार जनपद में कुल 22,15,630 मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें 12,13,713 पुरुष, 10,01,868 महिला एवं 49 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। निर्वाचन कार्यालय ने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के तहत सूची को शुद्ध और अद्यतन बनाने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया गया। प्रशासन ने बताया कि अंतिम प्रकाशित निर्वाचक नामावली संबंधित तहसील कार्यालयों, जिला निर्वाचन कार्यालय पर एक सप्ताह तक आम नागरिकों के निरीक्षण हेतु निःशुल्क उपलब्ध रहेगी। इसके अतिरिक्त मतदाता सूची को जनपद की आधिकारिक वेबसाइट पर भी अपलोड कर दिया गया है, जहां नागरिक ऑनलाइन भी इसे देख सकते हैं। अपर जिलाधिकारी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक कुमार ने आमजन से अपील की है कि वे अपने नाम, पते एवं अन्य विवरणों का सत्यापन कर लें और किसी भी त्रुटि की स्थिति में कार्रवाई सुनिश्चित करें।

# निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण के सम्बन्ध में हुई बैठक

अवधनामा संवाददाता




**सिद्धार्थनगर।** अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर विधान सभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण के सम्बन्ध में प्रभारी जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की अध्यक्षता एवं अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/उपजिला निर्वाचन अधिकारी गौरव श्रीवास्तव की उपस्थिति में दिनांक शुक्रवार को पूर्वान्ह 11.00 बजे जिला निर्वाचन अधिकारी के कक्ष में जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्ष/मंत्री को अन्तिम प्रकाशित मतदाता सूची प्राप्त कराये जाने हेतु बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उपस्थित समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों को अन्तिम प्रकाशित निर्वाचक नामावली की हार्ड एवं साफ्ट कापी प्राप्त करायी गयी।

बैठक में उपस्थित समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनियों को अवगत कराया गया कि जनपद के 2434 मतदेय स्थलों पर मतदाता सूची को सम्बन्धित बीएलओ के द्वारा अपने अपने मतदेय स्थलों पर प्रकाशित कर दिया गया है। उक्त के अतिरिक्त यह भी अवगत कराया गया कि जनपद के प्रत्येक मतदेय स्थल पर आयोग के निर्देशानुसार आगामी एक सप्ताह तक सम्बन्धित मतदाताओं के सुगमता के लिए मतदाता सूची की प्रति उपलब्ध रहेगी। अर्ह मतदाता अपने-अपने नाम उक्त सूची में देख सकते है। जनपद में अन्तिम प्रकाशित मतदाता सूची के अनुसार कुल मतदाताओं की संख्या 168055 व जेण्डर रेशियो 809, ईपी रेशियो 50.20 है।

प्रगाढ पुनरीक्षण-2026 में 118541 परिवर्धन व 1364 अपमार्जन तथा 21265 मतदाताओं का नाम संशोधन किया गया है। प्रगाढ पुनरीक्षण का कार्य आयोग के निर्देशानुसार पूर्ण करते हुए जनपद में दिनांक 10-04-2026 को अन्तिम प्रकाशन करा दिया गया।

# घर-घर पहुंचे युवा नेता विकास पाण्डेय, गिनाई सरकार की उपलब्धियां



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर के तिलकनगर वार्ड में युवा भाजपा नेता विकास पाण्डेय ने भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ घर घर जनसंपर्क करते हुए मोदी योगी सरकार की उपलब्धियों का पत्रक बांटा।

लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि, मोदी योगी की डबल इंजन की सरकार ने विगत 9 वर्षों में उत्तर प्रदेश को अपराधमुक्त करते हुए कानून का राज स्थापित किया, बीस से चौबीस घंटे की बिजली आपूर्ति, गांव-गांव तक की पक्की सड़के और गरीबों को निशुल्क राशन, प्रधानमंत्री आवास, गैस कनेक्शन, आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मान निधि और शौचालय उपलब्ध कराने का काम किया।

नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद माधव ने आस्था के प्रतीक श्रीराम मंदिर निर्माण, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, दिव्य भव्य कुंभ,अयोध्या में दीपोत्सव, मथुरा में होली आदि कार्यक्रमों के माध्यम से भारतीय संस्कृति और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देकर रोजगार सृजन का काम भी किया है। नवनियुक्त नगर अध्यक्ष भाजपा सतीश रस्तोगी ने सभी से आग्रह किया कि इस जनअभियान में सहभागिता कर इसे सफल बनाएं। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद माधव, संयोजक वीरेंद्र लोधी, सभासद तिलकनगर कृपाशंकर त्रिपाठी, सभासद राजाराम लोधी, नामित सभासद भानु सिंह सिसोदिया उपस्थित रहे।

# 15 अप्रैल से शुरू होगा कक्षा एक के लिए 12 सप्ताह का स्कूल रेडिनेस कार्यक्रम

- नामांकन-ठहराव के साथ प्रारंभिक दक्षता मजबूत करने पर फोकस
- निपुण लक्ष्य के अनुरूप आंकलन व रेमेडियल टीचिंग की स्पष्ट रूपरेखा



अवधनामा संवाददाता

**सेवरही, कुशीनगर।** दुदही विकास खंड के कोरया न्याय पंचायत में कक्षा एक में नामांकित छात्रों के लिए स्कूल रेडिनेस फेज टू के तहत 12 सप्ताह का विशेष कार्यक्रम 15 अप्रैल से शुरू होगा। इसके सफल संचालन को लेकर कंपोजिट विद्यालय गुरवलिया में शुक्रवार को एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित कर शिक्षकों को विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए।

कार्यशाला में एआरपी हिंदी आमोद कुमार ने कहा कि कक्षा एक में प्रवेश लेने वाले बच्चों की बुनियादी तैयारी को सुदृढ़ करना इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। भाषा व गणित की प्रारंभिक समझ विकसित कर बच्चों को आगे की पढ़ाई के लिए तैयार किया जाएगा। उन्होंने गतिविधि आधारित शिक्षण व संदर्शिका के अनुरूप कक्षा संचालन को अनिवार्य बताया। सामाजिक विषय के एआरपी राहुल सिंह ने कहा कि स्कूल चलो अभियान के तहत अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन व उनका ठहराव सुनिश्चित करना प्राथमिकता है। 15 अप्रैल से शुरू होने वाले 12 सप्ताह के इस कार्यक्रम में प्रत्येक छात्र का निपुण प्लस एप पर नियमित आंकलन किया जाएगा। कमजोर छात्रों को चिन्हित कर रेमेडियल टीचिंग के माध्यम से उनके सीखने के स्तर में सुधार लाया जाएगा। नोडल शिक्षक विनोद सिंह ने कहा कि कार्यशाला में दिए गए निर्देशों का प्रभावी क्रियान्वयन ही कार्यक्रम की सफलता तय करेगा।

उन्होंने अभिभावकों से संपर्क बढ़ाने व बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बैठक में संतेष प्रसाद, परमानंद पांडेय, अरबिंद यादव, दिलीप वर्मा, रामऔतार यादव, भानु सिंह, रामनगीना प्रसाद, प्रेम कुमार गुप्ता, अनिल यादव, राहुल राव, अजय तिवारी, मोहम्मद हसन, सुनील कुमार, हसन फरोग, शैलेन्द्र कुमार, स्वतंत्र, राजू, महेश, समीर आदि उपस्थित रहे।

# ईरान के सुप्रीम लीडर ख़ामनाई के चालीसवां की मजलिस में भाग लेंगे हकीम अब्दुल मजीद इलाही

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** पूर्वांचल के शिया बहुल क्षेत्र जलालपुर के चिलवनिया स्थित कर्बला बड़ी दरगाह में आगामी 13 अप्रैल को अपराह्न एक बजे ईरान के सर्वोच्च नेता सय्यद अली खामनेई की चालीसवें की मजलिस शोक सभा (सर्वधर्म सभा) विश्व शांति हेतु प्रार्थना सभा का आयोजन होगा। सर्वधर्म सभा में ईरान के सर्वोच्च नेता के प्रतिनिधि डॉ अब्दुल मजीद हकीम इलाही मुख्य रूप से भाग ले रहे हैं। अन्य वक्तागण में मौलाना यासूब अब्बास लखनऊ ,मौलाना सैयद शाह फजले मन्नान रहमानी लखनऊ, स्वामी श्री सारंग जी महाराज लखनऊ, मौलाना सैयद तकी हैदर नक़वी दिल्ली, मौलाना फजले मुमताज जौनपुर, मौलाना मोहम्मद मोहसिन फैजाबाद शामिल हैं। आयोजन समिति से जुड़े इब्ने अली जाफरी, अहसन रज़ा मीसम, मोहम्मद अब्बास राजा ने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न धर्मों के विचारक एवं विद्वान अपने विचार व्यक्त करेंगे।

# जनपद में हाकी टीमों के बीच रोमांचक मैच मुकाबले



**जलालपुर, अम्बेडकरनगर।** नरेंद्र देव इंटर कॉलेज के मैदान पर शुक्रवार को अभिनव क्लब द्वारा आयोजित अंतरराज्यीय महिला हॉकी प्रतियोगिता का जोरदार आगाज हुआ। प्रतियोगिता के दूसरे दिन पूरे मैदान में खेल का जुनून और प्रतिस्पर्धा का उच्च स्तर देखने को मिला। पहला मैच अभिनव कल्ब अम्बेडकर नगर और नागपुर के बीच खेला गया, 2.0 अभिनव क्लब जीत गई.दूसरा मैच महिला छात्रावास अयोध्या और पंजाब के बीच खेला गया, अयोध्या टीम 2.1 से जीत गई,तीसरा मैच कुमकुम एकेडमी कोलकाता और एकलव्य स्टेडियम के बीच खेला गया ,कोलकाता 2.0 से जीत दर्ज किया, चौथा मैच नागपुर हॉकी और उत्तर प्रदेश पुलिस के बीच खेला गया, उत्तर प्रदेश पुलिस 5.0 जीत गई, 'हॉकी प्रतियोगिता में पंजाब की शबनम को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार एसडीएम राहुल गुप्ता व सीओ अनूप कुमार सिंह द्वारा हॉकी प्रदान किया गया। 'विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख गौरव सिंह ,स्वाति पाठक (नारी शक्ति संस्थान, सदस्य, आज़मगढ़, सुमित्रा त्रिपाठी मौजूद रहीं। इस अवसर पर हॉकी खेल सचिव हनुमान सिंह, अध्यक्ष दीपक त्रिपाठी, सचिव शनि पांडे, संयोजक देवेश मिश्र, मीडिया प्रभारी विकास निषाद, जिला मंत्री पंकज वर्मा, कोषाध्यक्ष आनंद जायसवाल व आदित्य गोयल,सौरभ सिंह, मंटू मौर्या सहित उपस्थित रहे।मुकाबलों की रोमांचक कमेंट्री कुलवीर सिंह और संचालन आशुतोष सिंह ने की। खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा और टीम भावना का लोहा मनवाया, वहीं दर्शकों ने हर गोल पर खूब तालियाँ बजाई।

# मार्च रैंकिंग में गोंडा का सुधार, डीएम ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

अवधनामा संवाददाता

**गोण्डा।** मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा सीएम डैशबोर्ड पर संचालित विकास कार्यों की नवीनतम रैंकिंग मंगलवार को जारी की गई, जिसमें जनपद गोंडा को प्रदेश में 26वां स्थान प्राप्त हुआ है। रैंकिंग जारी होते ही जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ समीक्षा कर अगले माह जनपद को शीर्ष 10 में लाने का स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित किया है।मार्च माह की इस रैंकिंग में गोंडा ने उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया है। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन द्वारा नियमित समीक्षा बैठकों, विभागवार प्रगति की निगरानी और राजस्व एवं विकास कार्यों में तेजी लाने के प्रयासों का सकारात्मक प्रभाव रैंकिंग में दिखाई दिया है। प्रशासनिक स्तर पर समन्वय बढ़ाने और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से जिले की स्थिति में सुधार हुआ है। जारी आंकड़ों के अनुसार, गोंडा को राजस्व श्रेणी में 21वां तथा विकास कार्यों में 26वां स्थान प्राप्त हुआ है। तथा प्रदेश में राजस्व और विकास की संयुक्त रैंकिंग में 23 रैंक वहीं मंडल स्तर पर जनपद ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए राजस्व में दूसरा और विकास कार्यों में पहला स्थान हासिल किया है, जो जिले के लिए संतोषजनक उपलब्धि मानी जा रही है।

जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया है कि लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण, योजनाओं की समयबद्ध प्रगति और जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि फील्ड स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग और जवाबदेही तय कर ही बेहतर परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आगामी माह में रैंकिंग सुधारने के लिए विशेष कार्ययोजना लागू की जाएगी। इसके तहत कमजोर क्षेत्रों की पहचान कर उनमें सुधार के लिए लक्षित प्रयास किए जाएंगे। अधिकारियों का कहना है कि सामूहिक प्रयासों और कड़ी निगरानी के बल पर गोंडा को जल्द ही शीर्ष जनपदों की श्रेणी में शामिल किया जाएगा।

# धरती माता बचाओ अभियान और फॉर्मर रजिस्ट्री पर हुई बैठक



अवधनामा संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** कृषि भवन के सभागार में 'धरती माता बचाओ अभियान' और 'फार्मर रजिस्ट्री' को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में कृषि विभाग के उप कृषि निदेशक अश्वनी कुमार सिंह द्वारा प्राकृतिक खेती और किसानों के फार्मर रजिस्ट्री को लेकर विस्तृत जानकारी दी गई।और मृदा स्वास्थ्य पर जोर दिया उप कृषि निदेशक ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए 'धरती माता बचाओ अभियान' के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने रसायनों के अत्यधिक प्रयोग पर चिंता व्यक्त करते हुए कहाः हमें मिट्टी की उर्वरकता बनाए रखने के लिए प्राकृतिक खेती की ओर वापस लौटना होगा जिससे धरती माता को रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग से मुक्त करना होगा। जो केवल आने वाली पीढ़ियां के लिए भी अनिवार्य है और पर्यावरण भी शुद्ध रहेगा।उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे जैविक खादों का अधिक प्रयोग करें और संतुलित मात्रा में ही उर्वरकों का इस्तेमाल करें। बैठक के दौरान जिला कृषि अधिकारी अरविंद कुमार चौधरी ने फार्मर रजिस्ट्री की प्रक्रिया और इसके लाभों के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि इस डिजिटल पहल से किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में आसानी होगी जिससे किसानों में पारदर्शिताः आयेगी सरकारी योजनाओं और सब्सिडी का लाभ सीधे पात्र किसानों तक पहुँचेगा।

# आबादी और मंदिर के पास शराब की दुकान खोलने का विरोध

अवधनामा संवाददाता

- आबकारी अधिकारी को ग्रामीणों ने सौंपा महज्जरनामा

**बांसी सिद्धार्थनगर।** जनपद सिद्धार्थनगर के बांसी तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत महुआकला में देशी/कम्पोजिट मदिरा की दुकान को आबादी क्षेत्र और शिक्षण संस्थान के पास स्थानांतरित किए जाने को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने एकजुट होकर जिला आबकारी अधिकारी को एक सामूहिक प्रार्थना पत्र (महज्जरनामा) सौंपकर दुकान को पुराने स्थान पर ही रखने की मांग की है।ग्रामीणों का आरोप है कि पहले मदिरा की दुकान बांसी-इटवा मार्ग पर स्थित थी, जिससे किसी को कोई असुविधा नहीं थी। लेकिन वर्तमान में इस दुकान को गांव की घनी आबादी, प्राथमिक विद्यालय और मंदिर के बिल्कुल नजदीक स्थापित किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यह न केवल नियमों के विरुद्ध है, बल्कि सामाजिक माहौल के लिए भी घातक है।ग्रामीणों ने प्रशासन के सामने निम्नलिखित प्रमुख चिंताएं रखी हैं। जिस स्थान पर दुकान खोली जा रही है, वह गांव की महिलाओं और आम नागरिकों के आने-जाने का एकमात्र मुख्य रास्ता है। शराब की दुकान होने से वहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगेगा, जिससे महिलाओं का निकलना दूभर हो जाएगा।दुकान के चारों ओर गेहूं की फसल लहलहा रही है। ग्रामीणों को डर है कि शराब पीने वाले व्यक्ति वहां सिगरेट या बीड़ी जलाकर फेंक सकते हैं, जिससे खड़ी फसल में भीषण आग लग सकती है और किसानों को भारी नुकसान हो सकता है।प्राथमिक विद्यालय और मंदिर के पास शराब की दुकान खोलना सरकारी मानकों का उल्लंघन है। महुआकला के निवासियों ने जिला आबकारी अधिकारी से सहानुभूतिपूर्वक विचार करने की अपील की है। उन्होंने मांग की है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए शराब की दुकान को आबादी से दूर या उसके पुराने स्थान पर ही स्थापित किया जाए।

# विश्व होम्योपैथिक दिवस पर याद किए गए डॉक्टर हनीमैन



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** पूर्वांचल के प्रसिद्ध होम्योपैथिक चिकित्सक डॉक्टर भास्कर शर्मा ने कहा कि होमियोपैथिक चिकित्सा विधा के जनक डॉ. सैमुअल हैनीमन का नाम इतिहास में सदैव स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज रहेगा। उन्होंने वर्षों के कठिन परिश्रम व सतत् अनुसंधान से समानता के सिद्धांत पर आधारित होमियोपैथी रूपी चिकित्सा पद्धति का आविष्कार कर पूरे विश्व को एक अमोद्य अस्त्र प्रदान किया है। इसके द्वारा असाध्य रोगों का इलाज भी सरलतापूर्वक किया जा सकता है। उनके इस कृत्य के लिए संपूर्ण मानव सदैव ऋणी रहेगा।डॉक्टर भास्कर शर्मा शर्मा होम्योपैथिक चिकित्सालय एंड रिसर्च सेंटर इटवा बाजार सिद्धार्थनगर उत्तर प्रदेश में आयोजित डॉ. हैनिमन के जन्म दिवस समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि डॉ. हैनिमन की जन्म दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया जाता है उन्होंने डॉक्टर हनीमैन जन्म दिवस पर दीप प्रज्ज्वलित व माल्यार्पण कर खुद को ऊर्जावान महसूस करते हुए डा. सैमुअल हैनिमन के राह चलने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि किसी भी स्वास्थ्य समस्या के समाधान के लिए वे हमेशा तत्पर हैं। और अंत में डॉ दिनेश मौर्या मनोज शर्मा मुगलसराय डॉ अमित जायसवाल डॉक्टर राजकुमार शर्मा आदि चिकित्सकों ने डॉक्टर हनीमैन की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया।

## मौलिक अधिकार है मताधिकार

यह भारत के प्रत्येक नागरिक के मौलिक अधिकार-मताधिकार-का सवाल है। इसे न तो कोई छीन सकता है और न ही स्थगित कर सकता है। स्थगित के मायने हैं कि कोई बात नहीं, आप पांच साल के बाद वाले चुनाव में मतदान कर लेना। नहीं, यह बिल्कुल गलत, असंवैधानिक और अलोकतांत्रिक है। लेकिन पश्चिम बंगाल में ऐसा हुआ है और हडक़ंप मचा है। लोगों में भय और आशंका है कि अंततः उनकी नागरिकता रद्द कर दी जाएगी! चुनाव आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कई राज्यों और संघशासित क्षेत्रों में किए हैं। बेशक बिहार में तूफान मचा और इसे राजनीतिक, चुनावी मुद्दा बनाने की कोशिशें की गईं, लेकिन नाकाम रहीं। चुनाव सम्पन्न हो गया और भाजपा-एनडीए की सरकार बरकरार रही। बंगाल में 'तार्किक विसंगति श्रेणी' की प्रक्रिया के बाद भी 27.16 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम काट दिए गए। कुल 90.83 लाख से अधिक नाम काटे गए हैं। क्या वे सभी घुसपैठिए या फर्जी मतदाता थे? आयोग ने आज तक यह स्पष्ट क्यों नहीं किया? जिनकी मृत्यु हो गई, उनका आंकड़ा छोड़ दीजिए, उनके अलावा यह कोई सामान्य आंकड़ा नहीं है। इतने लोगों के मताधिकार छीने गए हैं। चुनाव आयोग के पास मताधिकार छीनने की कोई संवैधानिक शक्ति नहीं है। यदि लाखों नाम काटे गए हैं, तो उनका ब्यौरा भी देना पड़ेगा, क्योंकि यह मौलिक अधिकार का सवाल है। यह आंकड़ा 4 लोकसभा सीट के मतदाताओं की कुल संख्या से भी अधिक है, नतीजतन इस बार के विधानसभा चुनाव में कुल 6,75,54,184 मतदाता ही वोट डाल सकेंगे। बंगाल में एसआईआर से पहले मतदाताओं की संख्या 7.66 करोड़ से अधिक थी। 2024 के लोकसभा चुनाव में भी 7.61 करोड़ से ज्यादा पात्र मतदाता थे। जिन 27.16 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम अधर में लटके हैं अथवा जो नाम अब भी संदिग्ध हैं, वे निश्चित तौर पर 23 और 29 अप्रैल के मतदान में मताधिकार का इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे, क्योंकि नामांकन की प्रक्रिया समाप्त होने के बाद मतदाता सूचियां 'फ्रीज' कर दी गई हैं। यानी उनमें अब कोई संशोधन नहीं किया जा सकता। हालांकि ये लाखों मतदाता ट्रिब्यूनल के सामने अपनी शिकायतें, आपत्तियां दर्ज करा सकते हैं, लेकिन ट्रिब्यूनल ही लूले-लंगड़े हैं।

उनके पास कमरा, कुर्सी, मेज, डिजिटल नेटवर्क की सुविधाएं ही नहीं हैं। सर्वोच्च अदालत के आदेश पर जिन न्यायिक समितियों को मतदाताओं के मामलों की जांच करनी थी, उनमें से कई समितियां तो गठित ही नहीं हुई हैं। मतदाताओं को 'न्याय' कौन और कैसे देगा? मान लीजिए कि तार्किक विसंगति के मामलों की जांच के बाद 10 लाख नाम सही पाए गए और उनकी एक पूरक मतदाता सूची चुनाव आयोग ने प्रकाशित भी कर दी, तो उन्हें कौन वोट डालने देगा? क्या चुनाव अधिकारियों को 'पूरक सूची' संबंधी निर्देश दिए गए हैं? वे वोट कैसे डाल सकेंगे, जबकि मतदाता सूचियां तो 'फ्रीज' हो चुकी हैं। पात्र मतदाता भी वोट कैसे डाल सकेगा? इस संदर्भ में सर्वोच्च अदालत के जस्टिस बागची का फैसला 'संवैधानिक' नहीं लगता। उन्होंने कहा है कि ऐसे मतदाता भविष्य की मतदाता-सूची में स्थान पा सकते हैं। वे भविष्य के चुनावों में अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकते हैं। बेशक हम न्यायाधीश के फैसले पर सवाल नहीं कर सकते, लेकिन यह सवाल जरूर करेंगे कि यह अधिकार किसने दिया कि पांच साल बाद मतदान कर लेना? मताधिकार तो चिरस्थायी, सार्वकालिक, निरंतर है। चुनाव जब भी होंगे, तो देश के नागरिक को अपना प्रतिनिधि चुनने का संवैधानिक अधिकार 'सदैव' है। बेशक एसआईआर चुनाव आयोग के संवैधानिक दायित्वों में आता है, लेकिन यह जनता-विरोधी साबित नहीं होना चाहिए। बंगाल में 75-80 फीसदी मुसलमानों के नाम काटे गए हैं और कुछ हिंदुओं या गैर-मुस्लिमों पर भी छुरी चली है, ताकि तटस्थता की बानगी पेश की जा सके। सवाल है कि जिस व्यक्ति ने संविधान के भीतर खूबसूरत, सांस्कृतिक चित्र बनाए, उसके परिजनों को 'मतदाता' क्यों नहीं माना गया? एक पासपोर्ट धारक का नाम सूची से गायब क्यों है? बीएसएफ का जो जवान सरहदों पर देश की रक्षा कर रहा है, उसे पात्र मतदाता क्यों नहीं माना गया? ऐसी असंख्य विसंगतियां अब भी मौजूद हैं। यदि कोई प्रतिनिधिमंडल मुख्य चुनाव आयुक्त से मिलने जाता है, तो उसके साथ दुर्व्यवहार क्यों किया जाता है? क्या वह ही 'महामहिम' हैं? बहरहाल इन मुद्दों पर आंदोलित होना चाहिए। आशा है कि विभिन्न राज्यों में विधानसभा चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न होंगे।

## कर्नल पंकज कुमार के साहस को 'कीर्ति चक्र'

**हरी राम यादव**

समाज में कुछ ऐसे लोग होते हैं जो अपनी दृढ इच्छा शक्ति, कठिन परिश्रम और साहस से ऐसा कुछ कर जाते हैं जो एक इतिहास बन जाता है और यही इतिहास आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देता है। नयी पीढ़ी इसी मार्ग पर चलकर कुछ नया करने के लिए सोचती है। यही इतिहास युवा पीढ़ी को पाठ्यक्रम में पढाया जाता है।, लोग इसी पर शोध करते हैं और वह शोध फिर एक इतिहास बन जाता है। इतिहास और वर्तमान का यह क्रम चलता रहता है। आज हम एक ऐसे योद्धा का इतिहास पढेंगे जिसका साहस और पराक्रम वर्तमान की नींव है।



7/11 गोरखा राइफल्स के लेफ्टिनेंट पंकज कुमार को हिलागुरी छापरी क्षेत्र एक खोजी मिशन पर भेजा गया था। उनके इस दल में एक जूनियर कमीशन अफसर और 15 जवान शामिल थे। यह दल 05 अप्रैल 2007 को सुबह 0100 बजे अपने मिशन पर निकल पड़ा और आतंकवादियों की खोज में लगातार चलता रहा।

10 अप्रैल 2007 का दिन था और समय लगभग 05 बजे, 30 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर बाद जब लेफ्टिनेंट पंकज कुमार, नायक रमेश कुमार तमांग, लांस नायक फुरबा शेरिंग शेरपा और सिपाही रिंकू फुकन के साथ टिक्लिबाम में तलाशी के लिए पहली झोपड़ी की ओर बढ़ ही रहे थे, उसी समय दो आतंकवादी बाहर निकले और फायरिंग शुरू कर दी। लेफ्टीनेंट पंकज कुमार ने तुरंत आड़ ली और उनके ऊपर फायरिंग शुरू कर दी। आतंकवादी घने जंगल में पेड़ों के पीछे छुप गये और अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी जिससे इस दल का आगे बढ़ना रूक गया। लेफ्टिनेंट पंकज कुमार ने नायक रमेश तमांग को आतंकवादियों को व्यस्त रखने का निर्देश दिया और अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना घनी झाड़ियों के बीच से रेंगते हुए आतंकवादी के पीछे पहुंच गये और उन्होंने आतंकवादी के ऊपर गोलियों की बौछार कर दी।

इस हमले में एक आतंकवादी मारा गया। इसी बीच दूसरा आतंकवादी घने जंगल में छिप गया। लेफ्टीनेंट पंकज कुमार उसके पीछे लग गये। घने जंगल में छिपे आतंकवादी ने उनके ऊपर ग्रेनेड फेंक कर, सुरक्षा घेरा तोड़कर भागना शुरू कर दिया। उन्होंने अपने नजदीक ग्रेनेड के फटने की चिन्ता किए बिना दूसरे आतंकवादी को मार गिराया। इसी बीच अन्य झोपड़ियों में छिपे दूसरे आतंकवादियों ने गोलियां बरसाना शुरू कर दिया और आसपास के जंगल की ओर भागने लगे। लेफ्टिनेंट पंकज कुमार ने तुरंत स्थिति को संभाला और आतंकवादियों के ऊपर भीषण गोलीबारी की। जिससे भागने वाले सभी आतंकवादी मौके पर ही ढेर हो गये। पूरे ऑपरेशन के दौरान जिसमें आठ आतंकवादी मारे गए थे, लेफ्टिनेंट पंकज कुमार ने अपनी टीम का नेतृत्व किया। भारी गोलाबारी के बीच उनके अनुकरणीय साहस, नेतृत्व क्षमता और कुशलता के बल पर बिना किसी क्षति के आठ कट्टर आतंकवादियों को मार गिराया। उनके इस साहसिक प्रदर्शन और नेतृत्व कौशल के लिए उन्हें शांतिकाल के दूसरे सबसे बड़े सम्मान 'कीर्ति चक्र' से सम्मानित किया गया। बाद में इन्हें सेना शिक्षा कोर से स्थायी रूप से गोरखा राइफल्स में तैनात कर दिया गया। लेफ्टीनेंट पंकज कुमार का जन्म 11 मार्च 1978 को जनपद बागपत के गांव कंकड़ी पुर में श्रीमती केलावती सिंह तथा श्री सत्यपाल सिंह के यहां हुआ था।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

**महात्मा फुले के जीवन में शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण मिशन बनी। उनका मानना था कि ज्ञान किसी एक वर्ग की संपत्ति नहीं, बल्कि एक ऐसी शक्ति है, जिसे सभी के साथ साझा किया जाना चाहिए। जब समाज के बड़े हिस्से को शिक्षा से वंचित रखा जाता था, तब उन्होंने लड़कियों और वंचित वर्गों के लिए स्कूल खोले। वे कहते थे, 'बच्चों में जो सुधार मां के माध्यम से आता है, वह बहुत महत्वपूर्ण होता है। इसलिए अगर स्कूल खोले जाएं, तो सबसे पहले लड़कियों के लिए खोले जाएं।' उन्होंने शिक्षा को न्याय और समानता का माध्यम बनाया।**

# महात्मा ज्योतिराव फुले: भारत के दिव्य पथ-प्रदर्शक

आज 11 अप्रैल हम सभी के लिए बहुत विशेष दिन है। आज भारत के महान समाज सुधारकों में से एक और पीढ़ियों को दिशा दिखाने वाले महात्मा ज्योतिराव फुले की जन्म-जयंती है। इस वर्ष यह अवसर और भी अधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि उनके 200वें जयंती वर्ष का शुभारंभ भी हो रहा है। महान समाज सुधारक महात्मा फुले का जीवन नैतिक साहस, आत्म चिंतन और समाज के हित के लिए अटूट समर्पण का प्रेरक उदाहरण है। महात्मा फुले को केवल उनकी संस्थाओं या आंदोलनों के लिए ही याद नहीं किया जाता, बल्कि उन्होंने लोगों के मन में जो आशा और आत्मविश्वास जगाया, उसका व्यापक प्रभाव हम आज भी महसूस करते हैं। उनके विचार देशवासियों के लिए प्रेरणापुंज हैं।



**नरेन्द्र मोदी**

महात्मा फुले का जन्म 1827 में महाराष्ट्र में एक बहुत साधारण परिवार में हुआ। लेकिन शुरुआती चुनौतियां कभी उनकी शिक्षा, साहस और समाज के प्रति समर्पण को नहीं रोक पाईं। उन्होंने हमेशा यह माना कि चाहे कितनी भी कठिनाइयां क्यों न आएं, इंसान को मेहनत करनी चाहिए, ज्ञान हासिल करना चाहिए और समस्याओं का समाधान करना चाहिए, न कि उन्हें अनदेखा करना चाहिए। बचपन से ही महात्मा फुले बहुत जिज्ञासु थे और अपनी उम्र के अन्य बच्चों की अपेक्षा कहीं अधिक पुस्तकें पढ़ते थे। वो कहते भी थे, 'हम जितना ज्यादा सवाल करते हैं, उनसे उतना ही अधिक ज्ञान निकलता है।' साफ है कि बचपन से मिली जिज्ञासा उनकी पूरी यात्रा में बनी रही। महात्मा फुले के जीवन में शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण मिशन बनी। उनका मानना था कि ज्ञान किसी एक वर्ग की संपत्ति नहीं, बल्कि एक ऐसी शक्ति है, जिसे सभी के साथ साझा किया जाना चाहिए। जब समाज के बड़े हिस्से को शिक्षा से वंचित रखा जाता था, तब उन्होंने लड़कियों और वंचित वर्गों के लिए स्कूल खोले। वे कहते थे, 'बच्चों में जो सुधार मां के माध्यम से आता है, वह बहुत महत्वपूर्ण होता है। इसलिए अगर स्कूल खोले जाएं, तो सबसे पहले लड़कियों के लिए खोले जाएं।' उन्होंने शिक्षा को न्याय और समानता का माध्यम बनाया।

शिक्षा के प्रति उनका दृष्टिकोण हमें आज भी बहुत प्रेरित करता है। पिछले एक दशक में भारत ने युवाओं के लिए रिसर्च और इनोवेशन को बहुत प्राथमिकता दी है। एक ऐसा इकोसिस्टम बनाने का प्रयास किया गया है, जिसमें युवा सवाल पूछने, नई चीजें सीखने और इनोवेशन के लिए प्रेरित हों। ज्ञान, कौशल और अवसरों में निवेश करके भारत अपने युवाओं को देश की प्रगति का आधारस्तंभ बना रहा है। अपने शैक्षिक ज्ञान और बौद्धिकता से महात्मा फुले ने कृषि, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास जैसे क्षेत्रों की गहरी जानकारी हासिल की। वे कहते थे कि किसानों और मजदूरों के साथ अन्याय समाज को कमजोर करता है। उन्होंने देखा कि सामाजिक असमानताएं खेतों और गांवों में लोगों के जीवन को कैसे प्रभावित करती हैं। इसलिए उन्होंने गरीबों, वंचितों और कमजोर वर्गों को सम्मान दिलाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। इसके साथ ही उन्होंने सामाजिक सद्भाव बनाए रखने के लिए भी हरसंभव प्रयास किए।



महात्मा फुले ने कहा था, ' 'जोपर्यंत समाजातील सर्वांना समान अधिकार मिळत नाहीत, तोपर्यंत खरे स्वातंत्र्य मिळत नाही' यानी जब तक समाज के सभी लोगों को समान अधिकार नहीं मिलते, तब तक सच्ची आजादी नहीं मिल सकती। इसी विचार को जमीन पर उतारने के लिए उन्होंने कई संस्थाओं की स्थापना की। उनका सत्यशोधक समाज, आधुनिक भारत के सबसे महत्वपूर्ण समाज सुधार आंदोलनों में से एक था। यह आंदोलन सामाजिक सुधार, सामुदायिक सेवा और मानवीय गरिमा को बढ़ावा देने में अग्रणी रहा था। यह महिलाओं, युवाओं और गांवों में रहने वाले लोगों की पुरजोर आवाज बना। यह आंदोलन उनके इस विश्वास को दर्शाता है कि समाज की मजबूती के लिए न्याय, हर व्यक्ति के प्रति सम्मान और सामूहिक प्रगति जरूरी है।

उनका व्यक्तिगत जीवन भी साहस की मिसाल रहा। लगातार लोगों के बीच रहकर काम करने का असर उनके स्वास्थ्य पर भी पड़ा। लेकिन गंभीर बीमारी भी उनके संकल्प को कमजोर नहीं कर सकी। एक गंभीर स्ट्रोक के बाद भी उन्होंने अपना काम और समाज के लिए संघर्ष जारी रखा। उनका शरीर कमजोर हुआ, लेकिन समाज के प्रति उनका समर्पण कभी नहीं डगमगाया। आज भी करोड़ों लोग उनके जीवन के इस पहलू से प्रेरणा लेते हैं। महात्मा फुले का स्मरण, सावित्रीबाई फुले के सम्मानजनक उल्लेख के बिना अधूरा है। वह स्वयं भारत की महान समाज सुधारकों में से एक थीं। भारत की पहली महिला शिक्षिकाओं में शामिल सावित्रीबाई ने लड़कियों की शिक्षा को आगे बढ़ाने में बेहद अहम भूमिका निभाई। महात्मा फुले के निधन के बाद भी उन्होंने इस कार्य को जारी रखा। 1897 में प्लेग महामारी के दौरान उन्होंने मरीजों की इतनी सेवा की कि वह स्वयं भी इस बीमारी की शिकार हो गई और उनका निधन हो गया।

भारतभूमि बार-बार ऐसी महान विभूतियों से धन्य होती रही है, जिन्होंने अपने विचार, त्याग और कर्म से समाज को मजबूत बनाया है। उन्होंने बदलाव का इंतजार नहीं किया, बल्कि स्वयं बदलाव का माध्यम बने। सदियों से हमारे देश में समाज सुधार की आवाज उन्हीं लोगों से उठी है, जिन्होंने पीड़ा को भाग्य नहीं माना, बल्कि उसे खत्म करने के प्रयासों में जुटे रहे। महात्मा ज्योतिराव फुले भी ऐसे ही महान व्यक्तित्व थे।

मुझे 2022 में पुणे की अपनी यात्रा याद है, जब मैंने शहर में महात्मा फुले की भव्य प्रतिमा पर उन्हें श्रद्धांजलि दी थी। उनके 200वें जयंती वर्ष की शुरुआत पर हम उनके विचारों को अपनाकर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं। हमें शिक्षा के प्रति अपने संकल्प को मजबूत करना होगा। अन्याय के प्रति संवेदनशील बनना होगा और यह विश्वास रखना होगा कि समाज अपने प्रयासों से ही खुद को बेहतर बना सकता है। उनका जीवन हमें सिखाता है कि समाज की शक्ति को जनहित और नैतिक मूल्यों से जोड़कर भारत में क्रांतिकारी बदलाव लाए जा सकते हैं। यही कारण है कि आज भी उनके विचार करोड़ों लोगों में नई उम्मीद जगाते हैं। महात्मा ज्योतिराव फुले 200 साल बाद भी केवल इतिहास का नाम नहीं, बल्कि भारत के भविष्य के मार्गदर्शक बने हुए हैं।

# युद्धविराम अंतिम, निर्णायक स्थिति नहीं

**बेशक राष्ट्रपति ट्रंप इस अस्थायी युद्धविराम को ही 'मुकम्मल जीत' मान रहे हैं, विश्व शांति का सबसे बड़ा दिन कह रहे हैं और इसे मध्य-पूर्व के 'स्वर्ण-युग' का दिन भी करार दे रहे हैं, लेकिन हकीकत यह है कि 39 दिन के युद्ध में वह पूरी तरह नाकाम रहे हैं। ईरान में कट्टरपंथी हुकूमत बदलने, परमाणु कार्यक्रम को समाप्त करने, बैलिस्टिक मिसाइल के उत्पादन पर अंकुश लगाने, होर्मुज स्ट्रेट को खुलवाने, ईरानी सेना को नेस्तनाबूद करने, ईरान में बगावत और सत्ता-परिवर्तन कराने, तेल पर कब्जा करने के जो अमेरिकी, घोषित मंसूबे थे।**

सात अप्रैल की शाम ट्रंप ने कहा था कि आज की रात ईरानी सभ्यता हमेशा के लिए मिट जाएगी लेकिन दूसरे ही दिन उन्होंने दो हफ्ते के युद्धविराम की घोषणा कर दी। बहरहाल सभ्यता खत्म करने की अमेरिका की 'डेडलाइन' से पहले ही, 8 अप्रैल की भोर में, युद्धविराम की घोषणा कर दी गई। युद्धविराम फिलहाल दो सप्ताह तक रहेगा। यह घोषणा करने से पहले राष्ट्रपति ट्रंप ने फोन पर इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू से बातचीत की। अंततः नेतन्याहू को ट्रंप का फैसला स्वीकार करना पड़ा। ईरान युद्ध के 40वें दिन युद्ध विराम हो सका है। निस्संदेह इस युद्ध ने पश्चिम एशिया के रणनीतिक परिदृश्य को पूरी तरह से बदलने के साथ ही वैश्विक कूटनीति पर असर डाला है। एक माह से अधिक समय तक चले इस युद्ध में विनाशकारी हवाई हमलों, होर्मुज जलडमरूमध्य की प्रभावी नाकाबंदी और सभ्यता के विनाश के खतरों के बाद अब एक अस्थायी विराम ने पूरी दुनिया को राहत दी है। युद्ध भले ही अमेरिका-इस्राइल और ईरान के बीच लड़ा जा रहा था, लेकिन इसने दुनिया के तमाम देशों के नागरिकों, वैश्विक बाजारों और ऊर्जा पर निर्भर अर्थव्यवस्थाओं को गहरे तक प्रभावित किया। उनके लिये अस्थायी युद्ध विराम होना निस्संदेह राहतकारी खबर है।



**रोहित माहेश्वरी**

लेकिन इसके बावजूद हकीकत यह है कि इस नाजुक शांति के पीछे कई चिंताजनक सच्चाइयां छिपी हैं। यह सर्वविदित है कि जिन उद्देश्यों को लेकर अमेरिका-इस्राइल ने यह युद्ध शुरू किया था, वे कहीं से पूरे होते नजर नहीं आते। वह बात अलग है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बार-बार लक्ष्य पूरे होने की दलील देते रहते हैं। वहीं ईरान भी युद्ध विराम को अपनी सफलता के रूप में दर्शा रहा है।

अब अमेरिका-ईरान के प्रतिनिधि 10 अप्रैल से इस्लामाबाद में बातचीत करेंगे और वृहद शांति-समझौते की जमीन तैयार करेंगे। अब वैश्विक सवाल और जिज्ञासा है कि क्या युद्ध का यह दौर स्थायी रूप से खत्म होगा? क्या अमेरिका अपनी सेना को वापस बुला लेगा? क्या इजरायल ईरान का अस्तित्व मिटाने के अपने पुराने लक्ष्य और मंसूबे को हासिल करने के लिए युद्ध की फिर शुरुआत करेगा? बेशक राष्ट्रपति ट्रंप इस अस्थायी युद्धविराम को ही 'मुकम्मल जीत' मान रहे हैं, विश्व शांति का सबसे बड़ा दिन कह रहे हैं और इसे मध्य-पूर्व के 'स्वर्ण-युग' का दिन भी करार दे रहे हैं, लेकिन हकीकत यह है कि 39 दिन के युद्ध में वह पूरी तरह नाकाम रहे हैं। ईरान में कट्टरपंथी हुकूमत बदलने, परमाणु कार्यक्रम को समाप्त करने, बैलिस्टिक मिसाइल के उत्पादन पर अंकुश लगाने, होर्मुज स्ट्रेट को खुलवाने, ईरानी सेना को नेस्तनाबूद करने, ईरान में बगावत और सत्ता-परिवर्तन कराने, तेल पर कब्जा करने के जो अमेरिकी, घोषित मंसूबे थे, राष्ट्रपति ट्रंप उनमें नाकाम रहे हैं। सभ्यता-विध्वंस की डेडलाइन से पहले ही उन्हें ईरान का 10-सूत्रीय प्रस्ताव स्वीकार करना पड़ा, क्योंकि प्रस्ताव व्यावहारिक लगा। अब दो हफ्तों तक हमले नहीं किए जाएंगे। दोनों देश दीर्घकालीन शांति-समझौते पर बातचीत करेंगे। दरअसल इस युद्ध में, युद्ध विराम तक, न तो अमरीका जीता और न ही ईरान पराजित हुआ है। सिर्फ बर्बादी, विध्वंस और मिट्टी-मलबे की जीत हुई है।



युद्ध के 39 दिनों में ईरान वाकई 'कब्रिस्तान' बना दिया गया, लेकिन उसका योद्धा वाला चरित्र, मनोबल और अस्तित्व आज भी जिंदा है। ईरान परमाणु कार्यक्रम जारी रखेगा, यूरेनियम का संवर्द्धन भी करता रहेगा, लेकिन बम नहीं बनाएगा, यह आश्वासन संवाद के दौरान ईरान दे सकता है। चीन ने 'वास्तविक मध्यस्थ' की भूमिका निभाई और ईरान के सख्त, अड़ियल रवैये को नरम कराया और युद्धविराम के लिए तैयार किया। ईरान युद्ध को स्थायी रूप से खत्म करने की अमेरिकी गारंटी चाहता था। इस्लामाबाद इसलिए चुना गया, क्योंकि वह ईरान को भी पास पड़ता है और पाकिस्तान अमेरिका का ही 'उपनिवेश-सा' है।

पाकिस्तान, तुर्किए, मिस्र की भूमिका 'डाकिए' या 'संदेशवाहक' की रही। अमेरिकी उपराष्ट्रपति वेंस संवाद के लिए इस्लामाबाद जाएंगे, तो कोई चाय-पानी पिलाने वाला भी चाहिए। बहरहाल अमेरिका युद्ध विराम के लिए अचानक तैयार हो गया, इसकी अंदरूनी स्टोरी एफबीआई की रपट भी हो सकती है। एफबीआई ने रपट दी थी कि अब विश्व में अमेरिकियों के लिए हालात खतरनाक हो सकते हैं। उनकी हत्याएं भी की जा सकती हैं, लिहाजा युद्ध को आगे न बढ़ाया जाए। जमीनी युद्ध की तो शुरुआत तक न की जाए। संभवतः इस रपट ने राष्ट्रपति ट्रंप को 'सद्बुद्धि' दी और वह युद्ध विराम के लिए सहमत हो गए। मौजूदा परिदृश्य व लगातार संवेदनशील घटनाक्रमों के बीच कहना मुश्किल है कि यह युद्धविराम किसी तार्किक परिणति तक पहुंचेगा। कहा नहीं जा सकता कि युद्ध विराम के बावजूद इजरायल पड़ोसी देशों पर हमले रोकेगा। वह कह रहा है कि लेबनान पर उसके हमले जारी रहेंगे। वहीं पाकिस्तान की तरफ से कहा जा रहा है कि समझौते के प्रारूप में लेबनान पर इजरायल के हमले रोकना भी शामिल है। एक तरफ अमेरिकी राष्ट्रपति की 'पल-पल, क्षण-क्षण' बदलती बयानबाजी और दूसरी ओर इस्राइल की आक्रामक रणनीति स्थायी शांति के मार्ग में संदेह के कांटे बोती नजर आती है। ईरान भी कह रहा है कि यदि उस पर इस्राइल के हमले जारी रहते हैं तो वह सीमाओं से परे संघर्ष का विस्तार करेगा, जो निश्चित ही चिंता की बात है।

बहरहाल यह युद्धविराम ही अंतिम, निर्णायक स्थिति नहीं है, क्योंकि कई मुद्दे अनसुलझे लगते हैं। मसलन-होर्मुज पर ईरान ने अपने और ओमान के कब्जे की बात कही है और वे जहाजों से 20 लाख डॉलर प्रति जहाज का 'टोल' भी वसूलेंगे। अमेरिका अब भी होर्मुज पर अपनी उपस्थिति की पैरवी कर रहा है, जो ईरान को स्वीकार्य नहीं है। बहरहाल युद्धविराम पर विश्व की प्राथमिक प्रतिक्रियाएं सुखद हैं। कच्चे तेल की कीमत 9 फीसदी लुढक़ कर 92 डॉलर प्रति बैरल पर आ गई है। एशिया और यूरोप के बाजार तेजी के साथ खुले हैं। दरअसल, डोनाल्ड ट्रंप इस युद्धविराम को अमेरिकी सैन्य प्रभुत्व के प्रमाण और ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षाओं को खत्म करने के रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर ईरान इसे अपनी एक रणनीतिक जीत बताता है। उसकी दलील है कि उसने दुनिया की सुपर पावर अमेरिका व आक्रामक इस्राइल की सेनाओं के हमलों का अकेले ही मुकाबला किया।

# श्रद्धांजलि मोहसिना किदवई साहिबा को

**सुहैल काकोरवी**

**मैंने सुना कि उन्होंने मेरा परिचय कराया और मुझसे कहा कि उनसे मिल लो। मैंने कहा कि उन्होंने तो इनकार किया था, तो वह कहने लगीं, 'अब जाकर देखो।' और देखना क्या था, अफसर की नरमी देखने लायक थी। काम हो गया और मैं मोहसिना साहिबा का आभारी हुआ। मैंने शुक्रिया अदा किया तो वह मुस्कुरा दीं; प्रशंसा की कोई इच्छा नज़र नहीं आई। मैं अपने पीर-ओ-मुर्शिद हज़रत शाह मुस्तफा हैदर कलंदर की सेवा में उपस्थित हुआ और शाबाशी पाई, जो मोहसिना किदवई मरहूमा की वजह से मुझे मिली।**

मोहसिना किदवई साहिबा के निधन से उच्च मूल्यों की दुनिया का एक अपूरणीय नुकसान हुआ है। उनके चेहरे की पाकीज़गी, व्यक्तित्व की नफासत (शिष्टता), स्वाभाविक बुद्धिमत्ता, राजनीतिक समझ, पूर्णरुपेणु शराफ़त, प्रसिद्धि के बावजूद शोहरत से बेपरवाह होना—यह सब याद आ रहा है।

मोहतरमा मोहसिना किदवई मरहूमा (स्वर्गीय) से मेरे संबंध उस समय स्थापित हुए जब वह उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री थीं। यहाँ एक बड़े पैमाने पर सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ जिसमें मैं, मेरे दोस्त नवीन इकराम और कर्नल मनोहर गुरनानी शामिल थे। इसमें मोहसिना साहिबा की बेटियाँ सीमा और फरीदा भी सक्रिय सदस्य के रूप में शामिल थीं और हम लोग धीरे-धीरे उनके परिवार के एक सदस्य की तरह हो गए। उन दिनों वह दारुशफ़ा के एक बंगले में रहती थीं। उनकी ममता और निस्वार्थ प्रेम का अंदाज़ दिलकश था और उनके साये में रहने की ऐसी आदत पड़ गई कि हम तीनों दोस्त करीब-करीब रोज़ उनके निवास स्थान पर जाने लगे।

उनकी आवाज़ संगीत से भरपूर थी और गज़ल के मिज़ाज से मेल खाती थी। वह एक गरिमामयी पद पर थीं, लेकिन मुझे जब पता चला कि उनका तरन्नुम (लय) गज़ल की खूबसूरती को निखारता है, तो मैंने एक बच्चे की तरह ज़िद की कि वह गज़ल सुना दें। आज तक वह गज़ल मेरे वजूद में गूँज रही है। जिगर मुरादाबादी की वह विश्व प्रसिद्ध गज़ल जिसका मतला (शुरुआत) है:

अल्लाह अगर तौफ़ीक़ न दे इंसान के बस का काम नहीं
फ़ैज़ान-ए-मुहब्बत आम सही इरफ़ान-ए-मुहब्बत आम नहीं

और यह शेर:

इक शाहिद-ओ-मअनी सूरत के मिलने की तमन्ना सबको थी
हम उसके न मिलने पर हैं फ़िदा लेकिन ये मज़ाक़ आम नहीं

जैसे एक बच्चे की ज़िद पूरी की जाती है, उन्होंने हमारी ज़िद पूरी कर दी।

याद के बे-सदा दरीचे से
तेरी आवाज़ आ रही है अभी

मोहसिना साहिबा मरहूमा अक्सर मेरी मददगार रहीं। मेरा संबंध खानकाह-ए-काज़मिया काकोरी से है। वहाँ के उर्स के लंगर के लिए सरकार की ओर से एक कोटा निर्धारित था, लेकिन उस साल एक अधिकारी ने मंज़ूरी देने से इनकार कर दिया, जबकि इसके मिलने की नज़ीर (मिसाल) मौजूद थी। लेकिन अफसर ने बिना वजह तय कर लिया था कि कोटा नहीं देना है तो नहीं देना है।

संयोग से उन दिनों खाद्य मंत्रालय मोहसिना मरहूमा के पास था। मैंने उनसे निवेदन किया;



उन्होंने बिना देरी किए फोन उठाया और अपने सचिव से कहा कि अमुक व्यक्ति को फोन लगाओ। मैंने सुना कि उन्होंने मेरा परिचय कराया और मुझसे कहा कि उनसे मिल लो। मैंने कहा कि उन्होंने तो इनकार किया था, तो वह कहने लगीं, 'अब जाकर देखो।' और देखना क्या था, अफसर की नरमी देखने लायक थी। काम हो गया और मैं मोहसिना साहिबा का आभारी हुआ। मैंने शुक्रिया अदा किया तो वह मुस्कुरा दीं; प्रशंसा की कोई इच्छा नज़र नहीं आई। मैं अपने पीर-ओ-मुर्शिद हज़रत शाह मुस्तफा हैदर कलंदर की सेवा में उपस्थित हुआ और शाबाशी पाई, जो मोहसिना किदवई मरहूमा की वजह से मुझे मिली। वह एक नेकनाम राजनीतिज्ञ थीं, इसीलिए अफसरशाही भी उनका सम्मान करती थी।

वह इसी प्रदेश में सक्रिय रहीं और उनके व्यक्तित्व में अवध के कस्बों की तहज़ीब और नैतिक मूल्यों के अविस्मरणीय निशान थे। वह विशेष रूप से लखनऊ के लिए गर्व का विषय थीं। सादगी उनके स्वभाव का आकर्षक पहलू था। आश्चर्य यह है कि वह मंत्री पद पर रहीं और अन्य महत्वपूर्ण पद भी उन्हें मिले, लेकिन इन सबके बावजूद उनका अपना कोई निजी मकान नहीं रहा। बड़े गाँव में एक हवेली थी, लेकिन वह पारिवारिक थी।

उनकी मेहमान-नवाजी में समानता का एक बहुत ही सराहनीय रंग होता था। लखनऊ के के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम में एक बहुत महत्वपूर्ण हॉकी मैच हुआ, जिसमें ख्याति प्राप्त खिलाड़ी इस्लाहुद्दीन विदेश से आए थे। वह मोहसिना साहिबा मरहूमा के सगे भाई और क्रिकेट खिलाड़ी सलाहुद्दीन के दोस्त थे। मैच के बाद वह उनके घर पर रात्रिभोज (डिनर) पर आमंत्रित थे और इकराम, मैं और नवीन भी बुलाए गए थे। वह बिल्कुल खास डिनर था। जो बात आज भी मन पर अंकित है, वह यह कि खाने के लिए जितना आग्रह वह अपने उन (विशिष्ट) मेहमानों से कर रही थीं, उतना ही हमारा भी ख्याल रख रही थीं। उनके लहजे में ईमानदारी की जो मिठास थी, वह सबके लिए थी। वरना आमतौर पर लोग ऐसे मौकों पर बदल जाते हैं, लेकिन उच्च संस्कार वाले अपनी मर्यादा पर कायम रहते हैं।

उन दिनों मैं अपनी काव्य-आत्मकथा 'सुहैल नामा' लिख रहा था और उनकी जीवनी भी तभी प्रकाशित होकर आई थी। मेरे मित्र और प्रतिष्ठित आलोचक शाफे किदवई ने उस पर अंग्रेजी अखबार में समीक्षा लिखी, जो उन्होंने हमेशा की तरह कृपापूर्वक मुझे भेजी। मैंने तुरंत अपने संबंध में शेर कहकर शाफे को भेजे, जो उन्होंने मोहसिना साहिबा की बेटी सीमा को भेजे और मोहसिना साहिबा तक पहुँच गए। ये अशआर मेरी आत्मकथा 'सुहैल नामा' में शामिल हैं:

अक्सर बहुत अहम जो है हम भूल जाते हैं
फिर वक्त रहते शुक्र है वो याद आते हैं
इक रहनुमा-ए-क़ौम हैं क़िदुवाई मोहसिना
सूबे में थीं वज़ीर तकब्बुर ज़रा न था
मैं फर्द-ए-ख़ानदान की मानिंद उनके घर
जाता था और पाता था इख़्लास-ए-बेश-तर
सीमा, फ़रीदा और इरम उनकी बेटियाँ
जिनके वजूद से था हसीं उनका गुलिस्ताँ
कल देखा मैंने उनकी सवानह पे तब्सरा
शाफे ने लिखा यादों का दर मेरा खुल गया
उनकी निगाह-ए-लुत्फ़ ओ करम याद आ गई
जिससे हुई है मेरे तसव्वुर में रौशनी
जब मुझको कोई काम पड़ा की मदद सदा
वो नाम की तरह ही हमेशा थीं मोहसिना

उनके परिवार के सदस्य दिल्ली में रहते हैं, इसलिए मैं आपके प्रतिष्ठित पत्रिका के माध्यम से संवेदना व्यक्त कर रहा हूँ। अल्लाह उन्हें जन्नत में उच्च स्थान प्रदान करे।

# 1602 अधिवक्ताओं ने किया मतदान, आज होगी मतगणना

शीबू खान

**फतेहपुर।** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर पिछले पखवारे से चल रही सरगर्मियां शुक्रवार को मतदान के साथ अपने चरम पर पहुंच गई। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। कुल 1921 अधिवक्ता मतदाताओं में से 1602 ने अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला मतपेटियों में कैद कर दिया।

मतदान केन्द्रों पर सुबह से ही अधिवक्ताओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। समर्थक अधिवक्ता अपने-अपने उम्मीदवारों के पक्ष में माहौल बनाने में जुटे रहे। मतदान प्रक्रिया प्रातः 8 बजे से मुख्य चुनाव अधिकारी शिवकुमार अग्निहोत्री एवं सहायक चुनाव अधिकारियों की देखरेख में प्रारम्भ हुई, जो निर्धारित समय तक सुचारु रूप से चलती रही। मतदान सम्पन्न होने के बाद



■ बार चुनाव में हुआ भारी मतदान, उम्मीदवारों की किस्मत मतपेटी में कैद

अब सभी की निगाहें मतगणना पर टिकी हैं, जो शनिवार की सुबह से प्रारम्भ होगी जिससे देर रात तक परिणाम आने की संभावना जताई जा रही है। मतदान के बाद प्रत्याशियों और उनके समर्थकों ने हार-जीत के आंकलन भी शुरू कर दिए हैं, हालांकि इस बार कड़ा मुकाबला होने के कारण परिणाम का अनुमान लगाना कठिन माना जा रहा है। गौरतलब है कि इस चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए पांच तथा महामंत्री पद के लिए चार उम्मीदवार मैदान में हैं। सर्व समाज अधिवक्ता एवं व्यवस्था परिवर्तन संगठन से अध्यक्ष पद पर बाबू सिंह यादव तथा महामंत्री पद पर मो. शाहजहां, वहीं सर्व समाज अधिवक्ता संगठन से अध्यक्ष पद पर जगनायक सचान और महामंत्री पद पर अनिल कुमार श्रीवास्तव चुनाव लड़ रहे हैं। इसके अतिरिक्त आदर्श अधिवक्ता संगठन के दो गुटों से भी उम्मीदवार मैदान में हैं।

# अवैध खनन एवं अवैध परिवहन न होने पाए : पुलिस अधीक्षक



अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** जनपद एवं तहसील स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह तथा पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने खान अधिकारी से जनपद में संचालित खनन क्षेत्रों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी परिस्थिति में अवैध खनन एवं अवैध परिवहन न होने पाए। उन्होंने कहा कि इस संबंध में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा शिथिलता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि अवैध खनन एवं अति-भारित (ओवरलोडिंग) वाहनों के विरुद्ध संवेदनशीलता एवं सतर्कता के साथ प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई की जाए। खनन क्षेत्रों में नियमानुसार खनिज चौकियों की स्थापना सुनिश्चित की जाए तथा नगर क्षेत्र के भीतर खनिज का परिवहन पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि तहसील एवं थाना स्तर पर गठित प्रवर्तन दल पूर्ण रूप से सक्रिय रहें तथा मार्गों के किनारे अवैध रूप से खड़े वाहनों के विरुद्ध नियमित कार्रवाई की जाए। साथ ही खनिज परिवहन में संलग्न सभी वाहनों द्वारा सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाए।

# जिले में 30 मार्च से गेहूं खरीद शुरू

## 69 केंद्रों पर 15 जून तक होगी खरीद, समर्थन मूल्य 2585 प्रति क्विंटल

अवधनामा संवाददाता

**चन्दौली।** जनपद में रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत 30 मार्च, 2026 से गेहूं खरीद शुरू हो गई है। यह खरीद 15 जून, 2026 तक जारी रहेगी। इस वर्ष गेहूं का समर्थन मूल्य 2585 प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 160 प्रति क्विंटल अधिक है।

जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग द्वारा जनपद के किसानों की सहूलियत को देखते हुए जनपद में कुल 69 गेहूं खरीद केंद्रों को मंजूरी दी है। इनमें खाद्य विभाग के 24, पीसीएफ के 21, पीसीयू के 14, यूपीएसएस के 5, भारतीय खाद्य निगम के 4 और मंडी समिति का 1 केंद्र शामिल है। यदि किसानों को और क्रय केंद्र खोलने की मांग होगी तो उस पर तत्काल कार्यवाही कर प्रक्रिया सुनिश्चित होगी। शासन के निर्देशानुसार, बिना फार्मर रजिस्ट्री के गेहूं की खरीद नहीं की जाएगी। किसानों को सलाह दी गई है कि वे



क्रय केंद्र पर गेहूं लाने से पहले अपनी फार्मर रजिस्ट्री अवश्य करा लें, ताकि उन्हें बिक्री में कोई असुविधा न हो और पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिलता रहें।

जिला खाद्य विपणन अधिकारी राघवेंद्र सिंह ने मंडी में संचालित गेहूं खरीद का निरीक्षण कर मुलभूत सुविधाओं का जायजा लिया गया। उन्होंने बताया कि गेहूं खरीद के लिए जनपद में पर्याप्त मात्रा में बोरे उपलब्ध हैं। शासन के निर्देश पर उचित दर विक्रेताओं से भी बोरे प्राप्त किए जा रहे हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य दिलाने में कोई समस्या नहीं आएगी। उन्होने कहा गेहूँ विक्रय से पूर्व किसी भी जनसुविधा केन्द्र साईवर कैफे, मोबाइल फोन ऐप के माध्यम से खाद्य विभाग के पोर्टल पर आनलाईन पंजीकरण व नवीनीकरण अवश्य करा लें। पंजीकरण के उपरान्त किसानों का सत्यापन स्वतः ही पोर्टल पर सत्यापित प्रदर्शित हो जायेगा। यदि किसी कारणवश स्यतः सत्यापन प्रदर्शित नहीं होता है और प्रपत्र में लम्बित सत्यापन प्रदर्शित है तो इस स्थिति में किसान भाई अपनी सत्यापित खतौनी, खसरा, आधार कार्ड एवं अपना पंजीयन प्रपत्र लेकर सीधे केन्द्र पर जाये, जहाँ उनका गेहूँ कय केन्द्र प्रभारी द्वारा इन्हीं प्रपत्रों के आधार पर कय कर लिया जायेगा।

# अंतिम मतदाता सूची जारी



अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन दिनांक 10 अप्रैल 2026 को कर दिया गया। इसी क्रम में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची की विस्तृत जानकारी साझा की गई।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जनपद में अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची के अनुसार कुल 1131999 पंजीकृत हैं, जिनमें 624126 पुरुष मतदाता, 507824 महिला मतदाता एवं 49 अन्य मतदाता शामिल हैं। विधानसभा क्षेत्रवार आंकड़ों में 219-माधौगढ़ में 3,96,304 मतदाता, 220-कालपी में 3,60,476 मतदाता तथा 221-उरई (अ0जा0) में 3,75,219 मतदाता दर्ज किए गए हैं। उन्होंने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के दौरान 50,803 नए मतदाताओं को सूची में शामिल किया गया, जबकि 4,305 अपात्र प्रविष्टियों को विलोपित किया गया। विलोपित नामों में 596 मृतक, 2,340 अनुपस्थित/स्थानांतरित, 526 डुप्लीकेट तथा 843 अन्य श्रेणी के मतदाता शामिल हैं।

# एसपी ने साप्ताहिक परेड की ली सलामी

**फतेहपुर।** शुक्रवार को अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में साप्ताहिक परेड की सलामी ली गई तथा परेड का गहन निरीक्षण किया गया। इस दौरान जनपद के विभिन्न क्षेत्राधिकारी, थाना एवं चौकी प्रभारी, पुलिस कार्यालय की शाखाओं के अधिकारी-कर्मचारी, यातायात शाखा के जवान, पुलिस लाइन स्टाफ तथा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षी शामिल रहे।

पुलिस कर्मियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रखने के उद्देश्य से दौड़ कराई गई। परेड के दौरान अनुशासन और एकरूपता बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल कराई गई, जिसकी प्रभावशीलता बढ़ाने हेतु पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। परेड के उपरांत पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण करते हुए क्वार्टर गार्ड, आरटीसी प्रशिक्षण कक्ष, कैंटीन, वर्दी स्टोर, आवासीय कॉलोनी तथा परिवहन शाखा का जायजा लिया।

# लघु फिल्म दिखाकर महिला सुरक्षा के प्रति छात्राओं को किया गया जागरूक



अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में संचालित मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के द्वितीय चरण के अंतर्गत जनपद में महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को बढ़ावा देने के लिए लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में थाना किशनपुर पुलिस द्वारा कस्बा किशनपुर स्थित प्राथमिक कन्या विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को लघु फिल्म के माध्यम से महिला सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई, जिससे वे विभिन्न परिस्थितियों में अपनी सुरक्षा के प्रति सजग रह सकें। इस दौरान छात्राओं को महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 सहित अन्य आपातकालीन सेवाओं की जानकारी विस्तार से दी गई। पुलिस टीम ने छात्राओं को बताया कि किसी भी विपरीत परिस्थिति में बिना डर के सहायता लें और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं में आत्मविश्वास बढ़ाना, उन्हें आत्मनिर्भर बनाना तथा सुरक्षित माहौल का अनुभव कराना रहा।

# कांग्रेस ने फूंका असम मुख्यमंत्री का पुतला

**फतेहपुर।** जिला व शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से जुलूस निकालकर सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए ज्वाला गंज चौराहे पहुंचे, जहां उन्होंने असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा का पुतला दहन किया। पुतला दहन के बाद जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेश द्विवेदी ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने का कार्य कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि असम के मुख्यमंत्री पर लगे आरोपों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और दोषियों को सजा मिलनी चाहिए। वहीं शहर अध्यक्ष आरिफ गुड्डा ने भाजपा सरकार को घेरते हुए कहा कि विपक्षी नेताओं को अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा है, जबकि अपने लोगों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता जनहित के मुद्दों पर संघर्ष जारी रखेंगे। पार्टी प्रवक्ता देवी प्रकाश दुबे ने भी अपने संबोधन में कथित भ्रष्टाचार के मुद्दे उठाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की।

## संक्षिप्त समाचार

### मोहन नगर मेन रोड पर सीसी सड़क निर्माण का शुभारंभ



**मथुरा (अवधनामा संवाददाता)।** बिरला मंदिर स्थित वार्ड संख्या 45 में मेरा वार्ड-मेरी जिम्मेदारी के संकल्प को साकार करते हुए मोहन नगर मेन रोड पर सीसी सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ पार्षद उमा दीक्षित द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर एवं नारियल फोड़कर किया गया। चुनाव के दौरान किए गए वादों को पूरा करने की दिशा में इस कार्य को क्षेत्रवासियों के लिए महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। सड़क निर्माण कार्य शुरू होने से मोहन नगर क्षेत्र की जनता में खुशी की लहर देखी गई। स्थानीय लोगों ने पार्षद उमा दीक्षित का माला एवं पटुका पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर मुखिया प्रेमपाल राणा, ठाकुर रामवीर, सत्यप्रकाश, नंद किशोर, राजू अग्रवाल, रंजीत रुहेला, श्यामवीर, जुगेंद्र सिंह, फूल सिंह, नेत्रपाल, मुकेश, सत्यम, मीना सहित मोहन नगर के अनेक क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### ओटीडी सेल की बैठक आयोजित



**चन्दौली (अवधनामा संवाददाता)।** पीडीडीआरडीए बीबी सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में ओटीडी(वन ट्रिलियन डालर) सेल की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सेल के समस्त विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में शासन स्तर से प्राप्त समस्त 10 प्रारूप एवं प्राथमिक एवं द्वितीयक तथा तृतीयक क्षेत्र पर वर्ष 2025-26 के चतुर्थ त्रैमास के प्रगति पर चर्चा की गयी। प्राथमिक क्षेत्रक में कृषि एवं उद्यान, टिम्बर उत्पादन के अन्तर्गत जिन मदों में अपेक्षित प्रगति नहीं हो पायी है उन पर असन्तोष व्यक्त करते हुए संबंधित को सार्थक प्रयास करने के निर्देश दिये गये इसके साथ द्वितीयक एवं तृतीयक क्षेत्र में उद्योग, विद्युत, राज्य कर (जीएसटी), बैंकिंग एवं परिवहन के अन्तर्गत आंकड़ों को त्रुटिरहित कर उपलब्ध कराने तथा शासन के निर्देश के क्रम में अपेक्षित प्रगति प्राप्त करने के निर्देश दिये गये। बैठक के दौरान जिला विद्यालय निरिक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पर्यटन अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स की कार्रवाई, 35 नमूनों में 4 फेल

**फतेहपुर (अवधनामा संवाददाता)।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उ.प्र. लखनऊ एवं जिलाधिकारी फतेहपुर के निर्देश पर नगर क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा विभाग ने सघन जांच अभियान चलाया। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेश कुमार दीक्षित के नेतृत्व में 'फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स (एफएसडब्ल्यू)' मोबाइल लैब के माध्यम से विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों से कुल 35 खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए, जिनमें से 4 नमूने मानक के अनुरूप नहीं पाए गए। अभियान के दौरान 13 खाद्य कारोबारकर्ताओं को खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता के प्रति प्रशिक्षित और जागरूक भी किया गया। मोबाइल टेस्टिंग लैब द्वारा मौके पर ही कुछ ही मिनटों में जांच रिपोर्ट संबंधित दुकानदारों को उपलब्ध करा दी गई।



# अशोभनीय टिप्पणी पर कांग्रेसियों ने जताया गहरा रोष, किया प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** असम के मुख्यमंत्री द्वारा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के प्रति अशोभनीय टिप्पणी और कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा के प्रति प्रतिशोधात्मक दमन कार्यवाही के विरोध में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर मथुरा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर के नेतृत्व में असम के मुख्यमंत्री हेमंता बिस्वा शर्मा का जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर पुतला दहन किया गया।

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर ने दलित द्वेष वश कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के विरुद्ध की गई अशोभनीय टिप्पणी पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए कहा कि, भाजपा सरकार और उसके मुख्यमंत्री आजादी के इतने सालों बाद भी दलितों और पिछड़ों के प्रति घृणित मानसिकता से मुक्त नहीं हुए है। ये विघटनकारी और असंवैधानिक मानसिकता ही है



■ कांग्रेस ने असम के मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया

कि जो मुख्यमंत्री पद पर रहा व्यक्ति शिष्टाचार की सारी मर्यादा लांघ कर घटिया भाषा पर उतारू हो गया है। चुनाव के दौरान खुद पर और परिजनों पर लगे आरोपों की ठोस सफाई देने की जगह कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा के विरुद्ध सत्ता का दुरुपयोग करके जो पुलिस कार्यवाही की गई है,वह घोर अलोकतांत्रिक और असहमति का गला घोंटने की कोशिश है।जिसे देश की जनता कभी स्वीकार नहीं कर सकती है। कांग्रेस मांग करती है कि असम के मुख्यमंत्री हेमंता बिस्वा शर्मा द्वारा हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे का नाम लेकर की गई अपमानजनक टिप्पणी पर सार्वजनिक रूप से क्षमा मांगे। अन्यथा कांग्रेस पार्टी सड़क से संसद तक उग्र प्रदर्शन करने पर बाध्य होगी जिला कांग्रेस महामंत्री वैद्य मनोज गौड़ ने कहा कि असम मुख्यमंत्री जो भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे हुए हैं, द्वारा सत्ता का दुरुपयोग करके कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा के विरुद्ध की गई पुलिसिया कार्यवाही पर तत्काल विराम लगाया जाय।

# भाजपा गैर बराबरी पैदा कर रही : राही

**मथुरा।** अखिल भारतीय समता फाउंडेशन जनपद मथुरा द्वारा 'रोजगार दो' सामाजिक न्याय यात्रा पर निकले आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता राज्यसभा सदस्य ओजस्वी वक्ता माननीय संजय सिंह जी के मथुरा दौरे के दौरान यात्रा बिजली घर कैम्प कार्यालय पहुंचने पर संजय सिंह का पंचशील पट्टिका उड़ाकर, माला पहनाकर पुष्प बरसा कर व नीला स्वाफा पहनाकर गगनभेदी उत्साहवर्धन नारों के साथ स्वागत किया। इस मौके पर संजय सिंह जी ने उत्साहित होकर समस्त समता फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त कर खुशी जाहिर की और एकजुट होकर भाजपा की जन विरोधी नीतियों का विरोध करने का आह्वान किया। इस मौके पर भंते बुद्ध रतन, संजय कुमार बीडीसी, चित्रसेन मौर्य उपाध्यक्ष, विजेंद्र सिंह बौद्ध, शकील अहमद, सुमित कुमार, राज गब्बर, असलम कुरैशी, सागर सिंह, जितेंद्र दिवाकर, आकाश बाबू, विवेक कुमार, हैप्पी, कन्हैया कुमार, राज, शंभुदयाल, अभिषेक कुमार आदि दर्जनभर कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# उपज के प्रांतीय अधिवेशन में भाग लेगी मथुरा इकाई: जिंदल

अवधनामा संवाददाता

■ उपज के प्रांतीय अधिवेशन में झारखंड के महामहिम राज्य पाल संतोष गंगवार होंगे मुख्य अतिथि

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट (उपज) के 11 अप्रैल को आयोजित होने वाले मुरादाबाद प्रांतीय अधिवेशन में मथुरा इकाई सक्रिय भागीदारी करेगी। यह जानकारी जिलाध्यक्ष अतुल कुमार जिंदल ने दी। उन्होंने बताया कि उपज प्रदेश अध्यक्ष सर्वेश कुमार सिंह व प्रांतीय महामंत्री आनंद कर्ण के नेतृत्व में आयोजित यह अधिवेशन पत्रकारों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगा, जहां संगठनात्मक मजबूती और पत्रकार हितों से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

जिंदल ने बताया कि प्रांतीय अधिवेशन का आयोजन मुरादाबाद में किया जा रहा है। इसमें झारखंड के महामहिम राज्यपाल संतोष गंगवार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। साथ ही यूपी के पूर्व मंत्री व बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष विधान परिषद सदस्य चौधरी भूपेंद्र सिंह , विधान परिषद सदस्य डॉ जयपाल सिंह व्यस्त तथा नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट (इंडिया) के राष्ट्रीय महासचिव त्रियुग नारायण तिवारी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। अधिवेशन में प्रदेशभर से बड़ी संख्या में पत्रकार प्रतिनिधि भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि अधिवेशन के दौरान पत्रकारिता से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर प्रस्ताव पारित किए जाएंगे। इनमें पत्रकार सुरक्षा, मानदेय, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और संगठन के विस्तार जैसे मुद्दे प्रमुख रूप से शामिल रहेंगे। मथुरा इकाई के पदाधिकारी एवं सदस्य अधिवेशन में भाग लेकर अपने विचार रखेंगे और संगठन को और अधिक सशक्त बनाने में योगदान देंगे।

# भोजपुरी गायक व सांसद मनोज तिवारी का स्वागत

अवधनामा संवाददाता

**गाजीपुर।** स्वतंत्रता संग्राम मे पहला बिगुल फुकने वाले अमर शहीद मंगल पाण्डेय के 159वां पुण्यतिथि पर जन्मस्थली नगरा बलिया में शहीद को श्रद्धाजलि देने जा रहे भोजपुरी सम्राट व दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी का जनपद में उनके शुभ चिन्तको ने भव्य स्वागत हुआ।

इसकी जानकारी देते हुए धर्मराज जायसवाल उर्फ धन्नू ने बताया कि सांसद व भोजपुरी गायक मनोज तिवारी बलिया के नगरा में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद मंगल पाण्डेय के 159 वे पुण्यतिथि के अवसर पर नई दिल्ली से बलिया जाते समय गाजीपुर के प्रवेश द्वार महाराजगंज में उनके वाहनो का काफिला रोका गया और उनके फुल माला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया गया। 20 मिनट के अपने प्रवास के दौरान सांसद मनोज तिवारी ने बताया कि गाजीपुर



से हमारा पुराना नाता रहा है ताली एक हाथ से नही बजती इसके लिए हम दोनो को मिलकर प्रयास करना पड़ता है, हमारे शुरूआती दिनो के साथी हमे आज भी उसी गर्मजोशी व अंदाज मे मिलते है जिसके हम कायल है और गाजीपुर भोजपुरी समाज में एक अहम भूमिका निभाता रहा है। भोजपुरी गीतो व भजन का जो रूप पूर्वांचल के गाजीपुर बलिया मऊ आजमगढ़ छपरा, आरा मे देखने को मिलता है इससे भोजपुरी भाषा को काफी बल मिलता है। इस अवसर पर डाक्टर धमेन्द्र, मनीष जायसवाल, राजू, मुन्ना, विक्रम, अंशु, हर्ष, अंजनी सहित दर्जनो लोग उपस्थित रहे।

# नगर निगम ने नाली सफाई, एंटी लार्वा स्प्रे व फॉगिंग में लाई तेजी

**मथुरा।** नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान दिनांक 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत नगर क्षेत्र में माइक्रो प्लान तैयार कर व्यवस्थित रूप से क्रियान्वयन कराया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान नालियों की नियमित सफाई, एंटी लार्वा स्प्रे तथा शाम के समय फॉगिंग कार्य निरंतर कराया जा रहा है, ताकि मच्छरों के प्रजनन पर रोक लगाकर डेंगू, मलेरिया एवं अन्य संचारी रोगों की रोकथाम सुनिश्चित की जा सके।


नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने घरों एवं आसपास जलभराव न होने दें, साफ-सफाई बनाए रखें तथा नगर निगम के इस अभियान में सहयोग करें, जिससे शहर को संचारी रोगों से सुरक्षित रखा जा सके।

# 'संस्कार व समाज सेवा की भावना नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत'

अवधनामा संवाददाता

**चन्दौली।** सेठ एम.आर. जैपुरिया स्कूल्स, बनारस के पड़ाव एवं बाबतपुर दोनों ही कैंपस में विद्यालय के चेयरमैन दीपक कुमार बजाज के पूज्य पिता स्वर्गीय महावीर प्रसाद बजाज की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का गरिमामय आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दिवंगत आत्मा को याद करना, उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करना और उनके द्वारा जीवन में फैलाए गए प्रेम एवं सद्भाव के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्वर्गीय महावीर प्रसाद बजाज जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। अपने उद्बोधन में विद्यालय के चेयरमैन दीपक कुमार




■ सेठ एमआर जैपुरिया स्कूल्स में याद किए गए बाबू जी

बजाज ने अपने दिवंगत पिता की स्मृतियों और उनके द्वारा बनाये आदर्शों को साझा किया और बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि यदि आप अपने जीवन को निरंतर सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में ले जाना चाहते हैं, तो आपको ब्रह्मांड में परिवर्तन की सबसे शक्तिशाली शक्ति का उपयोग करना होगा। विद्यालय के प्रबंध निदेशक मनोज बजाज ने अपने संबोधन में अपने स्वर्गीय स्वर्गीय पिता महावीर प्रसाद बजाज के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को स्मरण करते हुए उनके द्वारा स्थापित मूल्यों, संस्कारों एवं समाज सेवा की भावना को नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बताया। बाबतपुर एवं पड़ाव दोनों ही कैंपस में यह सभा आयोजित की गई। श्रद्धांजलि सभा का समापन शांति पाठ के साथ किया गया, जिसमें सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति एवं परिवार को इस अपूरणीय क्षति को सहने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन दीपक कुमार बजाज, प्रबंध निदेशक मनोज कुमार बजाज, कार्यकारी निदेशक श्यामसुंदर बजाज, निदेशकगण आयुष्मान बजाज, गौरांग बजाज, गवेंद्र बजाज एवं उद्धव बजाज, निदेशिकाएँ उमा बजाज, संगीता बजाज, अनुराधा उपस्थित रहीं।

# मुख्यमंत्री डैशबोर्ड में जालौन को मिला स्थान, 8वां स्थान मिला

अवधनामा संवाददाता

■ डीएम ने पूरी टीम को दिया श्रेय विकास व राजस्व में निरंतर श्रेष्ठ प्रदर्शन पर अधिकारियों को बधाई

**उरई (जालौन)।** उत्तर प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं को प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारते हुए जनपद ने मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की नवीनतम रैंकिंग में प्रदेश स्तर पर 08वां स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है।

विकास एवं राजस्व कार्यों में जनपद को लगातार श्रेष्ठ स्थान प्राप्त हुआ है, जो प्रशासन की सतत मॉनिटरिंग, जवाबदेही और जन कल्याणकारी परिणामोन्मुखी कार्यप्रणाली का सशक्त प्रमाण है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि अब आपकी जिम्मेदारी और बढ़ जाती है और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन सामान्य तक पहुंचाना है लक्ष्य है । जनपद की यह सफलता मुख्यमंत्री प्रभारी मंत्री के स्पष्ट विजन, मार्गदर्शन का परिणाम है। डैशबोर्ड के माध्यम से हो रही निरंतर समीक्षा इसका प्रत्यक्ष परिणाम है। उन्होंने बताया कि जनपद में प्रत्येक योजना को लक्ष्यबद्ध तरीके से लागू किया गया तथा लंबित प्रकरणों पर सतत निगरानी रखते हुए समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया गया। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से विकास कार्यों की गति, जनशिकायतों के त्वरित समाधान और राजस्व मामलों में पारदर्शिता को इस उपलब्धि का आधार बताया। उन्होंने कहा कि जनपद का लक्ष्य केवल रैंकिंग प्राप्त करना नहीं, बल्कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है।

# असम के मुख्यमंत्री हेमंता की कांग्रेस नेताओं पर अभद्र भाषा लोकतंत्र पर कलंक : जुनैद



■ जिला व महामगर कमेटी ने संयुक्त रूप से जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करके फूंका असम का मुख्यमंत्री का पुतला

अवधनामा संवाददाता

**मुरादाबाद।** असम के मुख्यमंत्री हेमंता विस्वा सरमा द्वारा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एंव पवन खेड़ा के विरुद्ध अभद्र एंव अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल करने से गुस्साये कांग्रेसियों ने जिला मुख्यालय पुतला फूंककर विरोध दर्ज कराया है। इस दौरान महानगर अध्यक्ष जुनैद इकराम ने कहा है कि संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति की अशोभनीय भाषा लोकतंत्र पर कलंक है।

जिलाध्यक्ष विनोद गुम्बर ने असम के मुख्यमंत्री के बयान की घोर निंदा की और कहा है कि भाजपा जनता में नफरत फैलाने का कार्य कर रह है। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष जुनैद इकराम ने मीडिया को बताते हुए कहा संवैधानिक पद पर बैठे हुए व्यक्ति द्वारा अशोभनीय भाषा का इस्तेमाल करना लोकतंत्र पर कलंक है। उनकी भाषा अत्यन्त शर्मनाक एंव खेदजनक है जिसका जवाब असम की जनता उन्हें पराजित करके देगी। उन्होंने कहा कि यह राजनीतिक मयार्दाओ को भी तार-तार करने वाला कृत्य है हमारे राष्ट्रीय नेताओं के खिलाफ इस तरह की अशोभनीय भाषा किसी स्तर पर बर्दाश्त नही की जायेगी। हेमंता विस्वा सरमा शिष्टाचार राजनीति के घोर विरोधी मानसिकता वाले व्यक्ति है। नफरत की इस विचारधारा के खिलाफ कांग्रेस पार्टी हमेशा विरोध करती रही है। कांग्रेस ने नारेबाजी के बीच हेमंत विस्वा शर्मा का पुतला दहन किया।

इस दौरान अनुभव महरोत्रा, अमीरूल हसन जाफरी,अरशद परवेज, अब्बास अली, वसीम खान, नजाकत ठेकेदार, कमर सलीम, नदीम उद्दीन,मौ. जुनेद, शमशेर अली, जईम चौधरी, मुशाहिद चौधरी, अजय गोपाल रस्तौगी, सरदार सुखविंदर सिंह, संजू सिंह, अनमोल गुप्ता, भयंकर सिंह बौद्ध, अफसर खान, पूनम कश्यप, सुशीला कश्यप, नेम सिंह, समीर, अहमद अयाज, अनस अंसारी, दानिश कुरैशी, अनुराग शर्मा, शहजाद खान, शमशेर खान, शरीफ घोसी, सोनी सैफी, महफूज राजा आदि उपस्थित रहे।

# लोकतंत्र सेनानी के निधन पर क्षेत्र में शोक



अवधनामा संवाददाता

■ कोतवाली के निरीक्षक सहित लोगों ने व्यक्त की शोक संवेदना

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर एवं क्षेत्र में उस समय शोक की लहर दौड़ गई, जब ग्राम दिलावरपुर मौजा बरगांवा निवासी लोकतंत्र सेनानी शांतिस्वरूप तिवारी पुत्र स्वर्गीय रामदयाल तिवारी के निधन की खबर फैलते ही क्षेत्रवासियों में गहरा दुख व्याप्त हो गया। निरीक्षक सहित तमाम लोग उनके आवास पर पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाते नजर आए।

शुक्रवार को उनके भतीजे राजीव तिवारी सहित मौजूद लोगों ने बताया कि लोकतंत्र सेनानी शांतिस्वरूप तिवारी ने अविवाहित रहकर अपने जीवनकाल में सामाजिक एवं राष्ट्रीय कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई। उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि उनका जीवन समाज के लिए प्रेरणादायक रहा है। कोतवाली के निरीक्षक ध्यानेन्द्र प्रताप सिंह ने पुलिस कर्मियों के साथ उनके आवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संवेदना व्यक्त करनें के उपरान्त कहा कि दिवंगत लोकतंत्र सेनानी शांतिस्वरूप तिवारी का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। इसके अलावा मौजूद लोगों ने भी शोक प्रकट करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# क्षेत्रीय कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण हेतु विकास भवन में लगेगी कर्मचारी चौपाल

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी संघ एवं ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन जौनपुर द्वारा लिए गए निर्णय के अनुरूप संयुक्त रूप से दोनों संगठनों के गठित केंद्रीय समन्वय समिति के बैनर तले प्रत्येक माह के दूसरे शनिवार को विकास भवन परिसर जौनपुर में 'क्षेत्रीय कर्मचारी समस्या सुनवाई दिवस' का आयोजन होगा।

इस संबंध में उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जौनपुर के जिला अध्यक्ष डॉ प्रदीप सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया है कि मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी पत्र मे व्यवस्था है कि प्रत्येक माह जिलाधिकारी एवं अन्य विभागाध्यक्षों द्वारा मान्यता प्राप्त सेवा संगठनों के पदाधिकारियों के साथ विभिन्न कर्मचारी समस्याओं पर वार्ता किया जाएगा तथा जनपद स्तर की समस्याओं का निराकरण अपने स्तर से किया जाएगा। जिसका जनपद के



उच्च अधिकारियों द्वारा कर्मचारी संगठनों की मांग के बाद भी पालन नहीं किया जा रहा है जिससे कर्मचारियों में हताशा एवं क्षोभ व्याप्त है। अतः पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास के क्षेत्रीय कर्मचारियों के जनपदीय पदाधिकारियों द्वारा अब प्रत्येक माह के दूसरे शनिवार को कर्मचारियों की समस्याओं को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने हेतु क्षेत्रीय कर्मचारी समस्या सुनवाई दिवस/ कर्मचारी चौपाल लगाने का निर्णय लिया गया है। इस संदर्भ में प्रथम चौपाल दिनांक 11 अप्रैल 2026 को विकास भवन परिसर जौनपुर में लगाया जाएगा जिसमें जनपद के समस्त विकास खंडों से क्षेत्रीय सचिव एवं सहायक विकास अधिकारी अपनी सहभागिता सुनिश्चित करेंगे। कर्मचारी चौपाल में विकासखंड से लेकर जनपद स्तर तक सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में कर्मचारियों के समक्ष आ रही विभिन्न समस्याओं एवं उनके विलंबित व्यक्तिगत पावकों पर विस्तृत चर्चा होगी तथा उसकी कार्यवृत्ति जनपद के उच्च अधिकारियों के समक्ष समाधान हेतु रखा जाएगा। ग्राम विकास अधिकारी संगठन के अध्यक्ष डॉ फूलचंद कनौजिया ने अवगत कराया कि वर्तमान में शासन प्रशासन द्वारा आम जनता की समस्याओं को सुनने के लिए विभिन्न दिवस एवं समय तय कर रखा गया है लेकिन कर्मचारियों की समस्या सुनने वाला कोई नहीं है इसी कारण लोकतांत्रिक शांतिपूर्ण ढंग से अब 'कर्मचारी समस्या चौपाल' लगाना हमारी मजबूरी हो गयी है। इस समय कार्य की अधिकता एवं कर्मचारियों का शोषण इतना अधिक बढ़ गया है कि अधिकांश कर्मचारी विभिन्न असाध्य रोगों से ग्रसित होकर अस्वस्थता की स्थिति में कार्य कर रहे हैं। शीघ्र ही जिले में समस्त कर्मचारियों के लिए राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की तरफ से निः शुल्क मेडिकल कैंप भी लगाया जाएगा।

# माल मुकदमाती धान बीज की अस्सी हजार रुपये में हुई नीलामी



अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** स्थानीय कोतवाली परिसर में माल मुकदमाती के तहत जब्त किए गए धान बीज की नीलामी प्रक्रिया संपन्न कराई गई। इस दौरान प्रशासन की देखरेख में पारदर्शिता के साथ बोली लगवाई गई, जिसमें व्यापारी नेता संजीव गुप्ता उर्फ टीटू, युवा समाजसेवी चमन खॉन, शाहिद खॉन सहित कई लोगों ने भाग लिया। मिली जानकारी के अनुसार एक मुकदमे में जब्त किया गया 6510 किलोग्राम धान बीज लंबे समय से कोतवाली के मालखाने में रखा हुआ था। नियमानुसार उसकी नीलामी कराने के निर्देश मिलने के बाद नायब तहसीलदार राम प्रकाश एवं अपर जिला कृषि अधिकारी हरेंद्र तिवारी व निरीक्षक ध्यानेन्द्र प्रताप सिंह की उपस्थिति में नीलामी की प्रक्रिया पूरी की गई। नीलामी के दौरान प्रतिस्पर्धात्मक बोली लगाई गई, जिसमें अंततः 80,000 रुपये की सर्वाधिक बोली लगाने वाले मो. दिलशाद को धान बीज आवंटित किया गया। पूरी प्रक्रिया में निष्पक्षता बनाए रखने के लिए हेड मोहर्रिर पवन शर्मा, राघवेन्द्र सिंह, कांस्टेवल सतेन्द्र सिंह, गीतेन्द्र सिंह, शीशांक भी मौजूद रहे। निरीक्षक ध्यानेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि नीलामी की कार्यवाही शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप की गई है और इससे प्राप्त धनराशि को नियमानुसार सरकारी खाते में जमा कराया जाएगा।

# ग्राम प्रधान ने सरकारी भूमि पर कब्जा करनें का आरोप लगाया

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत रूपपुर ग्राम प्रधान सीता राजपूत द्वारा छिबरामऊ उप जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र कुमार द्विवेदी को दिए गए शिकायती पत्र में कहा गया है कि ग्राम समाज की भूमि पर गांव का ही एक युवक दबंगई के बल पर निर्माण कार्य कराकर अवैध कब्जा कर रहा है तथा पास में ही रिक्त पड़ी कुएं के नाम की भूमि पर भी बाउंड्री वॉल बना रहा है। जब ग्राम प्रधान द्वारा ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा कर निर्माण कार्य करने से रोका गया तो उक्त युवक व उसके परिजनों ने उसके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए झगड़े पर आमादा हो गए। ग्राम प्रधान के शिकायती पत्र पर छिबरामऊ उप जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी ने तहसीलदार, प्रभारी निरीक्षक एवं राजस्व निरीक्षक को ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा न होने देने के लिए आदेशित किया गया। जिसपर कोतवाली के निरीक्षक ध्यानेन्द्र प्रताप सिंह ने हल्का दरोगा को पुलिस बल के साथ निर्माण कार्य रूकवाये जाने एवं वीडियो ग्राफी कराये जाने के लिये निर्देशित करते हुये मौके पर भेजकर निर्माण कार्य रूकवाया।

# बिना भेदभाव के सभी वर्गों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है : नेहा



■ भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ने अल्पसंख्यक समुदाय में की बैठक, गिनाई सरकार की उपलब्धियां

अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के कस्वा समधन के मोहल्ला कादर खॉन नगर में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष नेहा त्रिपाठी के नेतृत्व में अल्पसंख्यक समुदाय के बीच एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं एवं स्थानीय लोगों ने भाग लिया।

शुक्रवार को आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष नेहा त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के सिद्धांत पर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं जनधन योजना का लाभ बिना भेदभाव के सभी वर्गों को मिल रहा है। उन्होंने विशेष रूप से अल्पसंख्यक समुदाय के उत्थान के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि शिक्षा, रोजगार और स्वरोजगार के क्षेत्र में सरकार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम भी संचालित किए जा रहे हैं। कहा कि भाजपा सरकार हर वर्ग के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और आगे भी जनहित में कार्य करती रहेगी। इससे पूर्व मौजूद लोगों ने भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर इरशाद खान, कमरुद्दीन खान, राशिद हुसैन, रियाजुल खान, हाशिम खान, इमरान अहमद, वसीम खान, छुन्ना खान, सरवर खान, जसीम खान सहित तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति केंद्र में महिलाओं के विवाद का निस्तारण कराया




अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** स्थानीय कोतवाली में नव स्थापित मिशन शक्ति केंद्र में मुख्य महिला अरक्षी शशिबाला द्वारा दो महिलाओं से जुड़े आपसी विवाद के निस्तारण के लिए उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए आपसी सहमति के आधार पर समाधान कराया गया।

शक्रवार को पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन एवं प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार अवस्थी व मिशन शक्ति अभियान प्रभारी/ निरीक्षक चंद्रप्रकाश तिवारी के नेतृत्व में मुख्य महिला आरक्षी शशिवाला व महिला आरक्षी सीमा भदौरिया नें आवेदिका मालती देवी पत्नी सुशील कुमार व आवेदिका रेनू पत्नी जितेंद्र निवासीगण इस्माइलपुर प्रार्थना पत्रो पर दोनों पक्षो को बुलाकर समझाते हुए शांतिपूर्ण तरीके से विवाद समाप्त कराने का सफल प्रयास किया। जिसपर दोनों पक्षों ने आपस में समझौता किया और काउंसलिंग करा कर संतुष्ट कर सकुशल रवाना करनें के उपरान्त मुख्य महिला आरक्षी शशिबाला ने बताया कि महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान को ध्यान में रखते हुए इस प्रकार की सुनवाई नियमित रूप से की जाती है। उन्होंने कहा कि उद्देश्य महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के साथ-साथ पारिवारिक संबंधों को भी सुदृढ़ बनाए रखना है।

# पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया को मजबूतीः सभी दलों को सौंपी गई अंतिम मतदाता सूची, उत्कृष्ट कार्मिक सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** जनपद में निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में प्रशासन ने महत्वपूर्ण पहल करते हुए अंतिम प्रकाशित निर्वाचक नामावली की हार्ड व सॉफ्ट कॉपी सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को उपलब्ध करा दी है। साथ ही सभी सातों विधानसभा क्षेत्रों की अंतिम मतदाता सूची राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (NIC) की आधिकारिक वेबसाइट पर भी अपलोड कर दी गई है, जिससे आम नागरिक अपनी जानकारी आसानी से देख सकें।

कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूचियां सौंपीं। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।



जिलाधिकारी ने राजनीतिक दलों से अपील की कि वे मतदाता सूची का गंभीरता से परीक्षण करें और किसी भी प्रकार की आपत्ति या सुझाव निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रस्तुत करें, ताकि आवश्यक सुधार समय रहते किए जा सकें। उन्होंने यह भी बताया कि प्रत्येक बूथ पर बीएलओ द्वारा अंतिम मतदाता सूची का प्रदर्शन कराया गया है।

कार्यक्रम में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट /एसडीएम श्रुति शर्मा, एसडीएम अवधेश निगम, तहसीलदार के.के. पांडेय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके बाद आयोजित सम्मान समारोह में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (SIR) - 2026 को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में उत्कृष्ट योगदान देने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने चयनित कार्मिकों को माला पहनाकर प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए तथा लंच बॉक्स और मिल्टन की पानी की बोतल भेंट की। उन्होंने कहा कि ऐसे सम्मान से कर्मचारियों का मनोबल बढ़ता है और वे भविष्य में भी बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित होते हैं।

# माता-पिता के चरणों के नीचे चारों धामः पं. अभयानन्द

अवधनामा संवाददाता

**भाटपार रानी, देवरिया।** भाटपार रानी तहसील क्षेत्र के बलिवन गांव में चल रहे नौ दिवसीय श्रीविष्णु महायज्ञ के चौथे दिन शुक्रवार की रात प्रवचन करते हुए वृंदावन से पधारे श्रीरामचरितमानस कथा मर्मज्ञ पं0 अभयानन्द शास्त्री ने कहा कि प्रत्येक माता-पिता का यह परम् कर्तव्य है कि वे अपने बच्चों को अच्छे संस्कार सिखाएं।व्यक्ति के संस्कार ही उसे महान बनाती है।कथावाचक ने कहा कि प्रत्येक बेटे-बेटियों का भी यह कर्तव्य है कि वे अपने माता-पिता का सेवा करें।माता-पिता के चरणों में ही चारों धाम है, जिसे उनकी सेवा करके प्राप्त की जा सकती है।यदि माता-पिता अपने सन्तानों के क्रिया-कलापों से खुश नहीं होंगे,तो ईश्वर भी खुश नहीं होगा।कथावाचक ने कथा के बीच-बीच मे अपना गीत प्रस्तुत कर सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। यहां मुख्य रूप से यज्ञाचार्य पं0 हरेंद्र शास्त्री,भजन



गायक शैलेश मिश्र, तबला वादक अभिषेक मिश्र, पैड वादक मंटू, समाजसेवी राजेश यादव,युवा समाजिक कार्यकर्ता प्रतीक तिवारी, रवि चौहान, पंकज चौहान, प्रभुनाथ पासवान,अभिराज गुप्ता, शालू चौहान, अजय चौहान, अभिषेक कुशवाहा, श्रीरामकुशवाहा, गोविंद चौहान, रितेश शर्मा,अनुज जायसवाल, रोहित पासवान, श्याम गुप्ता, हैप्पी तिवारी, प्रियांशु श्रीवास्तव, मनु कुशवाहा, पीयूष जायसवाल, सुमित जेसव, रंजीत प्रसाद, अक्षय प्रसाद, दीपक प्रसाद, कन्हैया प्रसाद, आकाश प्रसाद, अजय पासवान, धर्मनाथ कुशवाहा, सुरेश राजभर, प्रभुनाथ पासवान, बैरिस्टर चौहान सहित भारी संख्या में श्रद्धालु गण मौजूद रहे।

# मईल पुलिस का बड़ा खुलासाः कई चोरी की घटनाओं का अनावरण

■ दो गिरफ्तार, भारी सामान बरामद

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** जनपद के थाना मईल पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए चोरी की कई घटनाओं का खुलासा किया है। पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से ट्रैक्टर-ट्रॉली, मोटरसाइकिल, गैस सिलेंडर, आभूषण सहित भारी मात्रा में चोरी का सामान बरामद किया है।

पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी सुनील कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी बरहज राजेश चतुर्वेदी के पर्यवेक्षण में थाना मईल पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अभिषेक यादव उर्फ दुर्गेश व सतीश यादव उर्फ अभय, निवासी ग्राम नरियांव को ग्राम भटौली के दक्षिण पुलिया के पास से गिरफ्तार



किया। वहीं एक अन्य अभियुक्त सत्यम यादव अंधेरे का लाभ उठाकर मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है।

गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से सोनालिका ट्रैक्टर, चोरी की ट्रॉली, हीरो ग्लैमर मोटरसाइकिल, घरेलू पानी का मोटर, दो गैस सिलेंडर, गैस चूल्हा, 50 किलो गेहूं, चांदी की पायल, साड़ियां तथा मंदिर की दानपेटी बरामद की गई। पुलिस के अनुसार यह सभी सामान अलग-अलग स्थानों से चोरी किया गया था।

इस संबंध में थाना मईल सहित अन्य थानों में कई धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं, जिनका सफल अनावरण किया गया है। फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।

इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार के नेतृत्व में उपनिरीक्षक महेंद्र मोहन मिश्रा सहित पुलिस टीम के अन्य सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने बताया कि जनपद में अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# चार शातिर चोर गिरफ्तार

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** विभिन्न प्राथमिक विद्यालयों में चोरी करने वाले गिरोह का पुलिस ने खुलासा करते हुए 4 शातिर चोर गिरफ्तार किये। बड़ी संख्या में सिलेंडर, पंखे, एयर कंडीशनर, एलईडी टीवी, कंप्यूटर, टेबलेट, इनवर्टर, बैटरियां, गीजर, प्रिंटर, सीसीटीवी कैमरे, भागौने, टंकी समेत बड़ी मात्रा में खाना बनाने का सामान और चोरी करने के सामान समेत तमंचा, तलवार छुरी और मोटर साइकिल बरामद किये गए। मुखबिर की सूचना पर लॉयन सफारी रोड से एक मकान के अंदर से चोरी की योजना बनाते किया गया गिरफ्तार। पुलिस ने भरथना थाना क्षेत्र के तुरैया गांव निवासी मोनू, प्रदीप, मनीष और सिविल लाइन थाना क्षेत्र के कांशीराम कॉलोनी निवासी देव कुमार को किया गिरफ्तार। एसएसपी ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव और एसपी सिटी अभयनाथ त्रिपाठी के निर्देशन में और सीओ सिटी अभय नारायण राय के नेतृत्व में सिविल लाइन इंस्पेक्टर के के मिश्रा, उप निरीक्षक मंगल सिंह, उपनिरीक्षक संजय यादव, उप निरी निर्मल कुमार और एसओजी और सर्विलांस की टीम ने की कार्यवाही। एसएसपी ने खुलासा करने वाली टीम को 25 हजार रुपए का पुरस्कार देने की घोषणा की।

# संभल में शुरू हुआ एचपी वी टीकाकरण

अवधनामा संवाददाता

**संभल।** भारत सरकार के द्वारा देशव्यापी अभियान के साथ संभल जनपद ने भी आज एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम की शुरुआत की है, मिशन शक्ति के अन्तर्गत पाँच किशोरियों पलाक्षी गुप्ता, आराध्या रस्तौगी, कनिष्का रस्तौगी, अक्सा रईस, अलिशबा द्वारा जिलाधिकारी डा0 राजेंन्द्र पैंसिया की उपस्थिति में जिला संयुक्त चिकित्सालय सम्भल में एचपीवी टीकाकरण का शुभारम्भ किया गया। जिला संयुक्त चिकित्सालय सम्भल में प्रथम दिवस पर 18 किशोरियों का टीकाकरण किया गया। डा0 राजेन्द्र पैंसिया जिलाधिकारी , जनपद सम्भल ने इस बात पर जोर दिया कि यह देशव्यापी अभियान एचपीवी संक्रमण के बोझ को कम करने और इससे होने वाली मृत्यु दर को घटाने में मील का पत्थर साबित होगा। यह टीका अब तक 160 देशों में 50 करोड़ को लगाया जा चुका है ये टीका बाजार में लगभग 04 हजार रूपये का है जो कि आम आदमी के लिये काफी महंगा है। यह पहल न केवल स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाती है, बल्कि भारत सरकार के कैंसर मुक्त भविष्य के संकल्प को भी मजबूती प्रदान करती है। टीकाकरण के उपरान्त सभी किशोरियों को डिजिटल वैक्सीनैशन प्रमाण पत्र प्रदान किये गयें। जिलाधिकारी महोदय द्वारा समस्त सरकारी/निजी विद्यालयों/मदरसो एवं स्कूल न जाने वाली किशोरियों जिनकी आयु 14 से 15 वर्ष के मध्य



है को यह टीका लगाया जाने हेतु अपील की गई है साथ ही शिक्षकों से स्वास्थ्य विभाग का सहयोग करने हेतु कहा गया। नेशनल कैंसर रजिस्ट्री प्रोग्राम आईसीएमआर 2024 के डेटा के अनुसार, देश में साल भर में कैंसर के करीब 78 हजार नए मामले सामने आए और 42 हजार से अधिक महिलाओं ने अपनी जान गँवा दी। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि लगभग 99 प्रतिशत मामलों का कारण ह्यूमन पैपिलोमा वायरस है।

इस अवसर पर डा0 तरूण पाठक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने किशोरियों के स्वास्थ्य के लिए एचपीवी टीके के महत्व को रेखांकित किया और बताया कि सही समय पर टीकाकरण भविष्य में गंभीर बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करता है जिसे एक छोटी सी वैक्सीन से रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि अपनी ओपीडी में आने वाले हर माता-पिता को इस वैक्सीन के लिए प्रोत्साहित करें। अपने अस्पताल और विभाग में इसके प्रचार-प्रसार की सामग्री को प्रमुखता से लगवाएं यदि किसी अभिभावक के मन में कोई शंका है, तो उसे वैज्ञानिक तथ्यों के साथ दूर करें। उन्होंने इस इस मुहिम को जन-आंदोलन बनाने पर जोर दिया द्य उन्होंने कहा कि भूल न जाना, एचपीवी वैक्सीन जरूर लगवाना।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी/अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ पंकज विश्नोई नें इस अवसर पर बताया कि तक जनपद सम्भल में लगभग 27 हजार 01 सौ तेरेपन किशोरियों को एचपीवी का टीका लगाये जाने का लक्ष्य है। डॉ. राजेन्द्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक,जिला संयुक्त चिकित्सालय सम्भल ने एचपीवी संक्रमण के खतरों और उससे बचाव में वैक्सीन की भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर डा0 अजफर कमाल, वरि0परा0 आर्थो सर्जन, डा0 मनमोहन शर्मा उपमुख्य चिकित्साधिकारी, संजीव राठौर, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, डा0 सुनील त्यागी, शमशीर आलम, रीजनल कार्डिनेटर, सुरजीत कुमार, मण्डल कॉर्डिनेटर फैजान अली राज्य तकनीकी प्रबंधक,श्रीमति किरनवाल, श्रीमति पारूल गुप्ता,हेल्प डेस्क मैनेजर अन्य उपस्थित रहे।

# स्किन केयर के लिए घर पर बनाएं हर्बल फेस मिस्ट

हर्ब्स की मदद से बना फेस मिस्ट फेस को हाइड्रेट करने के साथ-साथ तुरंत चमक देते हैं। वहीं आप अपनी स्किन की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इसको कस्टमाइज भी कर सकते हैं। ऐसे में आज हम आपको घर पर हर्बल फेस मिस्ट बनाने के तरीके के बारे में बताने जा रहे हैं।

हम सभी चाहते हैं कि हर समय हमारी स्किन रिफ्रेशिंग लगे। लेकिन वास्तव में ऐसा नहीं होता है। दिनभर काम करने की थकान हमारी स्किन पर साफतौर पर नजर आती है। ऐसे में सबसे अच्छा तरीका है कि आप फेस मिस्ट का इस्तेमाल करें। वैसे तो फेस मिस्ट आपको मार्केट में आसानी से मिल जाएंगे। लेकिन आप चाहें तो कुछ हर्ब्स की सहायता से घर पर भी फेस मिस्ट बना सकती हैं। जब आप घर पर हर्ब्स की मदद से फेस मिस्ट बनाती हैं, तो आपको अपनी स्किन को लेकर परेशान होने की जरूरत नहीं है।

**चमक**

**हर्ब्स की मदद से बना फेस मिस्ट फेस को हाइड्रेट करने के साथ-साथ तुरंत चमक देते हैं।**

हर्ब्स की मदद से बना फेस मिस्ट फेस को हाइड्रेट करने के साथ-साथ तुरंत चमक देते हैं। वहीं आप अपनी स्किन की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इसको कस्टमाइज भी कर सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको घर पर हर्बल फेस मिस्ट बनाने के तरीके के बारे में बताने जा रहे हैं।

ग्रीन टी और पुदीने के मिस्ट की सामग्री

उबली हुई ग्रीन टी- आधा कप

पुदीने के पत्ते- 5-6 ताज़े

विच हेज़ल- 1 छोटा चम्मच

**ऐसे बनाएं**



ग्रीन टी और पुदीने के पत्तों को 10 मिनट के लिए गर्म पानी में भिगो दें।

फिर इसको ठंडा होने के लिए रख दें। अब लिक्विड को छानकर इसे स्प्रे बोतल में डालें।

इसमें विच हेजल डालकर इसका इस्तेमाल करें।

खीरा और तुलसी से फेस मिस्ट की सामग्री

आधा खीरे का जूस

तुलसी की चाय- एक चौथाई कप

एलोवेरा जेल- 1 बड़ा चम्मच

**ऐसे बनाएं**

सबसे पहले खीरे को पीसकर उसका जूस छाल लें।

फिर तुलसी के पत्तों को गर्म पानी में उबालकर ठंडा होने के लिए रख दें।

जब यह ठंडा हो जाए, तो इसमें एलोवेरा जेल मिक्स करें और स्प्रे बोत में मिला लें।

अब इसको फ्रिज में स्टोर करें।

आप इसका सप्ताह भर तक इस्तेमाल कर सकते हैं।

संतरे के छिलके और शहद से के फेस मिस्ट की सामग्री

संतरे के छिलके- आधा कप

कच्चा शहद- 1 चम्मच

सेब का सिरका- 1 चम्मच

**ऐसे बनाएं**

सबसे पहले छिलकों को 10 मिनट के लिए पानी में उबालें।

अब इसको ठंडा करके छान लें।

फिर इसमें शहद और सेब का सिरका डालकर अच्छे से मिक्स करें।

अब इसको एक स्प्रे बोतल में भर लें और फ्रिज में स्टोर करें।

आप त्वचा को रिफ्रेशिंग फील कराने के लिए इससे स्प्रे करें।

# फैमिली फंक्शन में पाना चाहती हैं स्टाइलिश लुक तो स्टाइल करें ये प्रिंटेड साड़ियां, वार्डरोब में जरूर करें शामिल

अगर आप किसी फैमिली फंक्शन में शामिल होने का प्लान कर रही हैं और बेस्ट लुक पाना चाहती हैं। तो आप कुछ साड़ियों को अपने वार्डरोब में शामिल कर सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ साड़ी ऑप्शन के बारे में बताने जा रहे हैं।

महिलाएं कई सारे फंक्शन में साड़ी पहनना पसंद करती हैं। साड़ी में आप न सिर्फ खूबसूरत नजर आती हैं, बल्कि इससे आपका लुक भी अट्रैक्टिव नजर आता है। हालांकि साड़ी में आपको कई सारी डिजाइन्स मिल जाएंगी, जिनको आप फंक्शन के हिसाब से स्टाइल कर सकती हैं। ऐसे में अगर आप किसी फैमिली फंक्शन में शामिल होने का प्लान कर रही हैं और बेस्ट लुक पाना चाहती हैं। तो आप कुछ साड़ियों को अपने वार्डरोब में शामिल कर सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ साड़ी ऑप्शन के बारे में बताने जा



रहे हैं।

**मल्टी कलर ऑर्गेंजा साड़ी**

फैमिली फंक्शन में बेस्ट और स्टाइलिश लुक पाने के लिए ऑर्गेंजा साड़ी वियर कर सकती हैं। इस साड़ी में आपका लुक बेहद खूबसूरत नजर आएगा। इस साड़ी में ऑर्गेंजा फैब्रिक है, जिसको आप किसी भी फैमिली फंक्शन में स्टाइल कर सकती हैं। आप ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों ही जगहों से 1000 से 1500 तक की कीमत में खरीद सकते हैं। इस तरह की साड़ी के साथ आप पर्ल वाली ज्वेलरी के साथ फुटवियर में हील्स पहन सकती हैं।

**प्रिंटेड साटन साड़ी**

अगर आप लाइट कलर में साड़ी पहनने की सोच रही हैं, तो आप प्रिंटेड साटन साड़ी का चुनाव कर सकती हैं। इस साड़ी को स्टाइल करके आप भीड़ से अलग नजर आएंगी। इस साड़ी में आपको कई कलर ऑप्शन मिल जाएंगी। इसको आप स्लीवलेस ब्लाउज के साथ कैरी कर सकती हैं। आप इसके साथ मिरर वर्क वाली ज्वेलरी स्टाइल कर सकती हैं। वहीं आप हील्स पहन सकती हैं।

**फ्लोरल प्रिंट साड़ी**

अगर आप भी सिंपल और अट्रैक्टिव लुक पाना चाहती हैं, तो आपको फ्लोरल प्रिंट साड़ी वियर कर सकती हैं। इन दिनों यह साड़ी काफी ट्रेंड में हैं और इसमें आपका लुक बेहद प्यारा लगेगा। आप इस तरह की

# गर्मियों में दिखना चाहती हैं कूल और स्टाइलिश तो बनाएं ये ट्रेंडी हेयर स्टाइल, आप भी करें ट्राई

गर्मियों में चिलचिलाती गर्मी और पसीने के कारण बाल खोलना पॉसिबल नहीं होता है। ऐसे में ज्यादातर लोग ऐसी हेयरस्टाइल बनाना पसंद करते हैं, जिसमें बाल पूरी तरह से बंधे रहे। हालांकि गर्मियों में कूल और स्टाइलिश दिखने के लिए परफेक्ट हेयरस्टाइल बना सकती हैं।

गर्मियों के मौसम में आउटफिट सिलेक्शन के बाद दूसरी समस्या हेयर स्टाइल की होती है। क्योंकि जब तक आप आउटफिट के साथ कूल हेयर स्टाइल नहीं बनाती हैं, तो आपका लुक परफेक्ट नहीं आता है। गर्मियों में चिलचिलाती गर्मी और पसीने के कारण बाल खोलना पॉसिबल नहीं होता है। ऐसे में ज्यादातर लोग ऐसी हेयरस्टाइल बनाना पसंद करते हैं, जिसमें बाल पूरी तरह से बंधे रहे। हालांकि गर्मियों में कूल और स्टाइलिश दिखने के लिए परफेक्ट हेयरस्टाइल बना सकती हैं।



अगर आप भी गर्मियों में हर दिन अपनी हेयर स्टाइल को लेकर कंफ्यूज रहती हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ट्रेंडी हेयर स्टाइल के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनको आप कैजुअल आउटिंग, ऑफिस, कॉलेज हर जगह बना सकती हैं। इन हेयर स्टाइल में आपका हर लुक अट्रैक्टिव नजर आएगा।

**रबर बैंड ट्विस्ट ब्रेड हेयर स्टाइल**

गर्मियों में आप रबर बैंड ट्विस्ट ब्रेड हेयर स्टाइल बना सकती हैं। इस हेयर स्टाइल को बनाने के लिए तमाम सारी रबर बैंड की जरूरत होगी। सबसे पहले नार्मल पोनी बनाएं और फिर थोड़ी-थोड़ी दूर पर रबर लगाना है और बालों को बीच से लूज करते जाएं। इससे आप सिंपल ब्रेड से खुद को स्टाइलिश लुक दे सकती हैं। स्कर्ट और जींस के साथ ऐसी हेयर स्टाइल काफी कूल लुक देती है।

**हाफ हेयर बन स्टाइल**

आमतौर पर गर्मियों में लोग हेयर स्टाइल लुक जरूर बनाते हैं।

# स्किन टोन के हिसाब से चुने अपना लहंगा, जानिए कौन सा कलर कॉम्बिनेशन रहेगा बेस्ट

अगर आप बिना सोचे समझे लहंगे के कलर कॉम्बिनेशन को पहनती हैं, तो यह आपके पूरे लुक को बिगाड़ सकता है। हर स्किन टोन का अपना कलर होता है, जो उनपर अच्छा लगता है। आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि स्किन टोन के आधार पर आप लहंगे के कलर के किन कॉम्बिनेशन का चुनाव कर सकती हैं। जब भी स्टाइलिश दिखने की बात होती है, तो हम सभी ट्रेंड के पीछे भागते हैं। लेकिन जरूरी नहीं होता है कि एक ही ट्रेंड सभी पर फिट बैठे। अगर आप किसी खास मौके पर लहंगा पहनने का मन बना रही हैं, तो सिर्फ ट्रेंड को फॉलो करते हुए कलर कॉम्बिनेशन नहीं चुनना चाहिए। बल्कि ऐसे रंगों का चुनाव करना चाहिए, जो आपकी स्किन टोन के साथ फिट बैठे। जिससे आपके लुक में निखार आए।

बता दें कि अगर आप बिना सोचे समझे लहंगे के कलर कॉम्बिनेशन को पहनती हैं, तो यह आपके पूरे लुक को बिगाड़ सकता है। हालांकि लहंगे के कलर कॉम्बिनेशन के ऑप्शन में कोई कमी नहीं है। इसके लिए जरूरी है कि आप अपने लिए सही कलर कॉम्बिनेशन चुनें। हर स्किन टोन का अपना कलर होता है, जो उनपर अच्छा लगता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि स्किन टोन के आधार पर आप लहंगे के कलर के किन कॉम्बिनेशन का चुनाव कर सकती हैं।

**फेयर स्किन टोन**

अगर आपकी रंगत फेयर है तो आप लाइट और डार्क शेड्स दोनों ही पहन सकती हैं। हालांकि कुछ रंग आपकी रंगत को फीका दिखा सकते हैं। इसलिए आपको बहुत ज्यादा क्रीम, बेज या फिर सुपर ब्राइट नियॉन शेड्स से बचना चाहिए। फेयर स्किन टोन के लिए आपको मैरून, डीप पर्पल, नेवी, लैवेंडर, एमरेल्ड ग्रीन, रॉयल ब्लू, ब्लश पिंक, पीच, आइसी ब्लू और पाउडर पिंक या फिर गोल्ड व सिल्वर कलर पहनना चाहिए। इसमें आप बहुत ज्यादा खूबसूरत नजर आएंगी। वहीं अगर आप परफेक्ट कलर कॉम्बिनेशन वाला लहंगा पहनना चाहती हैं, तो आप एमरेल्ड ग्रीन के साथ गोल्ड, सिल्वर, डीप ब्लू या फिर ब्लश पिंक के अलावा रोज गोल्ड पहन सकती हैं।

**मीडियम स्किन टोन**

मीडियम स्किन टोन एक बेहद वर्सेटाइल स्किन टोन है। इसके कलर कॉम्बिनेशन में आपके पास ऑप्शन की कमी नहीं होगी। इस स्किन टोन वाली महिलाएं ऑलिव ग्रीन, रूबी रेड, मिंट ग्रीन, मस्टर्ड, डीप रेड, डस्की पिंक जैसे कलर्स कैरी कर सकती हैं। प्रयास करें कि आप



अधिक लाइट पेस्टल शेड्स या फिर नियॉन ग्रीन, नियॉन येलो जैसे रंगों को इग्नोर करें। अगर आप लहंगे में कलर कॉम्बिनेशन पहनना चाहती हैं, तो आप रॉयल ब्लू के साथ सिल्वर, डीप रेड के साथ गोल्ड या फिर ऑलिव ग्रीन के साथ ब्रॉन्ज जैसे कलर्स को साथ में पेयर कर सकती हैं।

**डस्की स्किन टोन**

इस स्किन टोन वाली महिलाएं ब्राइट और बोल्ड कलर्स को अपने स्टाइल का हिस्सा बना सकती हैं। ऐसे में आप कोबाल्ट ब्लू, ब्राइट रेड, हॉट पिंक, मैजेंटा, टैंगरीन से लेकर चॉकलेट ब्राउन, मस्टर्ड, डीप ग्रीन या एमरेल्ड को अपने रूटीन में शामिल कर सकती हैं। डस्की स्किन टोन वाली महिलाएं बेबी पिंक, बेज, पाउडर ब्लू, ग्रे और सिल्वर जैसे शेड्स अच्छे नहीं लगते हैं। आप डीप ग्रीन के साथ कॉपर, मैजेंटा के साथ गोल्ड या फिर रस्ट ऑरेंज के साथ बेज कलर को कैरी कर सकती हैं।

# हर मौसम में शीशे की तरह चमकेगी आपकी स्किन, घर पर बनाएं जेल बेस्ड मॉइश्चराइजर

जेल मॉइश्चराइजर स्किन में जल्दी अब्जॉर्ब होता है। इससे आपकी स्किन में चिपचिपी महसूस नहीं होती है। क्योंकि यह वॉटर बेस्ड होता है और ऑयली स्किन से लेकर कॉम्बिनेशन स्किन को बिना हैवीनेस या ऑयल के हाइड्रेटेड रखता है। आज हम आपको घर पर ही जेल बेस्ड मॉइश्चराइजर बनाने के बारे में बताने जा रहे हैं।

चाहे कोई भी मौसम हो स्किन को हर मौसम में पर्याप्त नमी की जरूरत होती है। स्किन को नमी देने के लिए एक अच्छा मॉइश्चराइजर बेहद काम आता है। इसलिए हम सभी अपनी स्किन केयर के लिए मार्केट से लाए हुए मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करते हैं। जबकि आप इसको खुद भी बना सकते हैं। आप मौसम के हिसाब को देखते हुए जेल बेस्ड मॉइश्चराइजर बना सकती हैं। क्योंकि जेल बेस्ड मॉइश्चराइजर लाइटवेट और नॉन ग्रीसी होता है।



वहीं जेल मॉइश्चराइजर स्किन में जल्दी अब्जॉर्ब होता है। इससे आपकी स्किन में चिपचिपी महसूस नहीं होती है। क्योंकि यह वॉटर बेस्ड होता है और ऑयली स्किन से लेकर कॉम्बिनेशन स्किन को बिना हैवीनेस या ऑयल के हाइड्रेटेड रखता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको घर पर ही जेल बेस्ड मॉइश्चराइजर बनाने के बारे में बताने जा रहे हैं।

**खीरे का जेल मॉइश्चराइजर**

गर्मियों में यह जेल माइश्चराइजर आपकी त्वचा को ठंडक पहुंचाने में सहायता करता है। इससे आपकी स्किन को पर्याप्त हाइड्रेशन मिलता है। वहीं धूप से झुलसी स्किन के लिए खीरा काफी अच्छा माना जाता है।

सामग्री

आधा खीरा

एलोवेरा जेल- 2 बड़े चम्मच

नारियल का तेल- 1 छोटा चम्मच

मिंट एसेंशियल ऑयल- 3-4 बूंदें

ऐसे बनाएं खीरे से जेल मॉइश्चराइजर

सबसे पहले खीरे को पीसकर छान लें और इसका ताजा जूस निकाल लें।

फिर एक कटोरी में खीरे के जूस को एलोवेरा जेल के साथ मिक्स करें।

इसके बाद इसमें एसेंशियल ऑयल और नारियल तेल डालकर अच्छे से मिलाएं।

आप इसको फ्रिज में भी स्टोर करके हर दिन इस्तेमाल कर सकते हैं।

# होममेड ग्रीन टी आइस क्यूब्स से खत्म होंगी झुर्रियां

**चेहरे पर आएगा गजब का निखार**

ग्रीन टी में भरपूर एंटी-ऑक्सीडेंट पाया जाता है। यह उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा करने के साथ स्किन को आराम देने और पोर्स को टाइटन करने में मदद करती है। वहीं गर्मियों में यह आपकी स्किन को ठंडक का एहसास कराती है। इससे आपकी स्किन काफी रिफ्रेश नजर आती है। हम सभी अपनी स्किन को यंगर और ग्लोइंग बनाने के लिए तरह-तरह के तरीके अपनाते हैं। इसके लिए हम सभी मार्केट में मिलने वाले महंगे स्किन केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन आप इन प्रोडक्ट्स पर अधिक रुपए-पैसे खर्च करने की बजाय नेचुरल तरीके से स्किन को लंबे समय तक यंगर और ग्लोइंग बनाए रख सकती हैं। बता दें कि ग्रीन टी आइस क्यूब स्किन पर उम्र बढ़ने वाले संकेतों को खत्म करने के साथ सूजन कम करने और स्किन को अधिक रिफ्रेशिंग दिखाने में सहायता करती है। दरअसल, ग्रीन टी में भरपूर एंटी-ऑक्सीडेंट पाया जाता है। यह उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा करने के साथ स्किन को आराम देने और पोर्स को टाइटन करने में मदद करती है। वहीं गर्मियों में यह आपकी स्किन को ठंडक का एहसास कराती है। इससे आपकी स्किन काफी रिफ्रेश नजर आती है। ऐसे में अगर आप अधिक समय तक स्किन को यंगर बनाए रखना चाहती हैं, तो आपको ग्रीन टी आइस क्यूब का इस्तेमाल कर सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि ग्रीन टी आइस क्यूब बनाकर कैसे इसका इस्तेमाल करें।

**ग्रीन टी और शहद आइस क्यूब**

यह आइस क्यूब स्किन को अधिक यंगर बनाने के साथ ही निखार भी देता है। इस आइस क्यूब के इस्तेमाल से आपकी स्किन हाइड्रेट रहती है।

**सामग्री**

ग्रीन टी बैग- 2

गर्म पानी- 1 कप

शहद- 1 चम्मच

**ऐसे बनाएं आइस क्यूब**


इसके लिए सबसे पहले ग्रीन टी बनाएं और उसको ठंडा होने के लिए रख दें।

जब यह ठंडी हो जाए तो इसमें शहद डालकर अच्छे से मिक्स कर लें।

फिर इसे आइस क्यूब में डालकर फ्रीज कर लें।

जब यह जम जाए तो इसको एक पतले कपड़े या फिर रुमाल आदि में लपेटकर स्किन पर यूज करें।

**ग्रीन टी और खीरे का आइस क्यूब**



यह आइस क्यूब सूजन को खत्म करने में सहायक होता है। आप इस आइस क्यूब को विशेष रूप से आंखों के नीचे इस्तेमाल कर सकते हैं।

**सामग्री**

ग्रीन टी- 1/2 कप उबली हुई

खीरे का जूस- 1/2 कप

**ऐसे बनाएं**

इसको बनाने के लिए ताजे खीरे को ब्लेंड करके छान लें।

अब खीरे के जूस के साथ ग्रीन टी को मिलाएं।

फिर इसको आइस क्यूब में डालकर जमने के लिए फ्रीज में रख दें।

वहीं जब यह आइस क्यूब बन जाए तो इसका इस्तेमाल करें।

ग्रीन टी और एलोवेरा आइस क्यूब

बता दें कि ग्रीन टी और एलोवेरा आइस क्यूब एक सूदिंग आइस क्यूब है। यह आपकी स्किन को यंगर बनाने के अलावा सूदिंग इफेक्ट भी देता है।

**सामग्री**

ग्रीन टी- 1 कप उबली हुई

ताज़ा एलोवेरा जेल- 1 बड़ा चम्मच

**ऐसे बनाएं**

ग्रीन टी और एलोवेरा जेल को एक साथ मिक्स करें।

फिर इसको आइस क्यूब ट्रे में डालकर फ्रीज कर दें।

# छोटे कद की लड़कियां पहनना चाहती हैं बोल्ड प्रिंट, इन टिप्स को ना करें नजरअंदाज

अगर आप बोल्ड प्रिंट्स पहनना चाहती हैं तो ऐसे में आपको इसके साइज पर ध्यान देना चाहिए। बहुत बड़े प्रिंट्स देखने में तो अच्छे लगते हैं, लेकिन छोटे कद पर ये भारी लग सकते हैं। ऐसे में छोटे या मीडियम साइज़ के बोल्ड प्रिंट्स पहनें। ये स्टाइलिश भी लगते हैं और शरीर पर हावी भी नहीं होते।

बोल्ड प्रिंट्स आपके लुक को एकदम से निखार सकते हैं। लेकिन अगर आपकी हाइट थोड़ी कम है, तो कभी-कभी ऐसा लग सकता है कि ये पैटर्न आपको ढक सकते हैं। लेकिन छोटी हाइट का मतलब यह बिल्कुल नहीं है कि आप ब्राइट और मज़ेदार प्रिंट्स से खुद को दूर रखें। बस जरूरत होती है सही स्टाइलिंग की। एक परफेक्ट स्टाइलिंग के साथ, ये बोल्ड प्रिंट्स आपको ज़्यादा लंबा, कॉन्फिडेंट और ट्रेंडी भी दिखा सकते हैं।

बस थोड़े से प्रॉपोर्शन्स से खेलकर और सही प्रिंट्स को चुनकर आप अपनी बॉडी को छुपाने

**निखार**

**बोल्ड प्रिंट्स आपके लुक को एकदम से निखार सकते हैं। लेकिन अगर आपकी हाइट थोड़ी कम है, तो कभी-कभी ऐसा लग सकता है कि ये पैटर्न आपको ढक सकते हैं।**

की बजाय निखारें। चाहे वो फ्लोरल्स हों, स्ट्राइप्स हों या कुछ हटके जियोमैट्रिक डिज़ाइन्स, हर तरह के प्रिंट्स को आप अपने लिए काम में ला सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही छोटे-छोटे स्टाइलिंग टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप छोटे कद में भी बोल्ड प्रिंट्स को स्टाइल कर सकती हैं-



**छोटे या मीडियम साइज के बोल्ड प्रिंट चुनें**

अगर आप बोल्ड प्रिंट्स पहनना चाहती हैं तो ऐसे में आपको इसके साइज पर ध्यान देना चाहिए। बहुत बड़े प्रिंट्स देखने में तो अच्छे लगते हैं, लेकिन छोटे कद पर ये भारी लग सकते हैं। ऐसे में छोटे या मीडियम साइज़ के बोल्ड प्रिंट्स पहनें। ये स्टाइलिश भी लगते हैं और शरीर पर हावी भी नहीं होते। इसलिए, बहुत बड़े फ्लोरल प्रिंट की बजाय थोड़ा छोटे फ्लोरल प्रिंट्स चुनें, जो कॉन्ट्रास्ट कलर में हों और सॉलिड बैकग्राउंड पर हों।

**वर्टिकल हो प्रिंट्स**

अगर आप बोल्ड प्रिंट में भी अपनी हाइट को लंबा दिखाना चाहती हैं तो ऐसे में वर्टिकल प्रिंट्स को चुनें। ऊपर से नीचे जाने वाले लाइन वाले प्रिंट्स जैसे वर्टिकल स्ट्राइप्स आपको लंबा दिखाते हैं। वर्टिकल प्रिंट वाला कुर्ती-पैंट सेट या को-ऑर्ड सेट पहनना परफेक्ट रहेगा।

**फिटेड या स्ट्रक्चर्ड हो आउटफिट्स**

यह एक बेहद ही छोटा लेकिन अच्छा तरीका है बोल्ड प्रिंट्स में लंबा नजर आने का। ध्यान रखें कि बोल्ड प्रिंट्स वैसे ही ध्यान खींचते हैं। अगर कपड़ा बहुत ढीला या बहता हुआ हो, तो लुक बिगड़ सकता है। इसलिए फिटिंग वाले टॉप्स, बेल्ट वाली ड्रेस या स्ट्रेट फिट बॉटम्स पहनें ताकि बैलेंस बना रहे।

**प्रिंट की जगह पर दें ध्यान**

कुछ ड्रेस में प्रिंट नीचे की ओर ज्यादा होता है या रैंडम फैला होता है। ऐसे कपड़े चुनें जिनमें प्रिंट बॉडी को फ्लैटर करे, जैसे कंधों के पास हल्का प्रिंट और नीचे डार्क।

# मेकअप किट में शामिल करें बेस्ट लिपस्टिक शेड

मेकअप की जान होती है लिपस्टिक, इसके बिना मेकअप भी फीका लगता है। अगर आप भी लिपस्टिक खरीदना चाहती हैं, तो इन शेड्स की लिपस्टिक जरुर लगाएं। इस लेख में हम आपके लिए कुछ यूनीक लिपस्टिक शेड्स के बारे में बताने जा रहे हैं। यह शेड्स हर लड़की के मेकअप किट में होना चाहिए।

जब लुक्स की बात आती है, तो मेकअप लुक में जान डाल देता है। मेकअप की जान लिपस्टिक बिल्कुल है। हर एक लड़की के मेकअप किट में ये लिपस्टिक शेड्स जरुर होने चाहिए। कुछ लिपस्टिक शेड्स कभी भी स्टाइल से बाहर नहीं जाते। ये हर स्किन टोन पर अच्छे लगते हैं। आप भी अपने मेकअप किट में हमेशा ट्रेंड में रहने वाली लिपस्टिक को एड कर सकते हैं। बेहतरीन लिपस्टिक शेड्स, हर ब्यूटी लवर के पास होने चाहिए। चाहे वो परफेक्ट न्यूड हो, पावर रेड हो या आकर्षक मौवे, ये शेड्स समय की कसौटी पर खरे उतरे हैं। इसलिए लड़कियां अपने मेकअप किट में इन शेड्स को जरुर शामिल करें।

**ब्राउन लिपस्टिक शेड**

आजकल सबसे ज्यादा ट्रेंड में ब्राउन लिपस्टिक कलर है, जो हर



एक लड़की के चेहरे पर सूट करती है। इसमें आपको लाइट से लेकर डार्क कई तरह के शेड्स मिल जाएंगे। आप अपने चॉइस के हिसाब से इन शेड्स को खरीद सकती हैं। ब्राउन लिपस्टिक ऑफिस से लेकर कैजुअली और पार्टी में भी लगा सकते हैं।

**वाइन लिपस्टिक शेड**

ट्रेंडी लिपस्टिक में वाइन शेड काफी ट्रेंड में है। अगर आपकी स्किन टोन फेयर है, तो आप वाइन कलर की लिपस्टिक जरुर ट्राई करें। यह लिपस्टिक नाइट और डे दोनों फंक्शन में काफी सुंदर लगती है। अगर आपको यह शेड डार्क लग रहा है, तो आप इसमें लाइट शेड भी ले सकते हैं।

**न्यूड लिपस्टिक**

आजकल न्यूड लिपस्टिक काफी प्रचलन में है। आप न्यूड लिपस्टिक को ऑफिस से लेकर कैजुअल लुक के लिए ट्राई कर सकते हैं। वैसे आजकल ब्राइड भी न्यूड मेकअप के साथ लिपस्टिक शेड भी न्यूड लगा रही हैं। आपको इसमें कई सारे शेड्स मिल जाएंगे। आप लिपस्टिक को ऑनलाइन या ऑफलाइन भी खरीद सकती है।

**रेड लिपस्टिक शेड**

अगर आप शादीशुदा है तो आपके लिए रेड लिपस्टिक परफेक्ट शेड है। जरुरी नहीं है कि मैरिड ही रेड लिपस्टिक ट्राई कर सकती है। आजकल तो अनमैरिड लड़कियां भी रेड लिपस्टिक को काफी पसंद कर रही है। गाजरी या कोरल रेड लिपस्टिक शेड्स काफी सुंदर लगते हैं।


**पिंक लिपस्टिक शेड**

पिंक शेड्स तो सभी काफी पसंद आता हैं क्योंकि यह एवरग्रीन लिपस्टिक शेड होता है। एथनिक लुक साथ पिंक लिपस्टिक बेहद प्यारी लगती है। हर लड़की को अपने मेकअप किट में पिंक लिपस्टिक शेड जरुर एड करें।

# असम के इतिहास में सबसे ज्यादा 85.91 प्रतिशत वोटिंग

## पुडुचेरी में करीब 90 प्रतिशत मतदान, केरलम में 1987 के बाद सबसे ज्यादा वोटिंग

एजेंसी




**गुवाहाटी।** देश के दो राज्यों असम, केरलम और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में गुरुवार को विधानसभा चुनाव के लिए बंपर वोटिंग हुई। 1950 में असम के बनने के बाद से राज्य में सबसे ज्यादा 85.91 प्रतिशत वोटिंग हुई। इससे पहले 2016 में 84.7 प्रतिशत मतदान हुआ था।

वहीं, पुडुचेरी में आजादी के बाद सबसे ज्यादा 89.87 प्रतिशत मतदान हुआ। इससे पहले का रिकॉर्ड 85 प्रतिशत (2006, 2011 और 2016 विधानसभा चुनाव) का था।

केरलम में 1987 के बाद यानी पिछले 39 सालों में सबसे ज्यादा वोटिंग हुई, यहां 78.27 प्रतिशत वोट डाले गए। 1987 में रिकॉर्ड 80.54 प्रतिशत मतदान हुआ था।

वोटिंग परसेंट के आंकड़े 10 अप्रैल की सुबह 8.00 बजे तक के हैं। चुनाव आयोग का फाइनल आंकड़े जारी करना बाकी है।

असम में 126 सीटों पर 41 पार्टियों के 722 उम्मीदवारों का भाग्य का फैसला होगा। 35 जिलों में से 26 से ज्यादा जिलों में 80 प्रतिशत से ऊपर वोटिंग हुई। सबसे ज्यादा 95.56 प्रतिशत मतदान साउथ सलमारा मनकचर जिले में हुआ। सबसे कम 75.25 प्रतिशत वोटिंग वेस्ट कार्बी आंगलॉन्ग में हुई।

असम सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा, बांग्लादेशी मूल के मुस्लिम समाज का 95 से 96त्न वोट प्रतिशत हुआ करता था। बाकी असमिया समाज में 75-76 प्रतिशत तक वोट प्रतिशत होता था। इस बार दोनों समाज के बीच प्रतियोगिता रही। पारंपरिक तौर पर जो समाज सक्रिय मतदान करता है, उन्होंने ज्यादा मतदान किया। जिस समाज में पारंपरिक तौर पर कम मतदान होता है, उसने भी बढ़-चढ़कर मतदान किया है।

केरलम में 140 विधानसभा सीटों पर 2.6 करोड़ मतदाता हैं। इस बार 883 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा। राज्य के 14 जिले में से दो जिलों में 80 प्रतिशत से ऊपर मतदान हुआ। 10 जिलों में 70 प्रतिशत से ज्यादा वोटिंग हुई है। सबसे ज्यादा वोटिंग 81.32 प्रतिशत वोटिंग कोझिकोड में हुई। सबसे कम 70.76 प्रतिशत मतदान पथनमथिट्टा में हुआ। केरलम में 2.71 करोड़ वोटर 890 उम्मीदवारों में से अपना नेता चुन रहे हैं।

पहली- सीएम पिनाराई विजयन के खिलाफ एंटी इनकंबेंसी। विजयन 10 साल से सीएम हैं। इस बार सीपीआईएम के खिलाफ मुस्लिम वोटर भी एकजुट होकर वोटिंग के लिए बाहर निकले हैं।

दूसरी- सीपीआईएम में विजयन के बाद सेकेंड लाइन लीडरशिप की कमी है। कई नेता भाजपा-कांग्रेस जॉइन कर चुके हैं। कैडर नाराज दिखा।

तीसरी- सबरीमाला जैसे धार्मिक मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में राज्य सरकार के पक्ष को लेकर भी लोगों में काफी नाराजगी है।

इसके अलावा सबरीमाला मंदिर में सोना चोरी का मुद्दा भी बड़ा मसला रहा। खासकर महिलाएं नाराज हैं, जो सीपीएम की कोर वोटर मानी जाती रही हैं। इस मुद्दे पर भाजपा और कांग्रेस ने सरकार को घेरकर उनके हिंदू कैडर वोट बैंक में सेंध लगाई है।

## उज्जैन बोरवेल हादसा- तीन साल के बच्चे की मौत, 22 घंटे चली निकालने की कोशिश रही नाकाम

एजेंसी



**उज्जैन।** उज्जैन के बड़नगर के ग्राम झालरिया में मौत और जिंदगी के बीच की जंग मासूम भागीरथ हार गया। 3 साल के भागीरथ की मौत एक गहरे बोरवेल में गिरने के कारण हो गई। उसे बचाने के लिए प्रशासन और रेस्क्यू टीमों ने 22 घंटे तक अपनी पूरी ताकत झोंक दी।

राजस्थान के पाली जिले का रहने वाला 3 वर्षीय भागीरथ अपने परिवार के साथ भेड़ चराने के लिए उज्जैन के बड़नगर आया था। गुरुवार रात करीब 7.30 बजे जब परिवार काम में व्यस्त था, खेलते-खेलते मासूम एक खुले बोरवेल के पास जा पहुंचा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बोरवेल में झांकने के दौरान उसका संतुलन बिगड़ा और वह सीधे गहराई में समा गया। जैसे ही परिजनों को इस हादसे का पता चला, चीख-पुकार मच गई और देखते ही देखते प्रशासन हरकत में आ गया। 22 घंटे से ज्यादा चले रेस्क्यू ऑपरेशन में बोरवेल के भीतर कैमरा डाला गया। बच्चे की निगरानी रखी गई। सीसीटीवी के माध्यम से भागीरथ को करीब 75 फीट की गहराई पर लोकेट किया गया है। फिर बोरवेल के बरावरी से सुरंग खोदी गई। इन सब प्रयासों के बाद भी उसे नहीं बचाया जा सका। सिलसिले वार पढ़िए इस पूरी घटना के बारे में..।

बच्चे की स्थिति पर लगातार डिवाइस और आधुनिक उपकरणों के जरिए नजर रखी जा रही है। भागीरथ को मौत के मुंह से खींच लाने के लिए केवल उज्जैन ही नहीं, बल्कि इंदौर और हरदा से भी एसडीआरएफ की विशेष टीमों को बुलाया गया है। हरदा की टीम को इस तरह के जटिल बोरवेल ऑपरेशनों में महारत है। उनके साथ एनडीआरएफ के जवान और कई निर्माण एजेंसियों के सीनियर इंजीनियर मौके पर रणनीति बना रहे हैं। पिछले 14 घंटों से लगातार जारी इस ऑपरेशन में अब तक करीब 100 फीट गहरी समानांतर टनल खोदी जा चुकी है।

### क्विक न्यूज

### बंगाल में स्टिंग वीडियो वाली सियासत- हुमायूं कबीर ने बताया ममता सरकार की साजिश

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव की आहट के बीच राज्य का सियासी पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया है। हाल ही में तृणमूल कांग्रेस की ओर से जारी किए गए एक कथित स्टिंग वीडियो ने बंगाल की राजनीति में भूचाल ला दिया है। इस वीडियो में आम जनता उन्नयन पार्टी (एजेयूपी) के प्रमुख और टीएमसी के पूर्व विधायक हुमायूं कबीर को भाजपा के साथ करोड़ों की डील करते हुए दिखाने का दावा किया गया है। अब इस पर हुमायूं कबीर ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि यह मेरे खिलाफ ममता बनर्जी और उनकी पार्टी की साजिश है। दरअसल, टीएमसी ने एक 19 मिनट का वीडियो जारी किया है, जिसमें दावा किया गया है कि हुमायूं कबीर भाजपा के साथ मिलकर ममता सरकार को गिराने की प्लानिंग कर रहे थे। वीडियो के मुताबिक, कबीर ने भाजपा से 1,000 करोड़ रुपये की डील की थी, जिसमें से 200 करोड़ रुपये उन्हें एडवांस मिल चुके थे। वीडियो में उन्हें यह कहते सुना जा सकता है कि वे मुस्लिम वोटों का बंटवारा कर भाजपा को फायदा पहुंचाएंगे और बदले में राज्य के उपमुख्यमंत्री बनेंगे। इन आरोपों पर हुमायूं कबीर ने कहा कि यह वीडियो पूरी तरह फर्जी और बनावटी है। उन्होंने दावा किया कि टीएमसी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और डीपफेक तकनीक का सहारा लेकर उनके चेहरे और आवाज का गलत इस्तेमाल किया है। कबीर ने भावुक होते हुए कहा कि मैं मर जाऊंगा लेकिन कभी भाजपा के साथ नहीं जाऊंगा। टीएमसी मेरी बढ़ती लोकप्रियता से डर गई है, इसलिए वे ओछी राजनीति पर उतर आए हैं। यह वीडियो पूरी तरह से एडिटेड है और मैं इसे साबित करने के लिए हाईकोर्ट जाऊंगा।

### कोरबा पुलिस का सीसीटीवी कैमरा- 6 करोड़ का सफेद हाथी

**कोरबा।** पुलिस विभाग ने शहरी क्षेत्र में चप्पे- चप्पे पर सीसीटीवी कैमरा लगा रखा है, लेकिन ये कैमरे अपनी उपयोगिता सिद्ध करने में नाकाम साबित हुए है। रविवार 5 जनवरी की रात सराफा कारोबारी गोपाल राय सोनी की हत्या के बाद शहर के बड़े हिस्से का सफर कर हत्यारे मृतक की कार लेकर नया रिसदा पहुंच जाते हैं। कार दो दिन तक लावारिश हालत में वहां खड़ी रहती है, लेकिन पुलिस को उसकी कोई खबर नहीं रहती। पुलिस विभाग के आंकड़ों पर यकीन करें तो कोरबा में 336 सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। यह आंकड़ा ज्यादा पुराना नहीं है। सितम्बर 2024 में श्रम और उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने जब सीसीटीवी कैमरा कमांड सेंटर का उद्घाटन किया था, तब इस संख्या की जानकारी दी गई थी। एस पी ऑफिस में कंट्रोल रूम बनाया गया है।

### लद्दाख का 'शेर' हुआ खामोश- कारगिल के वीर नायक कर्नल सोनम वांगचुक नहीं रहे

एजेंसी

**लेह।** कारगिल युद्ध के वीर योद्धा कर्नल सोनम वांगचुक का शुक्रवार सुबह लेह में आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर से पूरे लद्दाख क्षेत्र सहित देशभर में शोक की लहर दौड़ गई है। वे महावीर चक्र से सम्मानित एक बहादुर सैन्य अधिकारी थे, जिन्होंने अपनी वीरता और नेतृत्व से इतिहास रचा।

कर्नल वांगचुक ने वर्ष 1999 के कारगिल युद्ध के दौरान लद्दाख स्काउट्स में मेजर के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने 18,000 फीट की ऊंचाई पर बतालिक सेक्टर के चोरबत ला क्षेत्र में एक साहसिक अभियान का नेतृत्व करते हुए दुश्मन से एक महत्वपूर्ण चोटी को दोबारा हासिल किया। यह ऑपरेशन विजय की शुरुआती और निर्णायक सफलताओं में गिना जाता है।

उनकी बहादुरी और नेतृत्व के लिए उन्हें देश के दूसरे सर्वोच्च वीरता पुरस्कार महावीर चक्र से सम्मानित किया गया था। कर्नल वांगचुक को भारतीय सेना के एक प्रेरणादायक और समर्पित अधिकारी के रूप में जाना जाता था।

लद्दाख के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि उनका साहस और देशभक्ति आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।

मुख्य सचिव आशीष कुंद्रा और पूर्व सांसद जम्यांग त्सेरिंग नामग्याल ने भी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी वीरता को अविस्मरणीय बताया। डॉ. मोहम्मद जाफर अखून और ताशी ग्यालसन सहित कई नेताओं और संगठनों ने उनके निधन को अपूरणीय क्षति बताया। ताशी ग्यालसन ने उन्हें लद्दाख का असली शेर बताते हुए कहा कि उनका साहस हमेशा याद रखा जाएगा।

कर्नल सोनम वांगचुक का निधन न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे लद्दाख और देश के लिए एक बड़ी क्षति है।

## बंगाल में शाह की हुंकार, कहा- भाजपा की सरकार बनना तय, खड़गपुर में हुआ भाजपा का रोड शो

एजेंसी



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के देबरा में भाजपा की चुनावी रैली को संबोधित करते समय केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने स्थानीय लोगों के साथ-साथ भाजपा कार्यकर्ताओं में भी जोश भरा। उन्होंने कहा, हम सब बंगाल में चुनाव के लिए इकट्ठा हुए हैं। आप लोगों को 23 अप्रैल को मतदान करना है और आप लोगों को कमल के निशान का बटन दबाना है। पश्चिम मेदिनीपुर में आयोजित इस जनसभा में अमित शाह ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के कार्यकाल को भी घेरा। शाह ने कहा, 15 साल तक मां, माटी और मानुष का नारा लेकर ममता बनर्जी ने यहां राज किया।

शाह ने सीएम ममता को आड़े हाथ लिया और कहा, उन्होंने हमारे युवाओं को बेरोजगार किया, लाठियां भांजी, बहनों पर अत्याचार किया, किसानों को परेशान किया और अब वो अपनी कटमनी और सिंडिकेट से पूरे बंगाल को परेशान कर रही हैं। अब आपको इस कटमनी और सिंडिकेट से मुक्ति पानी है, घुसपैठिया मुक्त बंगाल बनाना है। भाजपा चाहती है कि बंगाल को घुसपैठियों से मुक्त कर दें, लेकिन ममता बनर्जी इन्हें संभालकर रखना चाहती हैं। ममता दीदी, जितना जोर लगाना है, लगा दो, हम एक एक घुसपैठिये को चुन-चुनकर बंगाल से बाहर निकालेंगे।

शाह ने आरोप लगाया कि राज्य में घुसपैठिये युवाओं की नौकरियां छीन रहे हैं और गरीबों का हक खा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी की सरकार इन घुसपैठियों को संरक्षण दे रही है। शाह ने चेतावनी दी कि चुनाव के बाद भाजपा सरकार बनते ही एक-एक घुसपैठिये को बाहर किया जाएगा।

अमित शाह ने अपने भाषण में बार-बार घुसपैठ का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि घुसपैठिये न सिर्फ रोजगार छीन रहे हैं बल्कि राज्य में गुंडागर्दी भी फैला रहे हैं। शाह ने ममता सरकार पर आरोप लगाया कि वह जानबूझकर इस समस्या को खत्म नहीं करना चाहती। उन्होंने दावा किया कि भाजपा सरकार बनने पर इस समस्या का स्थायी समाधान किया जाएगा।

शाह ने कहा कि बंगाल में हर जगह सिंडिकेट का कब्जा है। चाहे सीमेंट खरीदना हो या बालू, हर जगह लोगों को परेशान किया जाता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि कमल के फूल का बटन दबाकर इस सिंडिकेट राज को खत्म करें। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि भाजपा सरकार बनने के बाद गुंडागर्दी करने वालों को जेल भेजा जाएगा।

### पाकिस्तान के लिए रवाना हुए जेडी वेंस, दो दिवसीय दौरे पर कतर पहुंचे मंत्री हरदीप पुरी

एजेंसी

**पाकिस्तान।** डोनाल्ड ट्रंप ने अपने उपराष्ट्रपति जेडी वेंस को बड़ी जिम्मेदारी देते हुए पाकिस्तान भेजा है। वेंस इस्लामाबाद में ईरान के साथ होने वाली अहम बातचीत का नेतृत्व करेंगे। इन वार्ताओं का मकसद अमेरिका और ईरान के बीच बने नाजुक संघर्षविराम को बचाना है, जो हाल के तनाव के कारण कमजोर पड़ता दिख रहा है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी दो दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को दोहा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कतर के ऊर्जा मामलों के राज्य मंत्री और कतरएनर्जी के प्रमुख साद शरीदा अल-काबी से मुलाकात की। बैठक में भारत-कतर के बीच ऊर्जा सहयोग और मौजूदा क्षेत्रीय हालात पर विस्तार से चर्चा हुई। पुरी ने कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश और शुभकामनाएं दीं। दोनों पक्षों ने हालिया तनाव के बीच शांति और स्थिरता की जरूरत पर जोर दिया। साथ ही व्यापार, निवेश और ऊर्जा साझेदारी को और मजबूत करने पर सहमति बनी। कतर ने भारत को भरोसेमंद ऊर्जा आपूर्तिकर्ता बने रहने की प्रतिबद्धता दोहराई। हाल ही में क्षेत्रीय संघर्ष के कारण एलएनजी उत्पादन प्रभावित हुआ है, जिससे वैश्विक ऊर्जा बाजार पर असर पड़ा है। ऐसे में यह दौरा भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अमेरिका और ईरान के बीच प्रस्तावित अहम शांति वार्ता से पहले पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में सुरक्षा व्यवस्था को अभूतपूर्व स्तर पर मजबूत किया गया है। पाकिस्तान के आंतरिक मंत्री मोहसिन नकवी ने शुक्रवार को सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को किसी भी तरह की चूक न होने के निर्देश दिए। सूत्रों के अनुसार, अमेरिका और ईरान के प्रतिनिधिमंडल के आगमन से पहले इस्लामाबाद में 10,000 से अधिक सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई है।

## होर्मुज के हथियार से अमेरिका क्यों परेशान, युद्ध विराम के बाद इस जलडमरुमध्य पर नया बवाल?

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध के दौरान एक चीज जिसकी चर्चा बहुत ज्यादा हुई, वह है होर्मुज जलडमरूमध्य। लेकिन अब जब युद्धविराम का ऐलान कर दिया गया है, तब भी इसकी चर्चा जारी है। ऐसा क्यों? क्योंकि अब खबरें आ रही हैं कि ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही के लिए कर वसूलने की तैयारी कर रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल अकाउंट ट्रुथ पर ईरान के इस फैसले की निंदा की है। ट्रंप ने दावा किया कि ऐसा करके ईरान युद्ध विराम की शर्तों का उल्लंघन कर रहा है। दूसरी तरफ लेबनान पर इस्राइल के हमले जारी हैं। ईरान इसे शर्तों का उल्लंघन बता रहा है।

ऐसे में यह जानना अहम है कि क्या वास्तव में युद्धविराम हुआ है? क्या ईरान होर्मुज खोलने के लिए तैयार है?




क्या ईरान होर्मुज पर कर लगाने जा रहा है? क्या पहले भी यहां जहाजों से कर लिया जाता था? अभी कितने जहाज गुजर रहे हैं? और क्या किसी समुद्री रास्ते के इस्तेमाल के लिए कर वसूला जा सकता है?

इस समझौते को संभव बनाने में पाकिस्तान, मिस्त्र और तुर्किये ने भूमिका निभाई। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख असीम मुनीर ने अमेरिका और ईरान के बीच संदेशों के आदान-प्रदान में मध्यस्थ की भूमिका निभाई। सोमवार को ईरानी पक्ष ने एक 10-सूत्रीय प्रस्ताव पेश किया, जिसे अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ ने शुरुआत में ÷तबाही का प्रस्ताव÷ करार दिया था। इसके बाद पूरे दिन संशोधन का दौर चला, जिसमें मिस्त्र और तुर्किये के विदेश मंत्रियों ने भी मदद की। अतंत~ शर्तों में कई संसोधन के बाद युद्ध विराम पर सहमति बनी।

युद्धविराम के बाद भी इस्राइल ने ईरान समर्थित लेबनान पर हमले जारी रखे। इसके चलते लेबनान में 200 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि इस्राइल द्वारा लेबनान पर लगातार किए जा रहे हमले क्षेत्रीय युद्धविराम को खतरे में डाल सकते हैं। वहीं, पाकिस्तान में होने वाली शांति वार्ता में शामिल होने को लेकर भी कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई।

गुरुवार को ईरान की अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी 'तसनीम' ने बताया कि इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों के लिए एक निर्देश जारी किया है। इसमें जहाजों को लारक द्वीप के आसपास ईरान के जलक्षेत्र से होकर गुजरने को कहा गया है।

### पूर्व अमेरिकी एनएसए का दावा- अमेरिका के युद्धपोत पर हमले चीनी मिसाइलों से

एजेंसी

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में तनाव के बीच एक बड़ी खबर सामने आई है। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जनरल माइक फ्लिन ने दावा किया है कि ईरान ने अमेरिकी विमानवाहक पोत पर हमला करने के लिए जिन मिसाइलों का इस्तेमाल किया, वे चीन की थीं। उन्होंने यह भी दावा किया कि इसे पाकिस्तान के रास्ते ईरान भेजा गया था। फ्लिन ने इसे सीधे तौर पर युद्ध की कार्रवाई यानी, एक्ट ऑफ वार करार दिया है।

माइक फ्लिन ने सोशल मीडिया पर मोसाद कमेंट्री की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए चीन और पाकिस्तान पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि अगर यह साबित हो जाता है कि चीन ने पाकिस्तान के जरिए ईरान को मिसाइलें पहुंचाई हैं, तो यह अमेरिका के खिलाफ एक सोची-समझी सैन्य साजिश है। फ्लिन ने कहा कि अमेरिका को चीन और पाकिस्तान को तुरंत नोटिस पर रखना चाहिए। उन्होंने यहां तक सुझाव दे डाला कि जवाबी कार्रवाई के रूप में अमेरिका में पढ़ रहे लगभग 5 लाख चीनी छात्रों को तुरंत वापस उनके देश भेज देना चाहिए। वर्तमान में पाकिस्तान, अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम कराने के लिए एक मध्यस्थ की भूमिका निभाने की कोशिश कर रहा है। फ्लिन ने तंज कसते हुए कहा कि जो देश पर्दे के पीछे से हथियारों की तस्करी में मदद कर रहा हो, वह ईमानदार मध्यस्थ कैसे हो सकता है? उन्होंने कहा कि पाकिस्तान एक तरफ शांति की बात कर रहा है और दूसरी तरफ अमेरिका के दुश्मनों को रसद पहुंचा रहा है।

गौरतलब है कि फरवरी 2026 से अमेरिका और ईरान के बीच भीषण सैन्य संघर्ष जारी है। हाल ही में दोनों देशों के बीच दो हफ्ते का युद्धविराम हुआ है।

## दुनिया का सबसे शक्तिशाली रीसेट- पाक में बातचीत से चंद घंटे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति का बयान

एजेंसी



**अमेरिका।** ईरान के साथ शांति वार्ता से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बड़ा बयान दिया है। जेडी वेंस के पाकिस्तान रवाना होने के बाद उन्होंने ट्रुथ सोशल पर इस होने वाली बातचीत को दुनिया का सबसे शक्तिशाली रीसेट बताया है। यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका, इस्राइल और ईरान के प्रतिनिधियों के बीच पाकिस्तान के इस्लामाबाद में अहम बैठक होगी।

ट्रंप का यह रीसेट केवल एक युद्धविराम नहीं है, बल्कि यह ईरान के साथ संबंधों को पूरी तरह से नए सिरे से शुरू करने की कोशिश है। ईरान के साथ सीजफायर होने के बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा था कि अमेरिका पहले ही अपने कई सैन्य लक्ष्य हासिल कर चुका है। अब ईरान के साथ दीर्घकालिक शांति समझौते की दिशा में तेजी से काम हो रहा है। उन्होंने कहा था कि ईरान की तरफ से 10 बिंदुओं का एक प्रस्ताव मिला है, जिसे बातचीत के आधार के रूप में देखा जा रहा है। ट्रंप ने दावा किया था कि अमेरिका और ईरान के बीच पुराने विवादों के अधिकतर मुद्दों पर सहमति बन चुकी है। अब इन दो हफ्तों में समझौते को अंतिम रूप देने की कोशिश की जाएगी।

ट्रंप का यह रीसेट केवल एक युद्धविराम नहीं है, बल्कि यह ईरान के साथ संबंधों को पूरी तरह से नए सिरे से शुरू करने की कोशिश है। इससे पहले ट्रंप ने कहा था कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख आसिम मुनीर के विशेष अनुरोध पर ईरान पर होने वाले विनाशकारी हमले को टाल दिया है। ट्रंप ने कहा था कि अगर यह मध्यस्थता सफल नहीं होती, तो शायद एक पूरी सभ्यता का नामोनिशान मिट जाता, लेकिन अब, पाकिस्तान की सक्रिय कूटनीति के चलते दोनों देश इस्लामाबाद में आमने-सामने बैठने को तैयार हैं।

ट्रंप ने न केवल युद्धविराम की बात की, बल्कि ईरान के भीतर एक बड़े राजनीतिक बदलाव यानी रीजीम चेंज के संकेत भी दिए हैं। उन्होंने पिछले दिनों दावा किया कि ईरान का 47 साल पुराना कट्टरपंथी ढांचा अब शांति की ओर कदम बढ़ाएगा। अमेरिकी प्रशासन का लक्ष्य साफ है कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम को हमेशा के लिए दफन करना और यूरेनियम संवर्धन को शून्य पर लाना।

# फिर होगी नेतन्याहू की कानूनी परीक्षा

## जंग के कारण अटका ट्रायल इस्राइली अदालत में दोबारा शुरू होगा

एजेंसी



**तेल अवीव।** इस्राइल और ईरान के बीच युद्ध जैसी स्थितियों के कारण ठप पड़ा बेंजामिन नेतन्याहू का भ्रष्टाचार मामला एक बार फिर सुर्खियों में है। मुकदमे की सुनवाई 12 अप्रैल 2026 से यरूशलम की अदालत में फिर शुरू हो रही है। ईरान के साथ संघर्ष की वजह से अदालती कार्यवाही रुकी हुई थी। लेकिन अब यह पुराने शेड्यूल, रविवार से बुधवार के अनुसार चलेगी। वर्तमान में केस 4000 पर जिरह चल रही है, जिसमें नेतन्याहू पर रिश्वतखोरी और धोखाधड़ी जैसे गंभीर आरोप हैं।

बेंजामिन नेतन्याहू पर पिछले कई वर्षों से रिश्वतखोरी, धोखाधड़ी और विश्वासघात के गंभीर आरोप लगे हैं। ये मामले तीन मुख्य श्रेणियों में बंटे हुए हैं। इसमें केस 1000, 2000 और 4000 शामिल हैं। इस्राइल के इतिहास में नेतन्याहू पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जो पद पर रहते हुए अदालती कार्रवाई का सामना कर रहे हैं। फरवरी के अंत में जब ईरान के साथ संघर्ष चरम पर था और इस्राइल-अमेरिकी एयरस्ट्राइक के बाद देश में इमरजेंसी लगा दी गई थी। इस दौरान सुरक्षा कारणों से अदालती कार्यवाही को भी टाल दिया गया था।

अब जबकि दो हफ्ते के अस्थायी संघर्ष विराम के बाद स्थितियां कुछ हद तक संभली हैं, तो तेल अवीव जिला अदालत ने सुनवाई को फिर से शुरू करने का आदेश दिया है।

कोर्ट के नए आदेशों के अनुसार, सुनवाई अपने पुराने समय-सारणी यानी रविवार से बुधवार के बीच आयोजित की जाएगी। रविवार को होने वाली सुनवाई में बचाव पक्ष के एक अहम गवाह की गवाही होने की संभावना है। कानूनी जानकारों का मानना है कि इस बार कोर्ट की कोशिश होगी कि लंबे समय से लटके इस मामले को तेजी से आगे बढ़ाया जाए।

इस ट्रायल की वापसी ने इस्राइल की राजनीति में एक बार फिर उबाल ला दिया है। एक तरफ विपक्षी नेता याइर लैपिड और उनके समर्थक नेतन्याहू के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ प्रधानमंत्री के गठबंधन सहयोगी इसे राजनीतिक साजिश करार दे रहे हैं।

दिलचस्प बात यह भी है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में इस्राइली राष्ट्रपति आइजैक हर्जोग से नेतन्याहू को माफी देने की वकालत की थी। हालांकि, हर्जोग के कार्यालय ने स्पष्ट किया है कि इस्राइल एक कानून से चलने वाला संप्रभु राष्ट्र है और वह बिना किसी बाहरी दबाव के अपने न्यायिक फैसले खुद लेगा। अक्टूबर 2026 में इस्राइल में आम चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में यह ट्रायल न केवल नेतन्याहू का राजनीतिक भविष्य तय करेगा, बल्कि वोटरों के बीच उनकी छवि पर भी गहरा असर डालेगा।

# डीएम की अध्यक्षता में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अन्तर्गत अंतिम मतदाता सूची प्रकाशन के सम्बंध में की गई प्रेसवार्ता

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अन्तर्गत अंतिम मतदाता सूची प्रकाशन के सन्दर्भ में कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेसवार्ता की गयी।

जिला निवार्चन अधिकारी के द्वारा बताया गया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र एवं भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि-01.01.2026 के आधार पर जनपद की समस्त विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण-2026 कार्यक्रम के अन्तर्गत 06 जनवरी 2026 से 06 मार्च 2026 तक दावें एवं आपत्तियां प्राप्त की गई। जनपद में विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण 2026 के पूर्व 1859013 पुरुष मतदाता, 1711692 महिला मतदाता तथा तृतीय लिंग के 146 मतदाता कुल 3570851 मतदाता थे। विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) के दौरान 289452 मतदाताओं द्वारा डुप्लीकेट, मृतक, शिफ्टेड आदि होने के कारण गणना प्रपत्र जमा नहीं किये गये। जिन्हें पृथक करते हुये आलेख्य प्रकाशन 06 जनवरी 2026 को 1606024 पुरुष मतदाता, 1375180 महिला मतदाता एवं 104 तृतीय लिंग मतदाता कुल 2981308 मतदाता आलेख्य सूची में प्रकाशित किये गये। आलेख्य प्रकाशित सूची में 289452 मतदाताओं द्वारा अपने परिवार से मैप न किये जाने के कारण तथा 563263 तार्किक विसंगति वाले मतदाता कुल 852715 मतदाताओं को नोटिस तामील करते हुये कुल 09 ईआरओ, 293 ए0ई0आर0ओ0 के माध्यम से सुनवाई करते हुये प्रत्येक मतदाता के प्रपत्रों को जांच करते हुये निस्तारित किया गया।



उक्त कार्य में जनपद जौनपुर के कुल 09 विधानसभाओं के 4172 बूथ लेवल अधिकारियों एवं 421 सुपरवाइजरों के सहयोग से सम्पादित किया गया। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समयावधि में प्रत्येक मतदाता के घरों पर पहुंचकर जांच की गई एवं ऐसे मतदाता अथवा उनके सम्बन्धियों के नाम 2003 की मतदाता सूची में नाम अंकित था, को ऑनलाइन ऐप के माध्यम से प्रपत्रों की जांच करते हुये मतदाता सूची में सम्मिलित किया गया है।

विधान सभावार विवरण के अनुसार आलेख्य प्रकाशन के दौरान 132605 पुरुष मतदाता, 121045 महिला मतदाता व तृतीय लिंग 19, कुल 253669 नये मतदाता जोड़े गये। इस प्रकार अन्तिम प्रकाशन दिनांक 10 अप्रैल 2026 को 1732222 पुरुष मतदाता, 1486556 महिला मतदाता एवं तृतीय लिंग के 119 मतदाता कुल 3218897 मतदाता अन्तिम निर्वाचक नामावली में प्रकाशित किये गये हैं। अन्तिम प्रकाशन 10 अप्रैल 2026 से सम्बन्धित की जाने वाली कार्यवाही निम्नवत् है :- विधानसभा क्षेत्र 364-बदलापुर में 330446, 365- शाहगंज में 381806, 366-जौनपुर में 401871, 367-मल्हनी में 341284, 368-मुंगराबादशाहपुर में 349094, 369-मछलीशहर में 365941, 370-मडियाहू में 313529, 371-जाफराबाद में 350740, 372-केराकत में 384186 मतदाता है।

10 अप्रैल 2026 को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम-1960 के सुसंगत नियमों के अन्तर्गत अन्तिम प्रकाशन निर्धारित प्रारुप-16 पर करते हुये निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय, जिला निर्वाचन कार्यालय तथा समस्त मतदेय स्थलों पर जनसामान्य के निरीक्षण हेतु एक सप्ताह की अवधि के लिये उपलब्ध रहेगी। नियम-22 (ग) के अनुसार अन्तिम प्रकाशन हेतु तैयार निर्वाचक नामावलियों को समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों को निःशुल्क दो प्रतियों (एक प्रति हार्ड एवं एक प्रति सॉफ्टकापी) में उपलब्ध कराई जा रही है। अन्तिम प्रकाशित निर्वाचक नामावली जिला निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट https://voters.eci.gov.in/download-erollstateCode=S24 पर भी उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त प्रत्येक विधान सभा के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के द्वारा हस्ताक्षरित मतदाता सूची को संरक्षित किया गया है।

इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी परमानंद झा, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी डॉ अरुण कुमार यादव सहित प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के समस्त पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

## कांग्रेसियों ने फूंका हिमंता बिस्वा सरमा का पुतला



**आजमगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी, के अध्यक्ष कौशल कुमार सिंह 'मुन्ना राय' के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट चौराहा, पर विरोध प्रदर्शन करते हुए असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा का पुतला दहन किया। यह पुतला दहन उनके द्वारा कांग्रेस अध्यक्ष , राज्यसभा सांसद एवं प्रख्यात दलित नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के खिलाफ की गई अभद्र एवं आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में किया गया। कांग्रेसजनों ने इस बयान की कड़ी निंदा करते हुए इसे लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध बताया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष कौशल कुमार सिंह 'मुन्ना राय' ने कहा कि 'देश की राजनीति में इस प्रकार की अमर्यादित भाषा का कोई स्थान नहीं है। एक वरिष्ठ दलित नेता और राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रति इस तरह की टिप्पणी न केवल उनका, बल्कि पूरे समाज का अपमान है। कांग्रेस पार्टी ऐसे कृत्यों का पुरजोर विरोध करती है और हम मांग करते हैं कि हिमंत बिस्वा सरमा तत्काल देश की जनता से माफी मांगें।' पुतला दहन में रियाजुल हसन, राजाराम यादव, प्रदीप यादव, शीला भारती, बृजेश पांडेय सहित कांग्रेस कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे।

# समर ट्रेनिंग कॉरपोरेट सफलता की पहली सीढ़ी: डॉ. नवीन शर्मा

**'समर ट्रेनिंगः डूज़ एंड डोन्ट्स' विषय पर विशेष व्याख्यान**

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के मानव संसाधन विकास (एचआरडी) विभाग में प्रशिक्षण 2026 के अंतर्गत 'समर ट्रेनिंगः डूज़ एंड डोन्ट्स' विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को समर ट्रेनिंग के दौरान आवश्यक व्यवहारिक कौशल एवं सावधानियों के प्रति जागरूक करना था। यह एक दिवसीय कार्यशाला कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह की प्रेरणा एवं संरक्षण में संपन्न हुई।

मुख्य वक्ता के रूप में गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज, बीकानेर (राजस्थान) के प्रबंधन एवं प्रौद्योगिकी विभाग के डॉ. नवीन शर्मा ने कहा कि समर ट्रेनिंग के दौरान अनुशासन, समय प्रबंधन, संचार कौशल एवं प्रोफेशनल व्यवहार के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि छोटी-छोटी गलतियों से बचकर विद्यार्थी अपने प्रशिक्षण अनुभव को अधिक प्रभावी और उपयोगी बना सकते हैं। साथ ही, उन्होंने कॉरपोरेट जगत में सफलता के लिए आवश्यक गुणों पर चर्चा करते हुए सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक जीवन में लागू करने पर विशेष जोर दिया। डॉ. शर्मा ने कोलगेट, निरमा सहित विभिन्न कंपनियों के केस स्टडी प्रस्तुत करते हुए समर इंटर्न्स द्वारा दिए गए सुझावों को साझा किया, जिससे विद्यार्थियों में उत्साह और आत्मविश्वास का संचार हुआ। अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ. रसिकेश ने की। उन्होंने मुख्य वक्ता का स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रकार के व्याख्यान विद्यार्थियों के समग्र विकास में अत्यंत सहायक होते हैं और समर ट्रेनिंग उनके जीवन का महत्वपूर्ण चरण है। संचालन पूजा साहू एवं श्रेया श्रीवास्तव ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन संजना मिश्र द्वारा प्रस्तुत किया गया। प्रश्नोत्तर सत्र में अवंतिका यादव, अनु पांडेय, आस्था सिंह, श्रेया सिंह, मैज़बीन बानों सहित अनेक विद्यार्थियों ने अपने प्रश्नों के माध्यम से जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। इस अवसर पर विभाग के शिक्षक अनुपम कुमार, डॉ. प्रवीण कुमार मिश्र सहित कुणाल मिश्रा, दिव्यांशु सिंह, निधि सिंह, उज्ज्वल सिंह, राज सैनी, जान्हवी राय, शिवम सिंह एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# शिक्षा सबका का मौलिक अधिकार, कोई न छूटे अबकी बार : बीएसए

- **पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय नाथूपुर में निकली स्कूल चलो रैली**
- **वार्षिकोत्सव में सेवानिवृत्त शिक्षकों को किया गया सम्मानित**



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** शिक्षा प्राप्त करना हर किसी का मौलिक अधिकार है। हम सभी लोगों को मिलकर सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी बच्चा स्कूल में नामांकन से छूटने न पाए। उक्त बातें सिरकोनी क्षेत्र के पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय नाथूपुर में वार्षिकोत्सव व स्कूल चलो रैली में मुख्य अतिथि बीएसए डा. गोरखनाथ पटेल ने शुक्रवार को कही। उन्होंने समारोह के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं के बहुमुखी प्रदर्शन पर प्रधानाध्यापक व प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अरविंद शुक्ला व अन्य शिक्षकों के प्रयासों को जमकर सराहा। बीएसए ने कहा कि सरकार के प्रयास से अब सभी सुविधाओं से लैस परिषदीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित की जा रही है। इन विद्यालयों की ओर अभिभावकों का भी रुझान बढ़ा है। उन्होंने अभिभावकों से भी छात्रों के नामांकन में बढ़ चढ़कर सहयोग करने की अपील की।

समारोह में इस वर्ष सिरकोनी विकास खंड के सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों को सम्मानित करते हुए भावभीनी विदाई दी गई। इसके साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित करते हुए उनका उत्साह वर्धन किया गया। विशिष्ट अतिथि बीईओ अमरेश कुमार सिंह ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी से छात्र नामांकन में सहयोग मांगा। अध्यक्षीय भाषण ब्लाक प्रमुख बंशराज सिंह ने किया। समारोह में पूर्व ब्लाक प्रमुख के प्रतिनिधि समाजसेवी आशुतोष सिंह, शिक्षक संघ के उपाध्यक्ष लाल साहब यादव, रविचंद्र यादव, राजेश बहादुर मुन्ना, शिवेंद्र सिंह रानू, रामदुलार, लक्ष्मीकांत सिंह, भारती सिंह,रेनू सिंह,उषा सिंह, निरुपमा सिंह, सुनील यादव, श्वेता पाल, ऊषा यादव, कुमुदिनी अस्थाना, एकता गुप्ता, राममिलन , दीपक सिंह, महेंद्र सिंह,पवन सिंह, सुनील यादव, मो हाशिम, शैलेन्द्र पाल, संदीप सिंह, सरोज सिंह, ओमप्रकाश, राजेश उपाध्याय, विनय उपाध्याय, पंकज सिंह, अरुण यादव, राजकुमार यादव, धर्मेंद्र यादव, विक्रम प्रकाश यादव सहित बड़ी संख्या में शिक्षक व अभिभावक उपस्थित रहे।

## संविधान की रक्षा करने के लिए कांग्रेस संकल्पित है : ओमप्रकाश

**आजमगढ़।** विधानसभा आजमगढ़ के करेनुआ ग्राम में भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस महासंघ आजमगढ़ द्वारा आयोजित सत्कार समारोह में जिला अध्यक्ष वरिष्ठ मुख्य अतिथि ओमप्रकाश यादव ओबीसी कांग्रेस कार्यकर्ता ने गर्मजोशी अभिनन्दन किया द्य समारोह को संबोधित करते हुए ओमप्रकाश ने कहा देश के संविधान की रक्षा करने के लिए कांग्रेस संकल्पित है बेरोजगारी महंगाई, भ्रष्टाचार, अत्याचार दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है छात्रों के अन्दर निराश पनप रही है वर्तमान सरकार की उदासीनता के चलते शिक्षा के स्तर में गिरावट आ रही है प्रदेश में बलात्कार की घटना में वृद्धि होती जा रही है जनता त्रस्त हैं सरकार लूट में मस्त है गलत आर्थिक नीति के कारण छोटे छोटे उद्योग धंधे बंद हो रहे किसानों के पैदावार का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहीं हैं सड़कें बदहाल है हमारे देश की एकता को तोड़ने की कोशिश हो रही है न्याय योद्धा राहुल गांधी जी मंडल अध्यक्ष उमेश कुमार गोतम और वरिष्ठ उपाध्यक्ष बंश बहादुर यादव का माल्यार्पण स्वागत जिला अध्यक्ष संतोष कुमार, जायसवार ब्लाक अध्यक्ष आकाश, जगदीश यादव मुन्ना लाल, विनय कुमार निराला,जियावन राम, राकेश यादव, आदि लोग उपस्थित रहे।

# जस्टिस यशवंत वर्मा ने दिया पद से इस्तीफा

**सुप्रीम कोर्ट की जांच में पाये गये थे दोषी, संसद में महाभियोग प्रस्ताव**

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा ने राष्ट्रपति को इस्तीफा भेज दिया है। बीते वर्ष 14 मार्च 2025 को उनके दिल्ली स्थित सरकारी घर में आग लगने के दौरान 500-500 के नोटों के बंडल जले मिले थे। इसके बाद उन्हें दिल्ली हाईकोर्ट से इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर कर दिया गया था। उन्होंने 5 अप्रैल 2025 को इलाहाबाद हाईकोर्ट में शपथ ली थी, लेकिन उन्हें कोई जिम्मेदारी नहीं दी गई थी।

मामले की जांच पूरी होने तक उन्हें न्यायिक कामों से दूर रखा गया था। जस्टिस वर्मा ने 9 अप्रैल को इस्तीफा भेजा था, लेकिन आज 10 अप्रैल को इसकी जानकारी दी।

जस्टिस वर्मा ने इस्तीफे में लिखा है कि मैं आपके सम्मानित कार्यालय को उन कारणों से परेशान नहीं करना चाहता, जिनकी वजह से मुझे यह पत्र लिखना पड़ रहा है। लेकिन गहरे दुख के साथ मैं इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पद से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे रहा हूं। इस पद पर सेवा करना मेरे लिए सम्मान की बात रही है।

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजीव खन्ना ने 22 मार्च को जस्टिस वर्मा पर लगे आरोपों की इंटरनल जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी बनाई थी। इसने 4 मई को सीजेआई को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। इसमें जस्टिस वर्मा को दोषी ठहराया गया था।

लोकसभा में जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाया गया था। उन्होंने इसे चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। इसमें कहा था कि दोनों सदनों में महाभियोग प्रस्ताव लाया गया था, लेकिन राज्यसभा ने उसे मंजूर नहीं किया। इसके बावजूद लोकसभा ने जांच समिति बना दी, जो गलत है।

# अंतिम मतदाता सूची जारी, अब कुल 38 लाख शामिल



**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** प्रयागराज में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन आज (10 अप्रैल) कर दिया गया है। यह सूची 1 जनवरी 2026 को आधार तिथि मानकर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत तैयार की गई है। जारी आंकड़ों के अनुसार जिले में अब कुल 38,65,975 मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें 21,19,258 पुरुष, 17,46,389 महिला और 328 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। जिले में अब कुल 38,65,975 मतदाता दर्ज हैं। इस बार मतदाता सूची में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। पहले कुल मतदाताओं की संख्या 35,36,555 थी, जो अब बढ़कर 38,65,975 हो गई है। यानी कुल 32,942 नए मतदाता जुड़े हैं। हालांकि प्रेस विज्ञप्ति में कटे हुए मतदाताओं की सटीक संख्या नहीं बताई गई है, लेकिन पुनरीक्षण के दौरान मृत, स्थानांतरित और डुप्लीकेट नामों को हटाया भी गया है। इसके बावजूद कुल संख्या बढ़ना इस बात का संकेत है कि नए जुड़ने वाले मतदाता ज्यादा हैं। आंकड़ों के अनुसार युवा मतदाताओं की भागीदारी भी बढ़ी है। जिले में 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के 49,119 नए मतदाता शामिल हुए हैं। वहीं 85 वर्ष से अधिक उम्र के 15,360 वरिष्ठ मतदाता और 32,546 दिव्यांग मतदाता भी सूची में दर्ज हैं। जेंडर रेशियो में भी सुधार हुआ है, जो पहले 804 था और अब बढ़कर 824 हो गया है, यानी महिलाओं की भागीदारी में इजाफा हुआ है। विधानसभा वार आंकड़ों पर नजर डालें तो इलाहाबाद पश्चिम में सबसे ज्यादा 3,67,256 मतदाता हैं, जबकि इलाहाबाद उत्तर में सबसे कम 2,82,901 मतदाता दर्ज किए गए हैं। इसके अलावा फाफामऊ, सोरांव, फूलपुर, प्रतापपुर, हंडिया, मेजा, करछना, इलाहाबाद दक्षिण, बारा और कोरांव क्षेत्रों में भी लाखों की संख्या में मतदाता पंजीकृत हैं।

# अंजनी कुमार सिंह ने जारी की अंतिम मतदाता सूची

**अवधनामा संवाददाता**

**मैनपुरी।** अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्वाचक नामावलियों के अंतिम आलेख्य प्रकाशन के उपरांत जिला निर्वाचन अधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने कलैक्ट्रेट सभागार में राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को प्रतियां उपलब्ध कराते हुये कहा कि पुनरीक्षण प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत वर्तमान में जनपद की निर्वाचक नामावली में कुल 12,58,963 वैध मतदाता दर्ज किए गए हैं, यह संख्या व्यापक सत्यापन, दावों-आपत्तियों के निस्तारण एवं निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुपालन के पश्चात अंतिम रूप से तैयार की गई है। उन्होंने बताया कि जब एस.आई.आर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण प्रक्रिया का आरंभ हुआ था, उस समय जनपद में कुल 14 लाख 03 हजार 413 मतदाता निर्वाचक नामावली में दर्ज थे, पुनरीक्षण के दौरान इम्यूनेशन, सत्यापन चरण, सुनवाई (भ्मंतपदह), लॉजिकल त्रुटियों का निराकरण तथा दावों, आपत्तियों के निस्तारण की विस्तृत प्रक्रिया अपनाई गई, नए मतदाताओं के पंजीकरण हेतु अर्ह तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विशेष अभियान संचालित करते हुए फॉर्म-06 के माध्यम से कुल 90 हजार 684 आवेदन प्राप्त हुए, जिनके परीक्षण, सत्यापन के उपरांत 89 हजार 166 नए मतदाताओं को निर्वाचक नामावली में सम्मिलित किया गया, शेष आवेदनों पर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कार्यवाही संचालित है तथा ऑनलाइन प्राप्त हो रहे आवेदनों पर भी निरंतर निर्णय लिया जा रहा है। श्री सिंह ने बताया कि पुनरीक्षण के दौरान लगभग 2,27,000 मतदाता ऐसे पाए गए जो ए.एस.डी. अनुपस्थित, स्थायी रूप से अन्य स्थान पर शिफ्ट अथवा मृतक की श्रेणी में थे या जिनके नाम एक से अधिक स्थानों पर दर्ज पाए गए थे, ऐसे मामलों में निर्धारित नियमों के अंतर्गत उनके नाम निर्वाचक नामावली से विलोपित किए गए। उन्होने कहा कि यह पूरी प्रक्रिया निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ संपन्न की गई है, जिससे मतदाता सूची को अधिक शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाया जा सके। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा है कि यदि किसी पात्र नागरिक का नाम अभी भी मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, तो वह निर्धारित प्रपत्रों के माध्यम से आवेदन कर अपना नाम सम्मिलित कराए साथ ही यदि किसी मतदाता को सूची में त्रुटि प्रतीत होती है, तो वह भी निर्धारित प्रक्रिया के अंतर्गत संशोधन हेतु आवेदन कर सकता है।

## साहित्यकारों व समाजसेवियों ने किया माल्यार्पण

**आजमगढ़।** महापंडित राहुल सांकृत्यायन की जयंती पर नेहा एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में कलेक्ट्रेट नेहरू हाल तिराहे पर स्थित राहुल जी के मूर्ति पर नगर के साहित्यकारों एवं समाजसेवियों ने माल्यार्पण किया। इस अवसर पर कवि और समाजसेवी पंडित सुभाष चंद्र तिवारी कुन्दन ने राहुल जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला और कहा कि राहुल सांकृत्यायन सामाजिक क्रांति के अग्रदूत और घुमक्कड़ी प्रवृत्ति के महापुरुष थे। उन्होंने हिंदी सहित विभिन्न भाषाओं में अनेक पुस्तक लिखकर साहित्य के क्षेत्र में अविस्मरणीय योगदान दिया। कवि और साहित्यकार संजय कुमार पांडेय सरस ने राहुल जी को साम्यवादी चिंतक बताते हुए कहा कि वे एक यात्राकार , इतिहासविद, तत्वानवेषी और युगप्रवर्तनकार साहित्यकार के रूप में जाने जाते हैं। कार्यक्रम संयोजक रवि कुमार जायसवाल ने आभार व्यक्त करते हुए राहुल जी को नमन किया। मौके पर हिंदी ऊर्दू साहित्य मंच के अध्यक्ष ताज आजमी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के प्रदेश महामंत्री शशिप्रकाश राय छोटेलाल यादव , गोलू जायसवाल आदि रहे।

# मरौली 4 के अवैध खनन से प्रेरणा पा रहे है कई मोरंग खनन कारोबारी

**सफेद पोश नेताओ के साथ साथ नागपुर से भी आर्शीवाद मिल रहा है मरौली खंड चार के खनन कारोबारियों को**

**अवधनामा संवाददाता**

**बाँदा।** अवैध खनन और ओवरलोड परिवहन के साथ साथ अब बिना रायल्टी के भी मौरंग बाँदा जनपद से अन्य जनपदो मे भेजी जा रही है, अगर सूत्रो की माने तो एक वीडियो वायरल है जिसमे एक ट्रक ड्राइवर ने सूबे के मुखिया को सीधा अवेध खनन ना रोक पाने के बारे मे बताया है, अगर वीडियो मे सच्चाई है तो ये करोडो के राजस्व चोरी से जुडा मामला है जिसको खनिज एवं परिवहन विभाग के जिम्मेदारो द्वारा चलाया जा रहा है और प्रतिदिन लाखो के राजस्व की चोरी हो रही है।



वायरल वीडियो की पुष्टी हम नही करते है परंतु वीडियो मे जो ट्रक ड्राइवर है उसने बताया कि वो पूरे बुंदेलखंड मे मौरंग लेने खदानो मे जाता है, किसी भी खदान मे अंडरलोड मौरंग नही दी जाती है जबकि हर खदान से बिना रायल्टी के रात्री मे लोकेशन के सहारे अवैध मौरंग का परिवहन होता है, हर खदान से चोरी की गाडियां निकाली जाती है और प्रदेश की राजधानी तक पहुंचती है।

वहीं अगर सूत्रो की बात माने तो ओवरलोड परिवहन और बिना रायल्टी के गाडी मरौली चार से एक पूर्व प्रधान के संरक्षण मे निकाली जाती है जो कहने को तो जनता के सेवक है परंतु मरौली मे केन की आत्मा को छीलकर अवैध परिवहन करवाते हैं वैसे प्रधान जी कपसा क्षेत्र के है और हमीरपुर जनपद मे चोरी की गाडियां निकलवाते हैं, पूर्व प्रधान ने मरौली के ग्रामीणो का भी पैसा जो मरौली चार के संचालक द्वारा किसानो को दिया था उसमे भी बडा खेल खेल दिया जिस पर ग्रामीणो ने कुछ दिनो पूर्व जाम भी लगा दिया था वहीं मीडिया उनके मरौली चार के अवैध खनन पर आँख बंद कर ले इसके लिये मीडिया मैनेजमेंटर के रूप मे एक लोकल तथाकथित पत्रकार को ठेका सौंप दिया परंतु ठेकेदार पत्रकार जो एक विशेष कौम के है उन्होने सिर्फ अपनी कौम के तथाकथित पत्रकार जिनमे रिक्शा चालक, अंडा बेचने वाले, मुर्गी काटने वाले उनका महिमामंडन कर खनन कारोबारी के संचालक झा साहब से पार्टनरशिप मे लाखो लेकर डकार भी नही ली। झा साहब कहने को तो पत्रकार है परंतु अवैध खनन एवं अवेध परिवहन के मास्टरमाइंड है। इनके द्वारा मरौली चार के संचालन मे खंड संचालक पर जब पेनाल्टी लगेगी तब चश्मा उतरेगा और अवेध खनन की जगह निर्धारित खनन ही होगा।


# कार्यालय ग्राम पंचायत गोण्डाखास, वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर

पत्रांक : मेमो/2026-2027 दिनांक : 09/04/2026

## अल्पकालीन निविदा/टेन्डर

वित्तीय वर्ष 2026-27 मनरेगा/वी0बी0-जी0 राम जी/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 11-04-2026 से 16-04-2026 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह 04:00 बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 17-04-2026 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपरान्ह 02:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्रकलन) के अनुसार | शिडयूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। सीमेन्ट वाला ईंट | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैक्स ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी. | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था | प्रति नग | |
| 18 | बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |
| 21 | हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी | | |
| 22 | S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय, आंगनवाड़ी | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तेः** सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**कृष्ण मुरारी सरोज**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पं. गोण्डाखास, वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर**

**स्वतंत्रता सिंह**
**ग्राम पं./ग्रा.वि.अधि.**
**ग्राम पं. गोण्डाखास, वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर**

# विशुनपुरा में सामुदायिक भवन का सांसद व विधायक ने किया शिलान्यास

- 12 लाख की लागत से बनेगा भवन, ग्रामीणों में खुशी का माहौल
- मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का सांसद दिया संकेत



विशुनपुरा में भूमि पूजन करते सांसद व विधायक

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** शुक्रवार को मोतीचक क्षेत्र के ग्राम सभा विशुनपुरा जलपा माई स्थित मंदिर परिसर में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास एवं भूमिपूजन विधिवत रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद विजय कुमार दूबे व हाटा विधायक मोहन वर्मा उपस्थित रहे।

विधायक निधि वर्ष 2026-27 से लगभग 12 लाख रुपये की लागत से बनने वाले इस सामुदायिक भवन की आधारशिला वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजन-अर्चन के साथ रखी गई। कार्यक्रम स्थल पर ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी और पूरे वातावरण में उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर सांसद विजय कुमार दूबे ने कहा कि सामुदायिक भवन के निर्माण से ग्रामीणों को सामाजिक, सांस्कृतिक एवं मांगलिक कार्यक्रमों के आयोजन में बेहतर सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि यह भवन न केवल गांव बल्कि आसपास के क्षेत्रों के लोगों के लिए भी उपयोगी सिद्ध होगा। साथ ही उन्होंने संकेत दिया कि निकट भविष्य में इस मंदिर को पर्यटन विभाग के माध्यम से विकसित कराने का प्रयास किया जाएगा। वहीं विधायक मोहन वर्मा ने कहा कि डबल इंजन की भाजपा सरकार ग्रामीण विकास को प्राथमिकता देते हुए गांवों को शहरों जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के विकास कार्य गांवों की तस्वीर बदलने में सहायक होंगे। कार्यक्रम का संचालन संजय सिंह मुन्ना ने किया, जबकि ग्राम प्रधान सुनील कुमार गौड़ ने अतिथियों का आभार प्रकट किया। इस मौके पर प्रधान सुनील कुमार गौंड, डॉ. रविश सिंह, सत्यकाम पाण्डेय, जिला पंचायत सदस्य लल्लन चौधरी, अखिलेश दास गुप्ता, सांसद मीडिया प्रभारी निखिल उपाध्याय, सभासद अनुराग कुशवाहा, सुधीर सिंह, जनार्दन सिंह, लालजी गौड़, राकेश शुक्ला सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना की बैठक, दो मार्गों पर वाहन संचालन को मंजूरी

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना से संबंधित समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर चर्चा करते हुए प्राप्त आवेदनों पर निर्णय लिया गया।

अधिकारियों ने बताया कि उत्तर प्रदेश परिवहन निगम मुख्यालय लखनऊ के निर्देश पर योजना के तहत डिपो स्तर पर आवेदन आमंत्रित किए गए थे, जिनकी अंतिम तिथि 28 मार्च 2026 निर्धारित थी। निर्धारित समय में कुल दो आवेदन प्राप्त हुए, जिनकी समिति द्वारा स्क्रीनिंग की गई। स्क्रीनिंग के बाद दोनों आवेदनों को स्वीकृति प्रदान करते हुए संबंधित मार्गों पर वाहन संचालन की अनुमति दी गई। स्वीकृत आवेदकों में अनिरुद्ध प्रसाद जायसवाल को मदनपुर-भेड़िहारी-खड्डा-पडरौना-रविन्द्रनगर मार्ग तथा प्रभाकर उपाध्याय को मंसूरगंज-बोदरवार-कप्तानगंज-रविन्द्रनगर मार्ग पर संचालन की मंजूरी दी गई।

# कुशीनगर में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 23.21 लाख मतदाता किए गए दर्ज

- विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के तहत सूची जारी, 1.31 लाख नए मतदाता जुड़े



मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कराते डीएम व उपस्थित दलों के प्रतिनिधि

**कुशीनगर मतदाता सूची एक नजर में**

**कुल मतदाता :** 23,21,867
**पुरुष मतदाता :** 12,65,877
**महिला मतदाता :** 10,55,903
**अन्य श्रेणी :** 87
**नए जुड़े मतदाता :** 1,31,702
**हटाए गए नाम :** 2,225
**नोटिस जारी प्रकरण :** 5,71,672

**अवधनामा संवाददाता**

**कुशीनगर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत जनपद कुशीनगर की विधान सभा निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि अंतिम सूची में जनपद के कुल 23,21,867 मतदाता दर्ज किए गए हैं। उन्होंने बताया कि अंतिम प्रकाशित सूची में 12,65,877 पुरुष, 10,55,903 महिला तथा 87 अन्य श्रेणी के मतदाता शामिल हैं। पुनरीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में नए मतदाताओं के नाम जोड़े जाने से मतदाता संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार 06 जनवरी से 06 मार्च 2026 तक दावे और आपत्तियों की अवधि निर्धारित की गई थी। इस दौरान प्राप्त आवेदनों का निस्तारण करते हुए फॉर्म-6 के माध्यम से 1,31,702 नए मतदाताओं के नाम जोड़े गए, जबकि फॉर्म-7 के माध्यम से 2,225 नाम विलोपित किए गए। पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान डाटा मैपिंग न कराने के 1,57,589 मामलों तथा लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी के 4,14,083 मामलों सहित कुल 5,71,672 प्रकरणों में नोटिस जारी कर सुनवाई के बाद शत-प्रतिशत निस्तारण किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के लिए 2875 बूथ लेवल अधिकारियों, 271 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों और 7 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों ने लगातार कार्य किया। वहीं राजनीतिक दलों द्वारा 8587 बूथ लेवल एजेंट तैनात कर सहयोग दिया गया। उन्होंने बताया कि पुनरीक्षण अवधि में मतदाताओं की सहायता के लिए बीएलओ ऐप पर 6456 कॉल प्राप्त हुई, जबकि एनजीएसपी पोर्टल पर 1680 शिकायतों का समाधान किया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं से अपील की है कि वे अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची का निरीक्षण अपने मतदान केंद्र, संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय या जिला निर्वाचन कार्यालय में निःशुल्क कर सकते हैं। यदि किसी पात्र नागरिक का नाम सूची में छूट गया हो तो वह फॉर्म-6 भरकर अपने बीएलओ के पास जमा कर सकता है या ऑनलाइन आवेदन कर सकता है।

# आग की लपटों में स्वाहा हुई किसानों की मेहनत, 20 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख

- मथौली में शुक्रवार सुबह लगी आग, कई किसानों को लाखों का नुकसान
- लटकते हाई वोल्टेज तार से चिंगारी निकलने का आरोप, बिजली विभाग ने किया खंडन





**अवधनामा संवाददाता**

**मथौली, कुशीनगर।** हाटा तहसील क्षेत्र के मथौली नगर पंचायत के वार्ड नंबर 4 पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर के पश्चिम दिशा में शुक्रवार करीब 11 बजे अचानक गेहूं के खेत में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और करीब 20 बीघा पकी खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही चेयरमैन नवरंग सिंह ने खुद पानी से भरे टैंकर-ट्रैक्टर को लेकर पहुंच गए और आसपास के लोगों की मदद से बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

इस अग्निकांड में राम बेलाश सिंह, सतेंद्र सिंह, खूबलाल सिंह, जयप्रकाश सिंह, योगेंद्र सिंह, बैजनाथ मल्ल, शंभू मल्ल, अनिरुद्ध मल्ल, अजय मल्ल, छोटे मल्ल, कैलाश सिंह, सेवक सिंह, पंकज सिंह, अयोध्या, संजीव मल्ल, राजेश मद्धेशिया, विनोद सिंह, केवास सिंह, संतोष सिंह, रविंदर, कुटुंब, परीक्षित सिंह और केशव समेत कई किसानों की फसल जलकर नष्ट हो गई। किसानों का आरोप है कि खेत के ऊपर से गुजर रहा हाई वोल्टेज बिजली का तार नीचे लटक रहा था, जिसे बिजली विभाग ने नहर किनारे एक पेड़ से बांध दिया था। बिजली परीक्षण के दौरान निकली चिंगारी से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। सूचना पर पहुंचे लेखपाल किशोरी लाल ने मौके का निरीक्षण कर नुकसान का आकलन किया। करीब 5 एकड़ गेहूं की फसल पूरी तरह जल गई, जबकि आसपास के खेतों में डंठल जले हैं। वहीं बिजली विभाग के जेई राजेश कुमार ने बताया कि सुबह 10 बजे ही बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई थी, ऐसे में आग लगने का कारण बिजली नहीं हो सकता।

## स्कूल चलो अभियान के तहत निकली रैली

**अवधनामा संवाददाता**

**गौरीगंज (अमेठी)।** जनपद में अधिक से अधिक बच्चों का विद्यालयों में नामांकन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विकास क्षेत्र गौरीगंज में ब्लॉक स्तरीय स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत भव्य जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ तहसील गौरीगंज से हुआ। रैली को उपजिलाधिकारी प्रीति तिवारी ब्लॉक प्रमुख गौरीगंज उमेश सिंह एवं खंड शिक्षा अधिकारी अर्जुन सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने जागरूकता नारों के माध्यम से अभिभावकों को अपने बच्चों का अधिक से अधिक नामांकन कराने के लिए प्रेरित किया।

रैली में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने भी सहभागिता करते हुए नामांकन बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होकर ब्लॉक मुख्यालय गौरीगंज पहुंचकर संपन्न हुई। इसके उपरांत ब्लॉक सभागार में आयोजित कार्यक्रम में नवीन नामांकित पांच बच्चों को बैग स्टेशनरी एवं उपहार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। साथ ही नए शैक्षिक सत्र की पुस्तकों का वितरण कर पुस्तक वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी अर्जुन सिंह ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों का अधिक से अधिक नामांकन विद्यालयों में कराएं। कार्यक्रम के दौरान विकास क्षेत्र गौरीगंज में सर्वाधिक नामांकन कराने वाले 10 शिक्षकों–प्रशांत विक्रम सिंह पूर्णिमा रामाशंकर यादव वर्षा राजेश गुप्ता मोहम्मद वसीम आदि को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एडीओ (एसएसटी) कौशलेंद्र सिंह चंदेल एआरपी प्रमोद तिवारी अरविंद बद्री विशाल हरकेश महेंद्र अभिषेक अंकित अश्वनी पंकज शुक्ला श्रीराम सोनी जयराम कनौजिया अनुराग शुक्ला रविंद्र नागेंद्र सिंह सहित अनेक शिक्षक एवं विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सेवरही नगर पंचायत के नामित सदस्यों ने ली शपथ

- विधायक ने कर्तव्यनिष्ठा व पारदर्शिता से कार्य करने का दिया संदेश




नामित सदस्यों को शपथ दिलाती एसडीएम आकांक्षा मिश्र एवं उपस्थित विधायक डॉ असीम कुमार

**अवधनामा संवाददाता**

**सेवरही, कुशीनगर।** नगर पंचायत सेवरही के सभागार में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा मनोनीत सभासदों का शपथ ग्रहण एवं अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में तमकुहीराज विधायक डा. असीम कुमार उपस्थित रहे।

शुक्रवार को आयोजित उक्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक डा. असीम कुमार ने नव-नियुक्त सभासदों को उनके दायित्वों के प्रति सजग रहने की सलाह देते हुए कहा कि जनप्रतिनिधि का दायित्व केवल पद तक सीमित नहीं, बल्कि जनसेवा, पारदर्शिता और विकास के प्रति समर्पण ही उसकी पहचान होती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी सभासद निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए क्षेत्र के समग्र विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। इस दौरान तमकुहीराज उपजिलाधिकारी आकांक्षा मिश्र ने मनोनीत सभासद सोनिया वर्मा, संजय गुप्ता तथा रामनरेश मिश्रा को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेमचंद्र मिश्रा, नगर पंचायत अध्यक्ष सोनिया जायसवाल, पूर्व चेयरमैन त्रिभुवन जायसवाल, जिला महामंत्री अतुल श्रीवास्तव, जिलामंत्री धनंजय राय, मंडल अध्यक्ष रमेश ब्याहुत, जिला उपाध्यक्ष (पिछड़ा मोर्चा) जे.के. सिंह पटेल, अधिशासी अधिकारी उत्तम वर्मा, राधेबाबू रौनियार सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इसके अलावा सभासदगण अजय गुप्ता, आशीष वर्मा, पप्पू जायसवाल, दिनेश वर्मा, सुभाष यादव, व्यास निषाद, प्रमोद मद्धेशिया, शैलेंद्र पाण्डेय, व्यापारी नेता विजय तुलस्यान व विवेकानंद मिश्रा समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी नव-नियुक्त सभासदों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की गई।

# डीएम की अध्यक्षता में शुल्क नियामक समिति की हुई बैठक

- नियमों के अनुरूप ही शुल्क निर्धारण उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश

**अवधनामा संवाददाता**

**अमेठी।** जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनपदीय शुल्क नियामक समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप्र स्ववित्तपोषित स्वतंत्र विद्यालय शुल्क नियामक अधिनियम 2018 के प्राविधानों पर विस्तृत चर्चा करते हुए विद्यालयों की शुल्क संरचना को पारदर्शी एवं विनियमित बनाने पर जोर दिया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ राजेश द्विवेदी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे। समिति के कुछ सदस्यों की अनुपस्थिति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्हें प्रतिस्थापित करने के निर्देश दिए। साथ ही विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्यो को आमंत्रित सदस्य के रूप में बैठक में शामिल किया गया। जिलाधिकारी नेनिर्देश दिए कि विद्यालय केवल अधिनियम में निर्धारित श्रेणियों के अंतर्गत ही शुल्क तय करें। वैकल्पिक शुल्क अभिभावकों की सहमति से ही लिया जाए तथा किसी भी सेवा का शुल्क अधिक निर्धारित न किया जाए। परिवहन शुल्क परिवहन विभाग द्वारा निर्धारित दरों के अनुसार ही लिया जाएगा। सभी विद्यालय शुल्क संरचना समिति के समक्ष प्रस्तुत कर अनुमोदन प्राप्त करने के बाद लागू करें। अधिनियम की धारा 4 से 11 तक के सभी प्राविधानों का पालन सुनिश्चित करते हुए विद्यालयों को शपथ पत्र भी प्रस्तुत करना होगा। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि किसी भी छात्र को पुस्तकें यूनिफॉर्म या अन्य सामग्री किसी विशेष दुकान से खरीदने के लिए बाध्य न किया जाए। शुल्क विवरण को शैक्षिक सत्र शुरू होने से पहले प्रस्तुत करना दो माह पूर्व वेबसाइट एवं सूचना पट्ट पर प्रकाशित करना तथा अनावश्यक शुल्क वृद्धि न करना अनिवार्य होगा।

## ग्राम पंचायत में फर्जी नाम दर्ज करने के मामले में पीड़ित पर तहरीर बदलने का दबाव

**अम्बेडकरनगर।** बसखारी विकास खंड की ग्राम पंचायत केवटला में परिवार रजिस्टर में फर्जी तरीके से नाम दर्ज करने का मामला सामने आया है जांच में पाया गया कि मनीष दास का नाम बिना वैध आदेश के अभिलेखों में जोड़ा गया रिपोर्ट के अनुसार 11 सितंबर 2023 को जारी नकल पूरी तरह फर्जी पाई गई जबकि 28 नवंबर 2024 की नकल सही तो है, लेकिन उसमें नाम दर्ज करने की प्रक्रिया नियमों के अनुरूप नहीं थी तत्कालीन सचिव अंकुर शर्मा ने स्पष्ट किया कि उनके कार्यकाल में ऐसा कोई नाम दर्ज नहीं हुआ था वहीं सचिव अशोक राजभर द्वारा यह दावा किया गया कि उन्होंने उच्चाधिकारी के निर्देश पर नाम जोड़ा लेकिन जांच में ऐसा कोई लिखित आदेश नहीं मिला इसके चलते उनके स्तर पर की गई प्रविष्टि को प्रथम दृष्टया अवैध माना गया है। पूरे प्रकरण में सीओ टांडा के जांच के दौरान एडीओ पंचायत उमाशंकर सिंह ने अशोक राजभर को दोषी बताकर आख्या सीओ को प्रेषित कर दी।

# निर्वाचक नामावली का हुआ अंतिम प्रकाशन

- राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सौंपी गई बूथवार सूची



**अवधनामा संवाददाता**

**अमेठी।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण 2026 की प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत जनपद अमेठी में शुक्रवार को निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया।


इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी संजय चौहान ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उन्हें विधानसभावार बूथवार निर्वाचक नामावली की एक-एक प्रति उपलब्ध कराई। जिलाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के दौरान 27 अक्टूबर 2025 को जनपद में कुल 1436528 मतदाता दर्ज थे। पुनरीक्षण प्रक्रिया में 2,67241 अपात्र मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए। ड्राफ्ट प्रकाशन के समय मतदाताओं की संख्या 1169287 थी। इसके बाद 83173 नए मतदाताओं को जोड़ा गया जबकि 4340 मतदाताओं के नाम विलोपित किए गए तथा 13802 प्रविष्टियों का शुद्धिकरण किया गया।

अंतिम प्रकाशन के समय जनपद में कुल 1248120 मतदाता दर्ज किए गए हैं। विधानसभा क्षेत्रवार मतदाताओं की संख्या में तिलोई में 306621 जगदीशपुर में 330028 गौरीगंज में 306077 तथा अमेठी विधानसभा में 305394 मतदाता शामिल हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अंतिम प्रकाशित निर्वाचक नामावली सभी मतदेय स्थलों बूथ लेवल अधिकारियों तहसील कार्यालयों एवं जिला निर्वाचन कार्यालय अमेठी में निःशुल्क अवलोकन के लिए उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने जनसामान्य से अपील की है कि वे अपने नाम एवं विवरण की पुष्टि के लिए निर्वाचक नामावली का अवश्य निरीक्षण करें।

## इंस्टाग्राम पोस्ट से आहत हुई धार्मिक भावना, केस दर्ज

**मुंशीगंज (अमेठी)।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट करने का मामला सामने आया है। पोस्ट वायरल होने के बाद क्षेत्र में आक्रोश फैल गया और लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई। थाना मुंशीगंज में दी गई तहरीर के अनुसार ग्राम दूबेपुर कनकसिंहपुर निवासी इन्द्रपाल भारती ने अपने इंस्टाग्राम आईडी से वीडियो पोस्ट किया जिसमें धार्मिक प्रतीकों के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी की गई। वीडियो सामने आने के बाद लोगों ने कड़ी नाराजगी जताई और विरोध दर्ज कराया। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत त्रिपाठी ने बताया कि सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट के मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच जारी है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## मशहूर शायर व शिक्षाविद मरहूम सकलैन जाहिद के फतेहा की मजलिस सम्पन्न



**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** नगर के जाफराबाद निवासी रहे मशहूर उस्ताद शायर , शिक्षाविद मो.शकलैन जाहिद जाफरी के सोएम की मजलिस मौलाना मेंहदी हसन वाइज ने खिताब किया। मौलाना ने जाहिद जाफरी के साहित्यिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके नौहे जहां दर्द से भरे होते थे वहीं उनकी लेखनी देश भर में प्रसिद्ध हुई। मौलाना ने कहा कि जाहिद जाफरी के निधन से एक युग का अंत हो गया। तीन दर्जन किताबों के लेखक रहे वयोवृद्ध शायर जाहिद जाफरी का लंबी बीमारी के बाद सात अप्रैल को निधन हो गया था। मजलिस से पूर्व मशहद जलालपुरी, अज़हर कायमी ने पेश ख्वानी की हैदर व उनके हमनवाओ ने मर्सिया ख्वानी पेश किया। उक्त अवसर पर मौलाना सईद हैदरी, मौलाना हसन मेंहदी, मौलाना जाफर रजा, मौलाना जैगम बाकरी, मौलाना कर्रार हुसैन, इब्ने अली जाफरी, मौलाना रहबर सुल्तानी,अकील अब्बास ने परिजनों को सांत्वना दी। मौलाना मीसम रज़ा जाहिदी,मंसर रज़ा ने आगंतुकों का शुक्रिया अदा किया।

## अत्याधुनिक ट्रॉमा सेंटर का लोकार्पण स्वास्थ्य सेवाओं को मिली नई मजबूती

**अम्बेडकरनगर।** महात्मा ज्योतिबा फुले संयुक्त जिला चिकित्सालय परिसर में नव-निर्मित ट्रॉमा सेंटर का लोकार्पण मुख्य अतिथि म हरिओम पाण्डेय (सदस्य विधान परिषद) एवं विशिष्ट अतिथि मा0 धर्मराज निषाद (विधायक, कटेहरी) द्वारा सम्पन्न किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला, पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 संजय कुमार शैवाल एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 पी0एन0 यादव सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मा0 सदस्य विधान परिषद हरिओम पाण्डेय ने कहा कि सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई सुविधा ट्रॉमा सेंटर के संचालन से जनपद की स्वास्थ्य सेवाएं और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी होंगी। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं एवं अन्य आपातकालीन परिस्थितियों में घायलों को अब त्वरित एवं बेहतर उपचार उपलब्ध हो सकेगा, जिससे गंभीर मरीजों को अन्य जनपदों में रेफर करने की आवश्यकता में कमी आएगी। अत्याधुनिक उपकरणों एवं विशेषज्ञ चिकित्सकीय सेवाओं से युक्त यह ट्रॉमा सेंटर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार सुनिश्चित करेगा। 'गोल्डन ऑवर' के भीतर उपचार मिलने से मरीजों के जीवन बचाने की संभावनाएं बढ़ेंगी, साथ ही समय एवं आर्थिक संसाधनों की भी बचत होगी। इस सुविधा से विशेष रूप से ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के नागरिकों को बड़ा लाभ मिलेगा। माननीय विधायक कटेहरी धर्मराज निषाद ने कहा कि ट्रॉमा सेंटर का यह शुभारंभ जनपदवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं सराहनीय कार्य है, इससे जनपद में आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था और मजबूत हुई है।

# बकरी चोरी करने वाले चार अंतर्जनपदीय अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



**अवधनामा संवाददाता**

**गोण्डा ।** थाना वजीरगंज व एस0ओ0जी0/सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा स्कॉर्पियो वाहनों से बकरी चोरी करने वाले अंतर्जनपदीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 4 शातिर अभियुक्तों- 1. रफीक पुत्र तौफीक, 2. शकील पुत्र अब्दुल खालिक, 3. शमसुद्दीन पुत्र भगोले, 4. रहीश पुत्र रशीद को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 6 अदद चोरी की बकरी, घटना में प्रयुक्त 2 अदद स्कार्पियों गाडी व 23800/- रूपये नकद बरामद किया गया।

जनपद गोण्डा में विगत कुछ दिनों में विभिन्न थाना क्षेत्रों में बकरी चोरी की घटनाएं प्रकाश में आई थी । उक्त घटनाओं को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा घटनाओं के शीघ्र एवं सफल अनावरण तथा अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण में बकरी चोरी की घटनाओं के अनावरण हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया। गठित टीमों द्वारा क्षेत्र में लगातार सघन चेकिंग अभियान चलाया गया, संदिग्ध व्यक्तियों की निगरानी की गई तथा खुफिया सूचनाओं का प्रभावी संकलन किया गया।

पुलिस टीमों की सक्रिय कार्यवाही के फलस्वरूप बकरी चोरी करने वाले एक अंतर्जनपदीय संगठित गिरोह का सफलतापूर्वक पर्दाफाश करते हुए 4 शातिर अभियुक्तों- 1. रफीक पुत्र तौफीक, 2. शकील पुत्र अब्दुल खालिक, 3. शमसुद्दीन पुत्र भगोले, 4. रहीश पुत्र रशीद को दुर्जनपुर घाट से कोडर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 6 अदद चोरी की बकरियां, घटना में प्रयुक्त 2 अदद स्कॉर्पियो वाहन तथा ?23,800/- नकद बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगणो के विरूद्ध थाना वजीरगंज पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

## आर्थिक सहायता प्राप्त कर रहे भूतपूर्व खिलाड़ी निर्धारित प्रारूप पर 25 तक जमा करें विवरण

**अमेठी।** उपक्रीड़ाधिकारी मो मोसर्रफ खॉ ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में भूतपूर्व प्रसिद्ध खिलाड़ियों एवं पहलवानों/अर्जुन अवार्डी/द्रोणाचार्य अवार्डी/पद्म भूषण/पद्मश्री/ध्यानचंद अवार्डी को वर्तमान में दी जा रही आर्थिक सहायता के लिए निर्धारित प्रारूप-पत्र पर यथा-क्र0सं0 मण्डल का नाम जनपद का नाम भूतपूर्व प्रसिद्ध खिलाड़ी/अर्जुन अवार्डी/द्रोणाचार्य अवार्डी/पद्म भूषण/ पद्मश्री/ध्यानचंद अवार्डी महानुभावों का नाम खेल का नाम खेल का स्तर/प्राप्त अवार्ड का नाम प्रतिमाह दी जा रही वित्तीय आर्थिक सहायता राशि वित्तीय वर्ष 2026-27 में माह 03/2026 से 02/2027 तक कुल-12 माह हेतु दी जाने वाली धनराशि खिलाड़ियों की वर्तमान स्थिति (जीवित/मृत) वर्तमान आय प्रमाण-पत्र (आय की स्थिति) अवार्डी महानुभाव खिलाड़ियों को छोड़कर का उल्लेख करते हुए 25 अप्रैल 2026 तक जिला खेल कार्यालय अमेठी में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

## मिशन शक्ति फेज-5.0 (द्वितीय चरण) के तहत महोबा पुलिस का लगातार जागरूकता अभियान जारी



**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक महोबा शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में संचालित मिशन शक्ति फेज-5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के उद्देश्य से विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम, कार्यशालाएँ एवं संवाद सत्र आयोजित किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में गुरुवार को जनपद के समस्त थानों में नियुक्त मिशन शक्ति पुलिस टीमों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत स्कूलों/कॉलेजों एवं सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर छात्राओं, छात्रों एवं महिलाओं को आत्मरक्षा, उनके अधिकारों तथा साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रमों के दौरान छात्राओं को 'गुड टच' व 'बैड टच' की पहचान, आत्मरक्षा के सरल उपाय तथा महिला सम्बन्धी अपराधों से बचाव के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि) के सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। मिशन शक्ति कार्यक्रम के साथ-साथ महोबा पुलिस द्वारा 'साइबर अवेयरनेस कैम्पेन' भी संचालित किया जा रहा है। इसके तहत लोगों को साइबर अपराधों के प्रकार, उनसे बचाव के उपाय, साइबर फ्रॉड की पहचान, फेक लिंक/ओटीपी धोखाधड़ी से सतर्क रहने की जानकारी दी गई।

# अम्बेडकर जयंती पर होंगे भव्य कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता

■ समाज कल्याण विभाग द्वारा की गई तैयारी, जनप्रतिनिधि होंगे शामिल

**बहराइच।** जनपद के समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावासों और आश्रम पद्धति विद्यालयों में आगामी 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती गरिमामय रूप से मनाने का निर्णय लिया गया है। जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पाण्डेय द्वारा जारी सूचना के अनुसार, इन कार्यक्रमों में जिले के प्रमुख जनप्रतिनिधि शिरकत करेंगे और बाबा साहेब के आदर्शों पर प्रकाश डालेंगे। कार्यक्रमों की शुरुआत प्रातः 10:00 बजे राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास (बालक) बहराइच से होगी, जहाँ मुख्य अतिथि के रूप में विधायिका अनुपमा जयसवाल उपस्थित रहेंगी। इसके पश्चात, प्रातः 11:00 बजे राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास बालिका में नगर पालिका अध्यक्ष सुधा टेकड़ीवाल कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगी। दोपहर के सत्र में तीन प्रमुख स्थानों पर एक साथ कार्यक्रम आयोजित होंगे जिसमें राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास बालिका गेंदघर में एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगी।राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास बालक रूपईडीहा इस कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष उमाशंकर वैश्य उपस्थित रहेंगे।पं. दीन दयाल उपाध्याय राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय, बिछिया में नानपारा की विधायिका सरोज सोनकर की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न होगा।समाज कल्याण विभाग ने सभी छात्रावासों और विद्यालयों को कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में आवश्यक निर्देश जारी कर दिए हैं। इस अवसर पर बाबा साहेब के जीवन संघर्ष और भारतीय संविधान निर्माण में उनके योगदान पर चर्चा के साथ-साथ विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा।

# सैन्य सम्मान के साथ शहीद को दी गई अंतिम विदाई





अवधनामा संवाददाता

■ डोगरा सेंटर अयोध्या की मराठा रेजिमेंट ने शव यात्रा निकालकर शहीद को किया विदा
■ 28 मार्च को कुपवाड़ा के त्रेहगाम में लगी थी गोली
■ 07 अप्रैल को दिल्ली के एसआर हॉस्पिटल में शहीद ने ली अंतिम सांस

**कुड़वार/सुल्तानपुर।** विकास खंड क्षेत्र के लाल की देश सेवा करते हुए शहीद होने पर पूरे जिले की आंखे नम हो गई। शव के पहुंचने पर क्षेत्र वासियों का तांता लगा रहा। डोगरा सेंटर अयोध्या से आए मराठा रेजिमेंट के जवानों ने शहीद सैनिक की नम आंखों से शव यात्रा निकालकर कर साथी को अंतिम विदाई दी। स्थानीय नेताओं सहित अधिकारियों ने भी पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की।

बता दे कि स्थानीय विकास खंड के पूरे वैसी मझना गांव निवासी अखिलेश शुक्ला(28) पुत्र राधेकृष्ण शुक्ला सेना के ईएमई कोर में नायक के पद पर कुपवाड़ा जनपद के त्रेहगाम में तैनात थे। जहां वे 28 मार्च को गोली लगने से घायल हो गए।घायलावस्था में यूनिट के जवानों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें एसआर हॉस्पिटल नई दिल्ली में भर्ती कराया। दौरान इलाज 07 अप्रैल को दिन में 12 बजे शहीद सैनिक अखिलेश शुक्ला ने अंतिम सांस ले ली। शुक्रवार को सुबह उनका शव अलीगंज बाजार पहुंचा तो क्षेत्रवासियों ने पुष्प वर्षा करते हुए उसका स्वागत किया।शव उनके पैतृक निवासी पहुंचते ही कोहराम मच गया। तिरंगे से लिपटे शव के पहुंचते ही मां सीमा,बहन प्रियंका, शिवानी सहित परिवारजन दहाड़े मार कर रोने लगे। सेवा निवृत सैनिक के इकलौते बेटे के शहीद हो जाने पर पिता पर दुखो का पहाड़ टूट पड़ा।अंतिम दर्शन के लिए शव करीब 02 घंटे उनके आवास पर रहा। उसके बाद डोगरा रेजिमेंट अयोध्या से जवानों ने सैनिक सम्मान के साथ शव की अंतिम यात्रा निकाली। शव यात्रा घर से करीब 200 मीटर दूर बाग में पहुंची। जहां पर सबसे पहले पिता राधे कृष्ण शुक्ला ने पुष्प चक्र से शहीद बेटे को श्रद्धांजलि अर्पित की।उसके बाद मौजूद अन्य सैकड़ों लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित की। थोड़ी देर बाद मौके पर पहुंचे एसडीएम सदर विपिन द्विवेदी,सीओ सिटी सौरभ सामंत, भाजपा नेता ओम प्रकाश पांडेय बजरंगी, मनीषा पांडेय,संजय सिंह त्रिलोकचंदी आदि ने पुष्पांजलि अर्पित की। अंत में अयोध्या से आए डोगरा रेजिमेंट के कैप्टन आशीष दहिया व शहीद सैनिक की यूनिट से आए सूबेदार प्रशांत कुमार तिवारी ने विदाई देकर सैनिक सम्मान के साथ शव को चिता के पास पहुंचाया। तथा तिरंगे व शहीद की वर्दी को यूनिट के सूबेदार ने पिता को सौप दिया। उसके बाद पिता ने पिंडदान आदि करके मुखाग्नि दी।अंतिम संस्कार में एम एल सी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, भाजपा नेता अखिलेश तिवारी सहित हजारों लोग शामिल हुए।

# दुकान के सामने पेशाब करने पर रईसजादे ने स्कॉर्पियो से कुचला

अवधनामा संवाददाता




**शाहजहांपुर।** जनपद में दबंग रहीसजादो के हौसले इस कदर बुलंद है कि उन्हें न पुलिस का खौफ है ना कानून का डर दुकान के सामने पेशाब करने की सजा स्कॉर्पियो से कुचल कर दी ऐसा ही एक दर्दनाक मानवता को तार तार कर देने वाला मामला सामने आया है थाना रोजा क्षेत्र के लीदीपुर अंग्रेजी शराब भट्टी के सामने एक एक दलित व्यक्ति द्वारा पेशाब कर दिए जाने के बाद उसे दुकान मालिक ने स्कॉर्पियो से कुचल दिया घायल 45 वर्षीय राजा राम पुत्र सीताराम अविवाहित था उसकी भाभी पुष्पा देवी ने थाना रोजा में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि 9 अप्रैल गुरुवार को दोपहर 12:00 बजे उसका देवर अंग्रेजी शराब भट्टी के सामने पाकड़ के नीचे ठंडा रहा था उसका कुछ स्वास्थ्य ठीक नहीं था जिसके चलते उसे बैठे-बैठे ही पेशाब हो गई जिसकी जानकारी जब अंग्रेजी शराब भट्टी मलिक के भतीजे अंश जायसवाल को लगी तो रईसजादे स्कॉर्पियो UK 07 DR 5786 लेकर पहुंच गए और राजाराम के ऊपर गाली देते हुए स्कॉर्पियो चढ़ा दी पुष्पा देवी का आरोप है स्कॉर्पियो चढ़ाने के बाद बैक में दोबारा भी स्कॉर्पियो चढ़ाई गई दिए गए प्रार्थना पत्र में उसने जान से मारने की नीयत से स्कॉर्पियो चढ़ाने व गाली गलौज करने का आरोप लगाया है बताया जाता है घटना के बाद अंश जायसवाल स्कॉर्पियो लेकर भाग गया और परिवार वालों को जब सूचना लगी तो वह एंबुलेंस से राजाराम को मेडिकल कॉलेज ले गए जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है और डॉक्टर ने लखनऊ रेफर कर दिया है बड़ी बात यहां है की घटना के समय मौके पर पुलिस भी गई थी लेकिन पुलिस ने संज्ञान नहीं लिया जब घटना की जानकारी थाना रोजा प्रभारी राजीव कुमार को लगी तो उन्होंने घायल राजा राम की भाभी पुष्पा देवी के दिए गए प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया की प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य चेक करें: डीएम

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचक क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हो गया, जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों (भाजपा, सपा, कांग्रेस, बसपा, आप, सीपीआईएम आदि) के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में अंतिम मतदाता सूची का विधिवत् प्रकाशन किया गया, सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को प्रकाशित निर्वाचक नामावली की एक प्रति फोटो युक्त (हार्ड कॉपी) तथा एक प्रति फोटो रहित (सॉफ्ट कॉपी) निःशुल्क उपलब्ध कराई गई, पुनरीक्षण के दौरान नए मतदाताओं विशेष कर युवाओं और महिलाओं के नाम जोड़ने पर विशेष बल दिया गया है, आम जनमानस की सुविधा के लिए यह सूची संबंधित निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण कार्यालय, तहसील मुख्यालयों और जनपद की आधिकारिक वेबसाइट पर भी अपलोड कर दी गई है, जनपद के सभी विधानसभा क्षेत्र (टूंडला, जसराना, शिकोहाबाद, सिरसागंज, फिरोजाबाद) का विस्तृत विवरण निम्नवत् है। विधान सभा संख्या विधान सभा क्षेत्र का नाम पोलिंग स्टेशन पुरूष मतदाताओं की सं0 महिला मतदाताओं की सं0 थर्ड जेंडर मतदाताओं की सं0 कुल योग 95 टूण्डला 458 196515 163272 9 359796, 96 जसराना 465 195141 161746 5 356892, 97 फिरोजाबाद 450 204039 174031 36 378106, 98 शिकोहाबाद 414 178258 148050 9 326317, 99 सिरसागंज 394 170617 140108 2 310727, कुल 2181 944570 787207 61 1731838। विधानसभा निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन पुस्तिका का विमोचन भी इस अवसर पर किया गया, जिला निर्वाचन अधिकारी ने अपील की है कि सभी नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य चेक कर लें, 'हमारा लक्ष्य कोई भी मतदाता न छूटे' के संकल्प को पूर्ण करना है। इस दौरान सीपीआईएम के जिला महासचिव नवल सिंह एडवोकेट, बहुजन समाज पार्टी के प्रतिनिधि प्रभारी विधानसभा टूंडला अखिलेश कुमार, जिला उपाध्यक्ष समाजवादी पार्टी डॉ विजय आर्य, जिला महासचिव कांग्रेस शैलेंद्र शर्मा, सीपीआईएम के जिला सचिव फिरोजाबाद सोमेश कुमार चक, सीपीआईआईएम के जिला मंडल सदस्य भूरी सिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष आम आदमी पार्टी निर्मल कुमार, जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, जिला उपाध्यक्ष बीजेपी शिव शंकर शर्मा, उप जिलाधिकारी सिरसागंज धर्मवीर भारती, उप जिलाधिकारी जसराना राजेश कुमार शुक्ला, उप जिलाधिकारी टूंडला अंकित वर्मा, उप जिलाधिकारी शिकोहाबाद डॉ0 गजेंद्र पाल सिंह सहित सम्बन्धित आदि उपस्थित रहें।

# टाइ एंड डाइ में अंशिका प्रथम ममता ने द्वितीय स्थान पाया




अवधनामा संवाददाता

**शिकोहाबाद।** बीडीएम गर्ल्स डिग्री कॉलेज में महाविद्यालय की प्राचार्या के संरक्षण में गृहविज्ञान विभाग से छात्राओं को जागरूक करने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका विषय टाइ एण्ड डाइ ब्लाक प्रिटिंग प्रदर्शनी एवं कुकिंग प्रतियोगिता रहा। जिसमें प्रथम स्थान अंशिका और द्वितीय स्थान ममता ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का शुभारम्भा प्राचार्या प्रो गीता यादवेन्दु, उपप्राचार्या प्रो शशिप्रभा तोमर एवं असिप्रो दर्शना कुमारी के द्वारा सरस्वती माँ के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम की संयोजिका प्रवक्ता संगीता यादव ने छात्राओं को बताया कि टाइ एण्ड डाइ एक हस्त कला है। छात्राओं ने बहुत सुंदर वस्त्र तैयार किये। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका असिप्रो समाजशास्त्र विभाग की ममता भारद्वाज एवं अर्थशास्त्र विभाग से असिप्रो सोनिका ने निभाई। एमए द्वितीय सेमेस्टर की छात्राऐं प्रथम स्थान अंशिका, द्वितीय स्थान ममता दिवाकर एवं तृतीय स्थान करूणा ने प्राप्त किया। कुकिंग प्रतियोगिता की निर्णायक मंडल की भूमिका राजनीतिशास्त्र विभाग की डा माया गुप्ता एवं समाजशास्त्र विभाग की डॉ नम्रता प्रसाद रहीं। जिसमें बीए षष्ठम सेमेस्टर की छात्राओं ने बहुत ही अच्छे व्यंजन बनाये। प्रथम स्थान पर स्वाती, द्वितीय स्थान पर मोनिका तृतीय स्थान पर शबा खान रहीं। सांत्वना पुरस्कार अंजली को मिला। कार्यक्रम में मौजूद शिक्षिकाऐं डॉ नीलम, डॉ मोनिका, निधि तुलस्यान, ब्यूटी, पल्लवी पांडेय, सुनीता एवं सुजाता, रेनू, बेबी, अनुप्रिया, मुकुल, रतन मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन निधि तुलस्यान द्वारा किया गया।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रो पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई–निविदायें सिंगिल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं० | 106–सिग / टेंडर / 05 / 2026–27 |
| कार्य का नामः | एस एंड टी कार्य आईसीडब्ल्यू लखनऊ–अयोध्या कैंट सेक्शन पर एसएफएच–एमएल स्टेशनों के बीच किमी 1075.391 (बंद एलसी नंबर 182/सी) पर अतिचार स्थान के बदले आरयूबी का प्रावधान और यूटीआर–एलकेओ सेक्शन पर एलबीएच और एलकेओ स्टेशनों के बीच आरओबी नंबर 789ए (सदर आरओबी) के पास किमी. 1071.404 पर आरयूबी का प्रावधान और उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के सीनियर डीईएन–IV/एलकेओ के अंतर्गत एडीईएन/II-एसएलएन के अधिकार क्षेत्र में ओआरएन–3 पुलों (कुल 23 पुल) का पुनर्निर्माण। |
| अनुमानित लागत | रु 5970033.52 / – |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रु 119400.00 / – |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 270 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 30.04.2026 15:30 Hrs. |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय / म.रे.प्र. कार्यालय परिसर / उत्तर रेलवे / लखनऊ |

ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं।
- समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है।
- मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी।
- निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू० सं०–106–सिग / टेन्डर / 05 / 2026–27 दिनांक: 09.04.2026
1191/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# बाल विकास विभाग में भ्रष्टाचार का खेल

अवधनामा संवाददाता

**सुलतानपुर।** जनपद में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। आंगनबाड़ी केंद्रों की जमीनी हकीकत और कागजी दावों में भारी अंतर दिखाई दे रहा है, जिससे विभाग की कार्यशैली संदेह के घेरे में आ गई है। जानकारी के अनुसार, कई आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियां अपने केंद्रों पर नियमित रूप से उपस्थित नहीं रहतीं। मीटिंग और अन्य कार्यों का बहाना बनाकर केंद्रों से गायब रहना आम बात हो गई है। विशेष रूप से परिषदीय विद्यालयों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों पर ताले लटकते देखे जा सकते हैं। आंगनबाड़ी में नामांकित बच्चों की स्थिति भी संदिग्ध बताई जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बच्चों का वास्तविक उपस्थिति रिकॉर्ड कहीं नजर नहीं आता। वहीं, सरकार द्वारा दिए जाने वाले पोषाहार (पोषक तत्व) केवल कागजों में ही वितरित दिखाए जा रहे हैं। सरकार द्वारा विकसित 'बाल वाटिका' योजना का भी मजाक बनता नजर आ रहा है। नगर क्षेत्र के कई विद्यालयों में बाल वाटिका सिर्फकागजों तक सीमित है, जबकि जमीनी स्तर पर इसका कोई ठोस संचालन नहीं दिख रहा। भदैया ब्लॉक के भरथीपुर, भरसड़ा, त्रिलोकचंदपुर और वजूपुर जैसे गांवों में यह स्थिति और भी गंभीर बताई जा रही है। यहां खुलेआम भ्रष्टाचार के आरोप लग रहे हैं। सवाल उठ रहा है कि आखिर पोषाहार कहां जा रहा है? क्या संबंधित अधिकारी और कर्मचारी मिलकर बच्चों के हक पर डाका डाल रहे हैं? सबसे चिंताजनक बात यह है कि न तो सीडीपीओ द्वारा नियमित जांच की जा रही है और न ही जिला कार्यक्रम अधिकारी की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नजर आ रही है। ऐसे में आम जनता के मन में शंका और आक्रोश होना स्वाभाविक है। स्थानीय लोगों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि बच्चों को उनका हक मिल सके और सरकारी योजनाएं सही मायनों में धरातल पर उतर सकें।


**सूचना**

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है की मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2022 का मूल अंकपत्र (मार्कशीट) अनुक्रमांक 1221686509 वास्तव में कहीं खो गई है जिसमें जन्म तिथि 26-11-2007 है।

**प्रार्थी**
तल्हा अम्मार पुत्र मो,अम्मार निवासी ग्राम मुस्तफाबाद पोस्ट बड़ागांव, जिला अयोध्या



**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा., मंडल रेल प्रबंधक, हज़रतगंज, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ई–निविदा सूचना सं. | 1211–वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ दिनांक 10.04.2026 |
| 2. | कार्य का नाम | ADEN-HQ/LKO के अंतर्गत SSE/W/CB/LKO के खण्ड में ऑफिसर्स रेस्ट हाउस, चारबाग, लखनऊ में दरवाजों और खिड़कियों की भारी मरम्मत के लिए पुराने दरवाजों और खिड़कियों के स्थान पर UPVC दरवाजे और खिड़कियाँ लगाना, मॉड्यूलर किचन का निर्माण और अन्य सहायक कार्य के संबंध में विद्युत कार्य। |
| 3. | अनुमानित लागत | रु. 31,38,622.69 (इकतीस लाख अड़तीस हजार छह सौ बाइस रूपये एवं उन्हत्तर पैसे मात्र) |
| 4. | ई–निविदा की कीमत | शून्य |
| 5. | बयाना राशि | रु. 62,800/– (बासठ हजार आठ सौ रूपये मात्र) |
| 6. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| 7. | ई–निविदा फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 04.05.2026 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:00 बजे के बाद वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा., उत्तर रेलवे, हज़रतगंज, लखनऊ के कार्यालय में। |
| 8. | प्रस्ताव की वैधता | ई–निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| 9. | उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। |

सूचना सं.: 1211–वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ
दिनांक: 10.04.2026
1196/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई–निविदायें सिंगल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं. | 106–सिग / टेंडर / 07 / 2026–27 |
| कार्य का नाम | उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के एसएसई / सिग / आरआरआई–एलकेओ के अनुभाग में बिजली आपूर्ति व्यवस्था के प्रावधान के साथ–साथ सीमेंस प्रकार के एलईडी ईसीआर और एलईडी के साथ सीमेंस पारंपरिक ईसीआर और बल्बों का प्रतिस्थापन। |
| अनुमानित लागत | रु. 1,26,91,412.25/- |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रु. 2,53,800.00/- |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 180 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 30.04.2026, 15:30 बजे |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय / मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर / उत्तर रेलवे / लखनऊ |

• ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू. सं.: 106–सिग / टेंडर / 07 / 2026–27 दिनांक: 09.04.2026 1189/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता सी0एण्डडब्ल्यू0 लखनऊ के द्वारा ई टेंडर संख्या 288-Mech-CWUpLaundryBSB26 के अंतर्गत खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। जिसके बंद होने की तिथि व समय 30.04.2026 15:00 है जो उसी दिन 15:30 बजे वेबसाइट पर खोले जाएगे। इस टेंडर के अंतर्गत मैन्युअल ऑफर स्वीकार्य नहीं होंगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। टेंडरर ध्यान दें कि निविदा मूल्य (जैसा IREPS पर प्रावधान हो) का भुगतान यह केवल through online payment mode जो की ireps पर उपलब्ध है जैसे की नेट बैंकिंग, डेबिड कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ही स्वीकार्य है डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, जमा रशीदे, एफडीआर आदि के माध्यम से भुगतान के अनुमति नहीं है।

| कार्य का नाम | वाराणसी – आगुमेन्टेशन / अपग्रेडेशन आफ डिपार्टमेन्टल मैकेनाइज्ड लांड्री ऐट बीएसबी स्टेशन। | | |
|---|---|---|---|
| निविदा टाईप | खुली निविदा | बिडिंग स्टाइल | सिंगल बिड सिस्टम |
| निविदा बंद होने की दिनांक एवं समय | 30.04.2026 15:00 बजे | अपलोडिंग दिनांक | 10.04.2026 |
| प्री-बिड येस/नो | नो | प्री बिड केव्री डेट टाइम | नाट अप्लीकेबल |
| एडवरटाइज्ड वैल्यू (रु.) | Rs.2,89,16,170.19 (Including GST) | टेंडरिंग सेक्शन | टेण्डर सी0एण्डडब्ल्यू0 |
| बिडिंग स्टाइल | सिंगल रेट फार ईच शिड्यूल आइटम | बिडिंग यूनिट | % एज अबव/बिलो/एट पार |
| धरोहर राशि | 5,78,300.00 | आफर की वैद्यता | 60 दिन |
| निविदा मूल्य (रु.) | निशुल्क | कार्य की अवधि | 120 दिन |
| बिडिंग स्टार्ट डेट | 16.04.2026 | | |

No. 288-Mech-CWUpLaundryBSB26 Dt.: 09.04.2026 1186/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



# छात्रहित में विद्यालय प्रबन्धक और प्रधानाचार्यों की आवश्यक बैठक 21 व 31 अप्रैल को

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** जनपद में संचालित स्ववित्त पोषित विद्यालयों के प्रबन्धक-प्रधानाचार्यों को सूचित किया जाता है कि उ0प्र0 शासन द्वारा छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुलभ कराने तथा प्रदेश में संचालित निजी विद्यालयों द्वारा छात्रों से वसूल किये जाने वाले शुल्क को विनियमित किये जाने हेतु छात्रहित में उत्तर प्रदेश स्ववित्त पोषित स्वतंत्र विद्यालय (शुल्क विनियमन) अधिनियम, 2018 एवं 2020 प्रख्यापित किया गया है। बैठक 21.04.2025 एवं 31.12.2025 के कार्यवृत्त में जिला मजिस्ट्रेस्ट, फिरोजाबाद द्वारा जनपद के समस्त स्ववित्त पोषित विद्यालयों को ष्उत्तर प्रदेश स्ववित्तपोषित स्वतंत्र विद्यालय (शुल्क विनियमन) अधिनियम, 2018 एवं संशोधित 'उत्तर प्रदेश स्ववित्तपोषित स्वतंत्र विद्यालय (शुल्क विनियमन) अधिनियम, 2020 का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किये जाने हेतु निर्देश प्रदान किये गये थे इसके अतिरिक्त अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के द्वारा भी शुल्क अधिनियम 2018 एवं 2020 का अनुपालन सुनिश्चित किये जाने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। उत्तर प्रदेश स्ववित्त पोषित स्वतंत्र विद्यालय (शुल्क विनियमन) अधिनियम, 2018, कोई विद्यालय समुचित प्राधिकारी की पूर्व स्वीकृति के सिवाय, शैक्षणिक सत्र के दौरान उप धारा (4) के अधीन समुचित प्राधिकारी के लिए संसूचित शुल्क से अधिक कोई शुल्क प्रभारित नहीं करेगा। प्रत्येक मान्यता प्राप्त विद्यालय यह सुनिश्चित करेगा कि कोई कैपिटेशन शुल्क प्रभारित न किया जाये। छात्र से उद्गहीत प्रत्येक शुल्क या प्रभार के लिए रसीद जारी की जायेगी। किसी छात्र को पुस्तकें, जूते. मोजे व यूनिफार्म आदि किसी विशिष्ट दुकान से क्रय करने के लिए बाध्य नहीं किया जायेगा। विद्यालय द्वारा पाँच निरन्तर शैक्षणिक वर्षों के भीतर विद्यालय पोशाक में परिवर्तन नहीं किया जायेगा (1) विद्यमान छात्रों के लिए अनुज्ञात शुल्क वृद्धि कोई मान्यता प्राप्त विद्यालय, अपने विद्यमान छात्रों के लिए, पूर्ववर्ती वर्ष के अध्यापन कर्मचारी वर्ग के मासिक वेतन में प्रति व्यक्ति वृद्धि के औसत के बराबर विद्यालय के प्रत्येक वर्ग-कक्षाध्स्तर के लिये स्वयं अपने वार्षिक शुल्क में पुनरीक्षण कर सकता है, किन्तु शुल्क वृद्धि, नवीनतम उपलब्ध वार्षिक प्रतिशत बढ़े हुए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक छात्र से वसूल किये गये पाँच प्रतिशत शुल्क से अधिक नहीं होगी।

# डीएम की मेहनत लाई रंग एक छत के नीचे सारी सुविधायें

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** जनपद के जिला चिकित्सालय एवं महिला चिकित्सालय बहराइच मेडिकल कॉलेज में विलय हो गया था मेडिकल कॉलेज के समस्त चिकित्सक पहले से बने पुराने भवन मे ही ओपीडी संचालित कर रहे है जबकि चिकित्सालय मे प्रतिदिन 2000 से 3000 की मरीजों कि ओपीडी एवं 10000 जाचे तथा मरीजों को औषधि वितरण की जाती है। मेडिकल कॉलेज में जनपद बहराइच के मरीज को चिकित्सीय सुविधा क़े साथ-साथ निकटतम जनपद गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती तथा पड़ोसी राष्ट्र नेपाल क़े मरीज को भी सुविधा दी जाती है कभी कभी मरीजों को अलग-अलग भवन में जाना पड़ता है। प्रधानाचार्य डॉ संजय खत्री ने पूर्व में भी अस्पताल चिकित्सीय सुविधाएं को बढ़ावा देने क़े संबंध मे कई अहम भूमिका निभाई है इसी कदम को आगे बढ़ाते हुए,डीएम अक्षय त्रिपाठी से अनुरोध किया कि मरीजों को एक ही छत के नीचे सारी सुविधा मिले इसके तहत डीएम ने मरीज एवं जनहित को देखते हुए प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के अंतर्गत पांच तल का ओपीडी ब्लॉक का अनुमोदन हेतु आगरण शासन को भेजा गया उसके उपरांत उसकी स्वीकृत मिल गए है इस भवन में समस्त ओपीडी दवा वितरण केंद्र पर्चा काउंटर आदि सुविधा उपलब्ध रहेगी इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ प्रो संजय खत्री ने उत्तर प्रदेश सरकार एवं जनप्रतिनिधियो तथा जिलाधिकारी का आभार व्यक्त किया।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-सुलतानपुर।**
**पता- विकास भवन, सुलतानपुर।**

पत्रांक : 3618/ग्रा0अ0वि0/निविदा पत्रावली/पत्रावली सं0-296/अनु0सहा0/2025-26 दिनांक- 31.03.2026

**-: मैन्युवल निविदा सूचना :-**

महामहिम राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-सुलतानपुर के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए,बी,सी एवं डी श्रेणी में कार्यों की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदा दाताओ से मैन्युवल विधि के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शा ये गये कार्यो हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है, बिड् डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न बिल ऑफ क्वान्टिटी के अंकित दरों में जी0एस0टी0 के अतिरिक्त अन्य सभी कर सम्मिलित है, जी0एस0टी0 का भुगतान सरकार के निर्देशानुसार नियमानुसार अलग से किया जायेगा। निविदा दाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।
1- कार्यो से संबंधित विवरण निम्नवत् है।

| क्र. सं. | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू. में) | बिड सिकुरिटी इ.एम.डी. (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जीएसटी सहित (यदि आवश्यक हो) रू. में | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षा ऋतु सहित | अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय | डी.एम. का कार्यालय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | | संतुलित क्षेत्रीय विकास (पूर्वांचल) निधि (राज्यांश) योजना | | | | | | |
| 1 | सुलतानपुर | विकासखण्ड-अखण्डनगर नेमपुर पिचरोड से शमशान घाट तक इण्टरलाकिंग कार्य। | 7.47 | 15000.00 | 766.00 | 180 दिवस | परि.- अयोध्या | डी.एम. सुलतानपुर |
| 2 | सुलतानपुर | विकासखण्ड अखण्डनगर पहाडपुर बस्तीपुर में सगराम कनौजिया के घर से बिजयाग्वाला के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य। | 9.88 | 20000.00 | 766.00 | 180 दिवस | परि.- अयोध्या | डी.एम. सुलतानपुर |
| 3 | सुलतानपुर | विकासखण्ड-कादीपुर अमरेथू डडिया हीरालाल (हरीलाल) कोटेदार के घर से जगदेव के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य। | 9.88 | 20000.00 | 766.00 | 180 दिवस | परि.- अयोध्या | डी.एम. सुलतानपुर |
| 4 | सुलतानपुर | विकासखण्ड-अखण्डनगर कल्याणपुर बीरेन्द्र के घर से अनु0 बस्ती रामकुमार के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य। | 7.47 | 15000.00 | 766.00 | 180 दिवस | परि.- अयोध्या | डी.एम. सुलतानपुर |
| 5 | सुलतानपुर | विकासखण्ड-कादीपुर सूरापुर मुडिला मार्ग से अनु0 बस्ती तक इण्टरलाकिंग कार्य। | 9.87 | 20000.00 | 766.00 | 180 दिवस | परि.- अयोध्या | डी.एम. सुलतानपुर |
| 6 | सुलतानपुर | विकासखण्ड मोतिगरपुर के ग्राम अहदा उसरा जंगल भारत निषाद के घर से अनिल निषाद के घर तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | 9.90 | 20000.00 | 766.00 | 180 दिवस | परि.- अयोध्या | डी.एम. सुलतानपुर |

2- निविदा सूचना में अंकित कार्यालयो में बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि 13.04.2026
3- निविदा विक्री प्रारम्भ की तिथि, समय व स्थान- 06.05.2026 को कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड सुलतानपुर, कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग परिमण्डल अयोध्या एवं जिलाधिकारी कार्यालय सुलतानपुर पूर्वाहन 10 बजे से।
4- निविदा विक्री के लिए अन्तिम तिथि, समय व स्थान- 08.05.2026 अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड सुलतानपुर, कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग परिमण्डल अयोध्या एवं जिलाधिकारी कार्यालय सुलतानपुर को अपरान्ह 04.00 बजे।
5- निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि, समय व स्थान 11.05.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक क्र0सं0-03 पर अंकित स्थानो पर।
6- निविदा खोलने की तिथि एवं समय व स्थान 12.05.2026 अपरान्ह 12:.30 बजे। कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड सुलतानपुर अथवा सक्षम अधिकारी के निर्देशानुसार।
7- टेण्डर प्रक्रिया से पूर्व का कोई शपथपत्र मान्य नही होगा।
8- निविदा आमंत्रणकर्ता को आई0टी0बी0 के क्लॉज-09 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्ध पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए कृपया नियोक्ता कार्यालय अर्थात अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड सुलतानपुर में सम्पर्क करें।
सभी सम्भावित निविदादाता को सलाह है कि बिड सब्मिट करने से पूर्व बिड डाक्यूमेन्ट को भली-भॉति पढ़ लें।

(के.के. मिश्रा)
अधिशासी अभियन्ता,
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
प्रखण्ड-सुलतानपुर।
श्री राज्य पाल उ.प्र. की ओर से।

UPID-249478 Dated-09-04-2026
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

# सीएम योगी से डेनमार्क के राजदूत की शिष्टाचार भेंट

- रासमस अबिल्डगार्ड क्रिस्टेंशन ने निवेश संभावनाओं पर की चर्चा
- उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए डेनमार्क कंपनियों को आमंत्रण
- डिफेंस कॉरिडोर और नवीकरणीय ऊर्जा पर सहयोग की संभावना



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर भारत में डेनमार्क के राजदूत श्री रासमस अबिल्डगार्ड क्रिस्टेंशन ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर दोनों पक्षों के बीच उत्तर प्रदेश में निवेश, प्रौद्योगिकी सहयोग तथा विभिन्न क्षेत्रों में सम्भावित साझेदारी को लेकर व्यापक और सकारात्मक चर्चा हुई।

भेंट के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज देश की सबसे तेज़ी से विकसित होती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है, जहाँ निवेशकों के लिए पारदर्शी नीतिगत वातावरण, सुदृढ़ कानून-व्यवस्था और आधुनिक आधारभूत संरचना उपलब्ध है। उन्होंने डेनमार्क की कम्पनियों को प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि राज्य सरकार प्रत्येक निवेशक को आवश्यक सहयोग, सरल प्रक्रियाएँ और सुरक्षित निवेश वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री ने डिफेंस कॉरिडोर, नवीकरणीय ऊर्जा, वेस्ट-टू-एनर्जी, जल प्रबन्धन, स्किल डेवलपमेण्ट, अवस्थापना विकास एवं हेल्थ केयर जैसे क्षेत्रों में डेनमार्क के साथ साझेदारी को अत्यन्त उपयोगी बताते हुए विश्वास व्यक्त किया कि इस प्रकार की सहभागिता से उत्तर प्रदेश में रोजगार सृजन, तकनीकी हस्तान्तरण और सतत् विकास को नई गति मिलेगी।

भेंट के दौरान डेनमार्क के राजदूत ने मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विगत 09 वर्षों में उत्तर प्रदेश में हुए व्यापक परिवर्तन की सराहना की। उन्होंने कहा कि पहले भारत में निवेश की चर्चाओं में उत्तर प्रदेश का उल्लेख सीमित रहता था, किन्तु आज यह राज्य निवेशकों के लिए एक प्रमुख गंतव्य के रूप में स्थापित हो चुका है। उन्होंने प्रदेश की विशाल जनसंख्या, कुशल मानव संसाधन और सुदृढ़ होती आधारभूत संरचना को इसकी प्रमुख ताकत बताते हुए इन उपलब्धियों का श्रेय मुख्यमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व को दिया।

राजदूत ने उत्तर प्रदेश में निवेश की व्यापक सम्भावनाओं का उल्लेख करते हुए विशेष रूप से डिफेंस कॉरिडोर में रुचि व्यक्त की। उन्होंने कहा कि रक्षा क्षेत्र में डेनमार्क का समृद्ध अनुभव है और इस क्षेत्र में डेनमार्क की कम्पनियाँ उत्तर प्रदेश में निवेश एवं तकनीकी साझेदारी के लिए उत्सुक हैं। साथ ही, 'वेस्ट-टू-एनर्जी' सेक्टर में डेनमार्क की विशेषज्ञता का उल्लेख करते हुए उन्होंने इस क्षेत्र में भी सहयोग की इच्छा जतायी।

स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग की सम्भावनाओं पर प्रकाश डालते हुए राजदूत ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार सौर ऊर्जा, वेस्ट-टू-एनर्जी एवं हाइड्रोजन टेक्नोलॉजीज को सक्रिय रूप से प्रोत्साहित कर रही है। उन्होंने इस क्षेत्र में डेनमार्क की कम्पनियों की सक्रिय भागीदारी की सम्भावनाएँ व्यक्त कीं।

जल प्रबन्धन के क्षेत्र में सहयोग का उल्लेख करते हुए राजदूत ने बताया कि आई0आई0टी0 (बी0एच0यू0) के साथ नदी पुनरुद्धार एवं जल शोधन से सम्बन्धित एक परियोजना पर कार्य चल रहा है, जिसके सम्बन्ध में वे शीघ्र ही वाराणसी का दौरा करेंगे। इसके अतिरिक्त, उन्होंने कम्प्रेस्ड बायोगैस सहित नवीकरणीय ऊर्जा के अन्य क्षेत्रों में भी डेनमार्क की कम्पनियों की रुचि के सम्बन्ध में मुख्यमंत्री को अवगत कराया।

राजदूत ने शिक्षा एवं कौशल विकास के क्षेत्र को भी सहयोग का महत्वपूर्ण आधार बताते हुए कहा कि इस क्षेत्र में डेनमार्क की भागीदारी से नॉलेज ट्रांसफर एवं स्किल डेवलपमेण्ट को बढ़ावा मिलेगा।

# स्वदेशी तकनीक से संचार क्रांति की ओर अग्रसर भारत : उप मुख्यमंत्री

- विकसित भारत के निर्माण में बीएसएनएल की होगी महत्वपूर्ण भूमिका



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का विज़न है कि देश के हर नागरिक तक संचार सुविधाएं सुलभ हों। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जी द्वारा 'मेक इन इंडिया' के तहत स्वदेशी तकनीक आधारित 4ळ सेवाओं का शुभारंभ 27 सितम्बर 20 23 को उड़ीसा से किया गया, जो देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। आज भारत स्वदेशी तकनीक आधारित संचार क्रांति की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है और बीएसएनएल के प्रति लोगों का विश्वास एवं रूझान लगातार बढ़ रहा है।

उप मुख्यमंत्री मौर्य शुक्रवार को लखनऊ स्थित भूतनाथ टेलीफोन एक्सचेंज के सभागार में आयोजित बीएसएनएल अधिकारी संघ की सेंट्रल एक्जीक्यूटिव कमेटी की बैठक में 'बीएसएनएल स्वदेशी तकनीक अवसर और चुनौतियाँ' विषयक कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उन्होने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

उन्होंने कहा कि बीएसएनएल के साथ उनकी पुरानी यादें जुड़ी हैं और सांसद रहते हुए वे दूरसंचार की एक समिति से भी जुड़े रहे हैं। उन्होंने बीएसएनएल की निरंतर प्रगति के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के गठन के बाद देश को आत्मनिर्भर बनाने हेतु अनेक क्रांतिकारी कदम उठाए गए।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बीएसएनएल के पास मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर है और वह किसी भी दृष्टि से पीछे नहीं है। आवश्यकता है कि समर्पण और बेहतर रणनीति के साथ कार्य कर इसे देश की अग्रणी दूरसंचार कंपनी बनाया जाए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में बीएसएनएल देश में शीर्ष स्थान प्राप्त करेगा।

उन्होंने कहा कि भारत परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में लंबी छलांग लगा रहा है। वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य की प्राप्ति में बीएसएनएल की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। देश में आज भी बड़ी संख्या में उपभोक्ता बीएसएनएल की सेवाओं पर विश्वास करते हैं।

# लखनऊ में शीतगृहों की सुदृढ़ता पर कार्यशाला, सुरक्षित भंडारण पर जोर

- मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने दिए वैज्ञानिक संचालन और सुरक्षा के निर्देश
- किसानों की उपज की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में उद्यान निदेशालय, लखनऊ में 'शीतगृहों की सुदृढ़ता एवं संचालन' विषयक एक दिवसीय कार्यशाला में प्रतिभाग किया। कार्यशाला में शीतगृहों में आलू भंडारण, भंडारण उपरांत प्रबंधन, मशीनरी सुदृढ़ीकरण और आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर विस्तार से चर्चा हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उद्यान मंत्री ने कहा कि प्रदेश में शीतगृहों का सुरक्षित एवं वैज्ञानिक संचालन अत्यंत आवश्यक है, जिससे किसानों की उपज सुरक्षित रह सके और किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचाव हो। उन्होंने अधिकारियों और संचालकों को निर्देश दिया कि भंडारण व्यवस्था में सभी मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए तथा नियमित निरीक्षण और प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाएं।मंत्री सिंह ने कहा कि पूर्व में हुई घटनाओं से सबक लेते हुए शीतगृहों में गैस प्रबंधन, वेंटिलेशन सिस्टम और मशीनरी की नियमित जांच अनिवार्य की जाए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया, ताकि भंडारण व्यवस्था अधिक सुरक्षित और प्रभावी बन सके।

# ए.के. शर्मा ने बिजली व्यवस्था की समीक्षा की

- गर्मी में निर्बाध बिजली आपूर्ति के निर्देश
- स्मार्ट मीटर समस्याओं के समाधान पर जोर
- जन-जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश
- रात और छुट्टी में कनेक्शन न काटने का आदेश

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने आज संगम सभागार, लखनऊ में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, यूपीपीसीएल तथा प्रदेश के सभी डिस्कॉम के प्रबंध निदेशकों के साथ समीक्षा बैठक कर आगामी गर्मी के मौसम में निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु की गई तैयारियों का मूल्यांकन किया।

बैठक के दौरान ऊर्जा मंत्री शर्मा ने कहा कि विद्युत व्यवस्था का मूल उद्देश्य उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा देना है। 'सिस्टम में जनता सर्वोपरि है ', इसलिए सभी अधिकारी उपभोक्ता हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य करें और शिकायतों का त्वरित, पारदर्शी एवं संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित करें। स्मार्ट मीटर से जुड़ी समस्याओं पर विशेष चिंता व्यक्त करते हुए मंत्री शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन समस्याओं के समाधान के लिए ठोस और प्रभावी रणनीति अपनाई जाए। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर को लेकर उपभोक्ताओं में किसी प्रकार की भ्रांति या असमंजस की स्थिति नहीं रहनी चाहिए। इसके लिए व्यापक स्तर पर जन-जागरूकता अभियान चलाया जाए, जिससे उपभोक्ता स्मार्ट मीटर के लाभों, उपयोगिता एवं संचालन प्रणाली को भली-भांति समझ सकें।

ऊर्जा मंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर में पर्याप्त बैलेंस बनाए रखने के लिए नियमित रूप से जागरूक किया जाए तथा बैलेंस समाप्त होने से पूर्व उन्हें समय से सूचना उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी उपभोक्ता का बैलेंस रात्रि के समय समाप्त होता है, तो उसका विद्युत कनेक्शन रात में नहीं काटा जाएगा। इसी प्रकार, अवकाश के दिनों में भी किसी उपभोक्ता का कनेक्शन विच्छेदित नहीं किया जाएगा, जिससे उपभोक्ताओं को अनावश्यक असुविधा का सामना न करना पड़े।

स्मार्ट मीटर से संबंधित शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के लिए मंत्री शर्मा ने अलग काउंटर स्थापित करने के निर्देश दिए, ताकि उपभोक्ताओं की समस्याओं का शीघ्र समाधान हो सके और उन्हें भटकना न पड़े। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि शिकायत निवारण प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ एवं उत्तरदायी बनाया जाए।

# शैक्षिक बाल फिल्में बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक : दया शंकर

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के तत्वावधान में सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में आयोजित किये जा रहे अन्तर्राष्ट्रीय बाल फिल्मोत्सव (आई.सी.एफएफ-2026) के पाँचवे दिन का उद्घाटन मुख्य अतिथि दया शंकर सिंह, राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार), परिवहन, उ.प्र., ने किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारी मिस यूनिवर्स इण्डिया सुमणिका विश्वकर्मा, मिस यूनिवर्स उत्तर प्रदेश सुतनिष्का शर्मा एवं मिस चार्म इण्डिया सुमहक ढींगरा समारोह की गरिमा को बढ़ाया और छात्रों का खूब उत्साहवर्धन किया। विदित हो कि आई.सी. एफएफ-2026 में 53 देशों की बेहतरीन शिक्षात्मक बाल फिल्मों का प्रदर्शन 6 से 12 अप्रैल तक किया जा रहा है, जिसके माध्यम से लखनऊ व आसपास के क्षेत्रों के हजारों बच्चे प्रतिदिन स्वस्थ मनोरंजन के साथ ही जीवन मूल्यों एवं चरित्र निर्माण की शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि दया शंकर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि शैक्षिक बाल फिल्में बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक है और उन्हें देश व समाज के लिए कार्य करने को प्रेरित करती हैं। सी.एम.एस. की प्रशंसा करते हुए सिंह ने कहा कि सी.एम.एस. ने शिक्षा जगत में लखनऊ को सम्मान दिलाया है और आज हर क्षेत्र में सी.एम.एस. के छात्र अग्रणी भूमिका में देश की सेवा कर रहे हैं।

# बुजुर्ग महिला की संदिग्ध मौत, बहू पर जहर देकर हत्या का आरोप, गांव में सनसनी

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** काकोरी थाना क्षेत्र के इब्राहिम गंज गांव में बुजुर्ग महिला की संदिग्ध मौत का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने बहू और एक युवक के खिलाफ जहर देकर हत्या करने के आरोप में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मृतका शांति देवी (करीब 65 वर्ष) पत्नी दीरगज रावत की मौत को लेकर बेटे मनोज ने गंभीर आरोप लगाए हैं। मनोज ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि 5 अप्रैल 2026 की शाम उसकी पत्नी शालिनी देवी ने उसकी मां को रोटी में खेतों में इस्तेमाल होने वाली कीटनाशक दवा मिलाकर खिला दी थी। आरोप है कि यह कदम उसने अपने रिश्तेदार करन पुत्र पप्पू निवासी बरहा ज्ञानपुर, थाना सोहरामऊ (उन्नाव) के कहने पर उठाया।

परिजनों के मुताबिक, जहरीला पदार्थ खाने के बाद शांति देवी की हालत बिगड़ गई थी। उन्हें संभालने की कोशिश की गई, लेकिन 6 अप्रैल की रात उनकी मौत हो गई। इसके बाद परिवार ने उनका अंतिम संस्कार कर शव को दफना दिया था।

घटना के कुछ दिन बाद जब परिस्थितियों को लेकर संदेह गहराया तो मनोज ने 10 अप्रैल को काकोरी थाने पहुंचकर अपनी पत्नी शालिनी और करन के खिलाफ मां को जहर देकर मारने का आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र दिया।

सूचना के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए शव को कब्र से निकलवाकर पोस्टमार्टम कराने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी, जिसके लिए जिलाधिकारी से अनुमति ली जा रही है।

वहीं, फॉरेंसिक टीम द्वारा साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। गांव में इस घटना को लेकर सनसनी का माहौल है और लोग तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं।

पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और वैज्ञानिक जांच के आधार पर आगे की सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल आरोपी पक्ष की तलाश और पूछताछ जारी है।

# मिनिस्ट्री ऑफ आयुष गठन के बाद बढ़ी आयुष की लोकप्रियता

**अवधनामा ब्यूरो**

- योगी आदित्यनाथ ने यूपी में आयुष विभाग को दिया नया स्वरूप
- आयुर्वेद-योगः स्वस्थ जीवनशैली का आधार

**लखनऊ।** आयुष के अन्तर्गत आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, होम्योपैथी तथा सिद्ध चिकित्सा पद्धतियाँ शामिल हैं। इसमें आयुर्वेद एवं योग पद्धति भारत के ऋषि-मुनियों द्वारा वर्षों के अनुसंधान एवं अनुभव के आधार पर विकसित की गयी है। इसका उल्लेख वेदों विशेषकर अथर्ववेद में मिलता है। माना जाता है कि इसे ब्रम्हा जी ने प्रतिपादित किया, जिसे आगे चलकर ऋषि च्यवन, धनवन्तरी और चरक-सुश्रुत जैसे ऋषियों ने आगे बढ़ाया। आयुर्वेद विश्व के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए एक वरदान है। विश्व में आयुष पद्धतियों को सर्वग्राहय एवं लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से भारत सरकार ने वर्ष 2014 में पृथक विभाग के रूप में आयुष मंत्रालय का गठन किया गया। जिसके उपरान्त वर्ष 2017 में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आयुष विभाग का नये विभाग के रूप में पुर्नगठन किया। इससे पूर्व यह विभाग चिकित्सा शिक्षा विभाग के अन्तर्गत संचालित था। आयुष चिकित्सा पद्धति केवल बीमारियों का इलाज ही नहीं, बल्कि जीवन शैली के माध्यम से स्वास्थ्य को संतुलित रखने पर ध्यान केन्द्रित करती है। वर्तमान में प्रदेश के विभिन्न जनपदों में बहिरंग आयुष डिस्पेन्सरी संचालित है। 2111 आयुर्वेदिक, 254 यूनानी एवं 1,585 से अधिक हॉम्योपैथिक कुल 3,950 आयुष चिकित्सालयों के साथ ही 19 आयुष महाविद्यालय, 08 आयुर्वेदिक, 02 यूनानी एवं 09 होम्योपैथिक कालेज एवं उनसे सम्बद्ध चिकित्सालय संचालित हैं।

# मंत्री राकेश सचान ने की वित्तीय वर्ष 2026-27 की समीक्षा बैठक

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, रेशम, हथकरघा तथा वस्त्रोद्योग, खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान ने वित्तीय वर्ष 2026-27 की योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभागीय बजट का शत-प्रतिशत उपयोग नवंबर 2026 तक हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। शुक्रवार को डालीबाग स्थित खादी ग्रामोद्योग बोर्ड भवन लखनऊ में आयोजित समीक्षा बैठक में मंत्री सचान ने कहा कि जिन विभागीय सेक्शनों की कार्ययोजनाएं अभी तक शासन को नहीं भेजी गई हैं, उन्हें तत्काल प्रेषित किया जाए। साथ ही जिन प्रस्तावों पर कार्यवाही लंबित है, उनकी वित्तीय स्वीकृतियां शीघ्र जारी कराई जाएं, ताकि योजनाओं के क्रियान्वयन में कोई बाधा न आए।

बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि अधिकतम कार्य दिसंबर 2026 तक पूर्ण कर लिए जाएं। इसके लिए मंडल-स्तरीय प्रदर्शनियों एवं जागरूकता कार्यक्रमों का विस्तृत कैलेंडर तैयार कर समयबद्ध तरीके से आयोजन सुनिश्चित किया जाए। मंत्री सचान ने अधिकारियों को सभी योजनाओं के लिए स्पष्ट टाइमलाइन तय करने और उनकी नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजनाओं का समय पर क्रियान्वयन सुनिश्चित कर ही प्रदेश में एमएसएमई, खादी और ग्रामोद्योग क्षेत्र को मजबूती प्रदान की जा सकती है। बैठक में विभागीय अधिकारियों ने विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी और आगामी कार्ययोजना प्रस्तुत की। मंत्री सचान ने सभी योजनाओं को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर प्रमुख सचिव हथकरघा एवं खादी अनिल कुमार सागर, आयुक्त एवं निदेशक उद्योग के. विजेंद्र पांडियन, मुख्य कार्यपालक अधिकारी खादी शिशिर एवं विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# यूनिटी पीजी कॉलेज में मूट कोर्ट प्रतियोगिता आयोजित



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** यूनिटी पी.जी. कॉलेज, लखनऊ की मूट कोर्ट समिति ने 09-10 अप्रैल, 2026 के लिए 'एडवोकेट जावेद मुर्तजा मेमोरियल इंट्रा मूट कोर्ट प्रतियोगिता, 2026' का आयोजन किया है। प्रतियोगिता के लिए कुल 20 टीमों ने पंजीकरण कराया है, प्रत्येक टीम में तीन सदस्य हैं, प्रतियोगिता का निर्णायक मंडल बनाने के लिए विभिन्न स्थानों से प्रैक्टिसिंग वकील और विद्वान शिक्षाविदों को बुलाया गया था।

विजेता टीम में मोहम्मद साद ख़ान, मोहम्मद अर्शिल ख़ान, नबीह हैदर थे, जबकि उपविजेता निकहत जहाँ, अरीबा इश्तियाक़, अतीका परवीन थे। सर्वश्रेष्ठ मेमोरियल का पुरस्कार ज़ारा सिद्दीक़ी, अभिषेक सिंह को मिला और सर्वश्रेष्ठ मूटर का पुरस्कार सैय्यद उम्म ज़ैदी को मिला एवं बेस्ट रिसर्चर का पुरस्कार फ़ातिमा शेख़ को मिला।

मूट कोर्ट प्रतियोगिता संविदा कानून पर आधारित थी। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने वकालत की कला सीखी और राष्ट्रीय न्यायालय के माहौल का अनुभव प्राप्त किया। इस अवसर पर कॉलेज के अध्यक्ष माननीय न्यायमूर्ति इम्तियाज मुर्तजा, उपाध्यक्ष श्रीमती समीना इम्तियाज, समन्वयक सुश्री असमा जावेद, श्री आरिफ़ हसनैन खान, प्राचार्य डॉ. सुनील धवन, विधि विभाग के प्रभारी श्री वी.पी. सिंह, डॉ. ख़ुर्शीद जमील और संकाय सदस्य उपस्थित थे।

## आयुष मंत्री ने विश्व होम्योपैथी दिवस पर दिया संदेश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ दयाशंकर मिश्रा दयालु ने लोगों को केमिकल और साईड इफेक्ट फ्री इलाज से जुड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में सुरक्षित, असरदार और प्राकृतिक इलाज की बढ़ती मांग के बीच होम्योपैथी एक भरोसेमंद विकल्प बनकर उभर रही है। विश्व होम्योपैथिक दिवस (10 अप्रैल) के अवसर पर आयुष मंत्री ने होम्योपैथी की उपयोगिता और महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि होम्योपैथी न केवल एक उपचार पद्धति है, बल्कि यह शरीर की आंतरिक रोग-प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने का माध्यम भी है। इसका मूल सिद्धांत यानी जैसा रोग, वैसी ही दवा है, जो व्यक्ति को जड़ से स्वस्थ करने की दिशा में कार्य करता है। आयुष मंत्री ने कहा कि आज के समय में जब लोग साइड इफेक्ट-फ्री और केमिकल-फ्री इलाज की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं, तब होम्योपैथी एक प्रभावी और सुरक्षित विकल्प के रूप में सामने आ रही है। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे इस पद्धति के प्रति जागरूकता बढ़ाएं और प्राकृतिक जीवनशैली को अपनाते हुए स्वस्थ भारत के निर्माण में योगदान दें।

